राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 79, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 05 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

लोक एवमं जनजातीय संगीत प्रतियोगिता का उद्देश्य है विद्यार्थियों को लोक से जोड़ना .... पेज 03

आर्य समाज ने सबसे पहले घर वापसी से दिया था धर्मांतरण का जवाब : सीएम योगी .... पेज 05

भारत, ऑस्ट्रेलिया की टीमें पहुंची चेन्नई,आठ अक्टूबर को पहली भिड़ंत .... पेज 07

## तमिलनाडु में पटाखा इकाई विस्फोट में चार की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के मयिलादुथुराई जिले के तरंगमबाड़ी तालुक के थिलायाडी गांव में बुधवार को एक पटाखा निर्माण इकाई एवं गोदाम में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 15: 30 बजे गोदाम एवं पटाखा बनाने वाली इकाई में आग लगने के बाद हुए विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि विस्फोट से गोदाम क्षतिग्रस्त हो गया। यह तुरंत पता नहीं चल सका कि मलबे के नीचे कितने लोग फंसे हुए हैं। यहां पुलिस मुख्यालय में प्राप्त रिपोर्टों में



कहा गया है कि विस्फोट में चार लोग मारे गए। घटना में घायल हुए लोगों की सही संख्या का पता लगाया जा रहा है। विस्फोट के बाद वहां भीषण आग लग गई, जिसने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया।

## नेपाल में बवाल-आगजनी...यूपी की सीमाएं सील

बहराइच। यूपी से सटे बहराइच जिले के नेपाल बॉर्डर पर तनावपूर्ण माहौल है। यहां नेपाल के बांका जिले में सद्भावना रैली के दौरान बवाल हो गया है। चारों तरफ हिंसा हो रही है। उपद्रवी दुकानों-गाड़ियों को आग लगा रहे हैं। आने-जाने वालों से मारपीट की जा रही है। उपद्रवियों को काबू करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। यही नहीं, भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोली चलाई गई। इस हिंसा में अब तक 13 लोग घायल हो चुके हैं। जिसमें कुछ की हालत गंभीर है।

# सिक्किम में बादल फटा

### 22 जवान समेत 69 लोग लापता, 8 की मौत





गंगटोक। सिक्किम में मंगलवार देर रात बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने की वजह से 8 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 69 लोग लापता हो गए। इनमें सेना के 22 जवान हैं। मामले में पाक्योंग के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ताशी चोपेल ने सभी जवानों के मौत की आशंका जताई है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

नदी से लगे इलाके में ही आर्मी कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आने के बाद बह गया और यहां खड़ी 41 गाड़ियां डूब गईं। आसपास के 4 हजार लोगों को 5 राहत शिविरों में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। बाढ़ की वजह से राज्य को देश से जोड़ने वाला नेशनल हाईवे एनएच-10 भी बह गया। इसकी वजह से आवागमन की सुविधा बंद हो गई है।

डिफेंस PRO के मुताबिक, ल्होनक झील के ऊपर देर रात करीब डेढ़ बजे के आसपास बादल फटा, इसके बाद लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई। नदी का जलस्तर अचानक 15 से 20 फीट तक बढ़ गया। इसके बाद नदी से लगे आसपास के इलाकों में पानी भर गया। कई घरों में भी नदी का पानी घुस आया। लोग घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों में चले गए।

सिक्किम में बादल फटने के बाद पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग में भी बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। राज्य के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने बताया- तीस्ता बैराज से तीन शव बरामद किए गए हैं। उनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की स्थिति जानने के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बातचीत की। उन्हें मदद देने का आश्वासन दिया।

### रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

गुवाहाटी के डिफेंस पीआरओ ने बताया कि हादसे के बाद सेना के लापता जवानों की तलाशी के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। स्थानीय प्रशासन भी अपने स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। हालांकि जानमाल के नुकसान को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### एनडीआरएफ की टीम तैनात

एनडीआरएफ ने सिक्किम के सिंगतम से 7 लोगों को बचाया जहां बादल फटने से बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई थी।

एनडीआरएफ की एक टीम गंगटोक में और दो टीमें पश्चिम बंगाल के सिक्किम से सटे इलाकों में तैनात हैं।

### 16 जून को भी बादल फटा था

इससे पहले सिक्किम में 16 जून को भी बादल फटा था। यहां के पेक्योन्ग में जमीन खिसकने और फिर बादल फटने से घरों में पानी भर गया था। कई लोग इससे प्रभावित हुए थे।

### नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

भारतीय मौसम विभाग ने 4 और 5 अक्टूबर के लिए पूर्वी और नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा शामिल हैं।

# उज्ज्वला सिलेंडर पर सब्सिडी रु 200 से बढ़कर रु 300

### 14.2 किलो वाले सिलेंडर की भोपाल में कीमत रु 608, दिल्ली में रु 603

**फ्री में मिलता है गैस सिलेंडर और चूल्हा**

योजना के तहत लाभार्थियों को पहली बार में गैस सिलेंडर और गैस चूल्हा फ्री में दिया जाता है। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है। अब तक देश में 9.6 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं। अगस्त में कैबिनेट ने योजना के तहत 75 लाख लाभार्थियों को और जोड़ने की मंजूरी दी थी।

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार 4 अक्टूबर को उज्ज्वला योजना में 14.2 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर पर मिलने वाली सब्सिडी को 200 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए करने की घोषणा की। भोपाल में सब्सिडी के साथ यह सिलेंडर पहले 708 रुपए में मिल रहा था, अब 608 रुपए में मिलेगा।

उज्जवला योजना के तहत अब तक देश में 9.6 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इस स्कीम को 1 मई 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया में लॉन्च किया गया था। इस योजना की सब्सिडी पर वित्त वर्ष 2022-23 में 6,100 करोड़ खर्च हुए थे।

### उज्ज्वला योजना में आवेदन करने के लिए जरूरी पात्रता

आवेदक महिला होनी चाहिए।

महिला की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

महिला बीपीएल परिवार से होनी चाहिए।



महिला के पास बीपीएल कार्ड तथा राशन कार्ड होना चाहिए।

आवेदक के परिवार के किसी सदस्य के नाम पर LPG कनेक्शन नहीं होना चाहिए।

# ईडी की छापेमारी, आप सांसद संजय सिंह गिरफ्तार

### दिल्ली आबकारी केस में ईडी ने 10 घंटे छापेमारी की



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को ईडी ने अरेस्ट कर लिया है। उनके दिल्ली वाले घर पर बुधवार सुबह 7 बजे ईडी की टीम पहुंची थी। 10 घंटे तक चली इस छापेमारी के बाद गिरफ्तारी हुई। बताया जा रहा है कि करीब 7-8 अधिकारी आबकारी नीति केस के सिलसिले में छानबीन कर रहे थे। आबकारी नीति केस की चार्जशीट में संजय सिंह का भी नाम है। इस केस में मनीष सिसोदिया जेल में हैं।

ईडी की कार्रवाई को लेकर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा- इस केस में 1000 रेड पड़ चुकी हैं। संजय सिंह के घर पर कुछ नहीं मिलेगा। 2024 के चुनाव आ रहे हैं और वे जानते हैं कि वे हारेंगे। ये उनकी हताशा भरी कोशिशें हैं। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएगा, ईडी, सीबीआई जैसी सभी एजेंसियां सक्रिय हो जाएंगी।

इस बीच, दिल्ली में बीजेपी ने आप के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। भाजपा के कार्यकर्ता अब तो ये स्पष्ट है, केजरीवाल भ्रष्ट है, नारे वाले पोस्टर लेकर सड़क पर उतरे। प्रदर्शनकारियों की मांग है केजरीवाल को सीएम पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### राघव बोले- ईडी को कोई सबूत नहीं मिला

आप सांसद नेता राघव चड्ढा ने कहा- पिछले पंद्रह महीनों से भाजपा आप कार्यकर्ताओं पर शराब घोटाले का आरोप लगा रही है। पिछले 15 महीनों में उसने ईडी और सीबीआई से 1000 स्थानों पर छापे मारे हैं। किसी भी एजेंसी को एक भी पैसा नहीं मिला। यह हताश बीजेपी है जो आगामी चुनाव हारने वाली है, इसलिए वे डर के मारे ऐसा कर रहे हैं। संजय सिंह के घर मारे गए छापे में भी ईडी को एक भी पैसा नहीं मिला होगा, उन्हें कोई सबूत नहीं मिला, क्योंकि जब कोई घोटाला नहीं हुआ तो क्या मिलेगा।

## मोदी के भ्रष्टाचार के खिलाफ देश की सबसे बुलंद आवाज हैं संजय : केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भ्रष्टाचार के खिलाफ संजय सिंह देश की सबसे बुलंद आवाज हैं और यही इनको बर्दाश्त नहीं हो रहा था। सिंह की गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ देर रात घर जाकर उनके परिवार से मुलाकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी को यह गलतफहमी है कि इन गिरफ्तारियों से हम डर और झुक जाएंगे। हम इससे डरने-झुकने वाले लोग नहीं हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सिंह का सारा घर छान मारा, लेकिन कुछ नहीं मिला। इसके बाद भी उनको गिरफ्तार किया गया।

# वाराणसी में सड़क हादसा, 8 की मौत

### पीलीभीत से अस्थि विसर्जित करने आया था 2 परिवार, कार में सिर्फ 5 साल का बच्चा जिंदा बचा

वाराणसी/पीलीभीत। वाराणसी में बुधवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हुआ। जिसमें 8 लोगों की मौत हुई है। फूलपुर के करखियांव में सुबह 4.30 बजे अर्टिगा कार आगे चल रही ट्रक में जा घुसी। हादसे में 5 साल के बच्चे को छोड़कर कार सवार 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 परिवार के लोग हैं। जो अपने परिवार के किसी सदस्य की अस्थि विसर्जित करने वाराणसी गए थे। लौटते समय वाराणसी-जौनपुर हाईवे पर हादसा हो गया। हादसे के शिकार सभी पीलीभीत के रहने वाले थे।

मृतकों में पीलीभीत के थाना माधोटांडा स्थित रुद्रपुर निवासी विपिन



यादव (28) और इनकी मां गंगा यादव हैं। रुद्रपुर के ही महेंद्र वर्मा (35) और इनकी पत्नी चंद्रकली (32) की भी मौत हुई है।

महेंद्र वर्मा के भाई दामोदर वर्मा (32), दामोदर की पत्नी निर्मला देवी (28) की मौत हुई है। दामोदर का 5 साल का बेटा शांति स्वरूप घायल है। उसे वाराणसी में भर्ती कराया गया है। हालत खतरे से बाहर है।

वहीं, माधोटांडा के धरमगदपुर निवासी राजेंद्र यादव ने भी दम तोड़ा है। पूरनपुर थाना के पिपरिया दुलई निवासी ड्राइवर अमन की भी मौत हुई है। वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने बताया कि शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर उनके घर वालों के सौंपा जाएगा।

### कार के पार्ट्स काटे, राड से दरवाजा तोड़ा... फिर शव निकाला

कार इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है कि शव उसी में फंसे रह गए। आसपास के गांव के लोग पहुंचे तो शव निकालने की कोशिश की। आसानी से शव नहीं निकल पाए।

कुछ लोगों के शव कार की डिक्गी की साइट से निकाले गए तो आगे और बीच में बैठे लोगों के शव कार के पार्ट्स काट कर निकालने पड़े। लोहे की राड से दरवाजे को तोड़ा गया। फिर जाकर कार सवार सभी नौ लोगों को निकाला गया। आठ की मौके पर ही मौत हो गई थी, एक बच्चा घायल है। उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

**हादसे पर सीएम योगी ने जताया शोक**

हादसे पर सीएम योगी ने शोक जताया है। योगी आदित्यनाथ ऑफिस के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट कर यह जानकारी दी गई है। लिखा- सीएम योगी ने जनपद वाराणसी में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। सीएम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के अच्छे इलाज के लिए कहा है। उन्होंने बाबा विश्वनाथ से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

# सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में हिजबुल के दो आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिद्दीन के दो स्थानीय आतंकवादी मारे गये।

पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद कुलगाम के कुज्जर इलाके में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम एक विशेष स्थान पर पहुंची जहां छिपे हुए आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने



प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की। पुलिस ने कहा, मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादी मारे गए। कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि मारे गए दोनों लोग कुलगाम जिले के निवासी और हिजबुल से जुड़े हुए थे। पुलिस ने एक्स पर पोस्ट में एडीजीपी के हवाले से कहा गया, मारे गए आतंकवादियों की पहचान फ्रिसल के बासित अमीन भट और हवूरा, कुलगाम के साकिब अहमद लोन के रूप में की गई है। ये दोनों प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन एचएम से जुड़े हुए थे।

उन्होंने कहा कि मुठभेड़ स्थल से दो एके राइफल सहित आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले चार दिनों में कश्मीर में यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 30 अक्टूबर को, उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में घुसपैठ विरोधी अभियान में री हथियारों से लैस दो आतंकवादी मारे गए थे।

**प्रार्थना**





जम्मू में स्कूली छात्रों ने सिक्किम में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में लापता हुए 23 सैन्यकर्मियों के लिए प्रार्थना की।

**विदेशी फंडिंग**

### चाइनीज फंडिंग केस में हुई थी गिरफ्तारी; वेबसाइट ने कहा- हम चीन का प्रचार नहीं करते

# न्यूजक्लिक फाउंडर और एचआर हेड 7 दिन की रिमांड पर

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर की रात न्यूजक्लिक वेबसाइट के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था। 4 अक्टूबर की सुबह उन्हें 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। न्यूजक्लिक पर विदेशी फंडिंग लेने का आरोप है।

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार सुबह न्यूजक्लिक से जुड़ी 30 से ज्यादा लोकेशंस पर छापेमारी की थी। पुलिस ने बताया कि 9 महिलाओं समेत 46 लोगों से पूछताछ की गई। इनमें पत्रकार उर्मिलेश, औनिंद्यो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, प्रांजय गुहा के अलावा इतिहासकार सोहेल हाशमी भी शामिल हैं। करीब 6 घंटे की पूछताछ के बाद इन्हें छोड़ दिया गया।

पुलिस ने पत्रकारों से उनकी विदेश यात्रा, दिल्ली के शाहीन बाग में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, किसान आंदोलन सहित विभिन्न मुद्दों से जुड़े 25 सवाल पूछे। पत्रकारों का आरोप है कि उनका लैपटॉप और मोबाइल जब्त कर लिया गया।

### पॉलिटिकल पार्टियों और एडिटर्स गिल्ड ने छापेमारी का विरोध किया

कांग्रेस, आप और सपा ने छापेमारी की आलोचना की। विपक्षी



गठबंधन ने कहा कि सरकार सच दबाने की कोशिश कर रही है। वहीं, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भुवनेश्वर में एक सभा में कहा कि देश में जांच एजेंसियां स्वतंत्र हैं और कानून के मुताबिक काम करती हैं।

एडिटर्स गिल्ड और प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने भी छापेमारी का विरोध किया। एडिटर्स गिल्ड ने कहा कि यह कार्रवाई मीडिया पर लगाम लगाने का एक और प्रयास है। कठोर कानूनों का इस्तेमाल डराने-धमकाने या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने के लिए नहीं होना चाहिए।

### यूएपीए के तहत दर्ज किया गया था केस

5 अगस्त को न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट जारी कर बताया था कि न्यूजक्लिक को एक अमेरिकी अरबपति नोवेल रॉय सिंघम ने फाइनेंस किया था। वे चीनी प्रोपेगैंडा को बढ़ावा देने के लिए भारत समेत दुनियाभर में संस्थाओं को फंडिंग करते हैं।

इस रिपोर्ट के आधार पर 17 अगस्त को न्यूजक्लिक के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इनके खिलाफ आईपीसी की धारा 153 (ए) (धर्म, जाति के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के साथ-साथ यूएपीए की कई धाराएं (13, 16, 17, 18 और 22) भी लगाई गई हैं।

धारा 16- आतंकी मामलों से जुड़ी, धारा 17- आतंकी गतिविधियों के लिए फंडिंग जुटाना, धारा 18- षड्यंत्र की सजा, धारा 22 सी- कंपनियों द्वारा किए गए अपराध की सजा है।

# अंडमान, लक्षद्वीप, दादर नगर हवेली में किरायेदारी के संशोधित नियम लागू होंगे

### इससे विनियम किराये के बाजार में निजी निवेश और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, दादरा नगर हवेली तथा दमन और दीव तथा लक्षद्वीप में किरायेदारी विनियमन 2023 को लागू करने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दी ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह किरायेदारी विनियमन 2023, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव किरायेदारी विनियमन, 2023 तथा लक्षद्वीप किरायेदारी विनियमन, 2023 को लागू करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। यह स्वीकृति संविधान के अनुच्छेद



240 के अंतर्गत दी गयी। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मंत्रिमंडल ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, दादरा नगर हवेली तथा दमन और दीव किरायेदारी विनियमन और लक्षद्वीप किरायेदारी विनियमन, मकान मालिक और किरायेदार दोनों के हितों और अधिकारों को संतुलित करके केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, दादरा और नगर हवेली तथा दमन दीव और लक्षद्वीप में किसी परिसर को किराए पर देने के लिए जवाबदेह और पारदर्शी व्यवस्था को कानूनी ढांचा प्रदान करेंगे।

सरकार का मानना है कि इससे विनियम किराये के बाजार में निजी निवेश और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, प्रवासियों, औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों, पेशेवरों, छात्रों आदि सहित समाज के विभिन्न आय वर्गों के लिए पर्याप्त किराये के आवास उपलब्ध हो सकेंगे।

## प्रियंका गांधी गुरूवार को मोहनखेड़ा में आमसभा को संबोधित करेंगी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी गुरूवार 05 अक्टूबर को एक दिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान धार जिले के मोहनखेड़ा में जनसभा को संबोधित करेंगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि श्रीमती प्रियंका गांधी धार जिले के मोहनखेड़ा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के साथ एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगी। इस दौरान गांधी धार जिले के मोहनखेड़ा में अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगी।





# शार्ट न्यूज

## कश्मीर से अग्निवीरों का पहला जत्था भारतीय सेना में शामिल

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की कश्मीर घाटी से अग्निवीरों का पहला जत्था बुधवार को भारतीय सेना में शामिल हो गया। सेना के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि अग्निवीरों के पहले बैच के लिए मंगलवार को जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट (जेएकेएलआई) केंद्र श्रीनगर में पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। युवा अग्निवीरों की भर्ती सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) श्रीनगर के माध्यम से की गई थी, जिन्होंने एक भव्य समारोह में पासिंग आउट परेड में भाग लिया। इस समारोह में अग्निवीरों के माता-पिता भी उपस्थित थे। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर लिखा, भारतीय सेना की जेएकेएलआई का हिस्सा बनने के लिए कश्मीर से अग्निवीरों के पहले बैच के लिए पासिंग आउट परेड मंगलवार को जेएकेएलआई श्रीनगर में आयोजित की गई है। गौरवान्वित पल को महसूस करने के लिए अग्निवीरों की माता-पिता भी उपस्थित थे।

## चमोली पुलिस ने एक किलो से अधिक चरस पकड़ी, तस्कर को किया गिरफ्तार

चमोली। उत्तराखंड के चमोली में नशा तस्कारों के खिलाफ अपने एक अभियान में पुलिस को बडी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने मंगलवार को नशा तस्कर से एक किलो 11 ग्राम अवैध चरस बरामद की है, जिसकी कीमत एक लाख रुपए से अधिक आंकी गयी है। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रीमती रेखा यादव ने बताया कल देवाल में इछोली गदेरे के समीप जयवीर राम (22) पुत्र प्रेम राम ग्राम बलान पटवारी वृत जैन बिष्ट तहसील थराली के कब्जे से पुलिस ने एक किलो 11 ग्राम अवैध चरस बरामद की, जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपए से अधिक आंकी गयी है। पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता में बताया पकड़ी गई चरस बरामदगी के आधार पर आरोपी के मामला दर्ज कर लिया गया है। चरस की बड़ी मात्रा में बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी पर इस कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम की सराहना करते हुये पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु टीम को 1500 रुपए का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गयी। पुलिस अधीक्षक यादव ने कहा चमोली में अवैध नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा, नशे का काला कारोबार कर युवाओं को बर्बाद करने वालों के खिलाफ हमारी टीमें लगातार सक्रिय है।

## एसवाईएल मामले में पंजाब न समझे कि हरियाणा में कमजोर सरकार है: दीपेंद्र

चंडीगढ़। कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने सतलुज यमुना लिंक नहर (एसवाईएल) को लेकर पंजाब सरकार को हरियाणा के हितों के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश न करने की चेतावनी दी है और कहा है कि उच्चतम न्यायालय इस मामले में हरियाणा के पक्ष में अंतिम फैसला दे चुका है। हुड्डा ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि पंजाब अगर अदालत के इस फैसले का सम्मान नहीं करता है तो हरियाणा सरकार को इसके लिये अवहेलना का मामला दाखिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मनोहर लाल सरकार खुद को कमजोर न समझे, इस मामले में हम उनके साथ खड़े हैं और कोई राजनीतिक मतभेद नहीं हैं। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा अपने हक का एक बूंद भी पानी नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय का फैसला आने के बाद अब केंद्र सरकार तथा पंजाब सरकार को इसका पालन करना है। हरियाणा के पक्ष में उच्चतम न्यायालय के फ़ैसले और सर्वदलीय बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री से समय लेने की बात तय होने के बावजूद राज्य सरकार ने हरियाणा को पानी दिलाने की दिशा में ठोस क़दम आगे नहीं बढ़ाया।

## आलनियां बांध में चंबल नदी का पानी ड़ालने की मांग

कोटा। पूर्व संसदीय सचिव भवानी सिंह राजावत ने राज्य सरकार से चम्बल नदी की दाईं मुख्य नहर से उम्मेदगंज के यहां से डायवर्जन चौनल बनाकर आलनियां की नहरों मे चम्बल का पानी डालने की मांग की है। राजावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर अवगत करवाया कि लाडपुरा विधानसभा मे केबल नगर के समीप आलनियां बांध का निर्माण 1962 मे हुआ था और इस बांध के माध्यम से 36 से अधिक गांव की 5636 हैक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होती हैं जिसके लिए 75 किलोमीटर लम्बी आलनियां बांध की नहरें हैं। इस साल बरसात कम होने से स्थिति विकट हो गई हैं। पानी के अभाव में फ़सले सूख रही हैं। उन्होनें सरकार से मांग की हैं कि चम्बल की दाईं मुख्य नहर से उम्मेदगंज के यहां से डायवर्जन चौनल बनाकर आलनिया की नहरों मे चम्बल का पानी डाला जाएं। राजावत ने पत्र में कहा कि बरसात में चम्बल का लाखों क्यूसेक पानी बैराज से छोड़ा जाता हैं जो व्यर्थ मे बहकर समुद्र में चला जाता हैं।

## मंदिर से मूर्ति हटायी, कबाडी की दुकान में आगजनी

भीलवाड़ा। राजस्थान में शाहपुरा जिले के जहाजपुर थाना क्षेत्र के संतोष नगर में भैरूनाथ मंदिर की मूर्तियों को हटाकर मंदिर के पीछे ही कब्रिस्तान की दीवार के पास फैंकने का मामला सामने आया हैं पुलिस सूत्रों के अनुसार, जहाजपुर थाने से कुछ दूरी पर बीती रात एक के बाद एक तीन घटनायें हुई। इनमें भैंरूनाथ मंदिर से मूर्तियां हटाकर पीछे ही कब्रिस्तान की दीवार के पास फैंक दी गई। इसके अलावा कबाड़ी के बाड़े में रखी कुर्सियों एवं चाय की केबीन के वहां रखे कैरेट में आग लगा दी गई। आगजनी की खबर लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। वहीं फैंकी गई मूर्तियों को पुन: मंदिर में रखवाया। इसे लेकर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर एक संदिग्ध को इस घटना का जिम्मेदार मानते हुये डिटेन किया है। यह संदिग्ध मानसिक रूप से विक्षिप्त है। इससे प्रारंभिक पूछताछ हुई तो उसने बताया कि बीड़ी पीने से आग लग गई।

## अतिपिछड़ा समाज का आक्रोश झेलने के लिए तैयार रहे भाजपा : जदयू

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अतिपिछड़ों को जूते की नोक पर रखने का आरोप लगाया और चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा आने वाले चुनावों में अतिपिछड़ा समाज का आक्रोश झेलने के लिए तैयार रहे। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने बुधवार को भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि जिन अतिपिछड़ों को भाजपा के नेता हमेशा जूते की नोक पर रखने की कोशिश करते रहे थे, आज जातिगत गणना में उनके बहुसंख्यक होने से उन नेताओं के चेहरों पर अब हवाइयां उड़ने लगी हैं। एक ही दिन में इनकी जुबान और रंगत सब बदल गये हैं। जिस जातिगत गणना को रोकने के लिए भाजपा ने एड़ी चोटी का जोड़ लगा दिया था आज इनके नेता छाती पीट-पीट कर उसके समर्थक होने की नौटंकी करने लगे हैं। श्री रंजन ने कहा कि भाजपा यह जान ले कि अतिपिछड़ा समाज भले ही गरीब हो लेकिन अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं करता। अतिपिछड़े समाज का बच्चा-बच्चा भाजपा की अतिपिछड़ा विरोधी मानसिकता को जान चुका है।

## हेमंत सोरेन का होटवार जेल कर रहा इंतजार

रांची। भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज अपनी 56वीं संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोला। मरांडी कल पूर्वाह्न में छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिबू सोरेन के बेटा हैं,हम किसी से डरते नहीं। हेमंत है तो हिम्मत है,सब नारे निरर्थक साबित हुए। आज मुख्यमंत्री को लूट और भ्रष्टाचार पर पूछने केलिए ईडी बार बार बुला रही और हेमंत सोरेन भागे भागे फिर रहे। लाख भाग दौड़ कर लें लेकिन होटवार जेल का कमरा उनकी बेसब्री से इंतजार कर रहा। कई साथी सहयोगी पहले से वहां पहुंच चुके हैं। मरांडी ने कहा कि राज्य की बागडोर जनता ने उन्हें लूटने केलिए नही दिया था ।लेकिन आज राज्य में कोयला,बालू,पत्थर, लोहा सबकी लूट मची है। हेमंत सोरेन और उनका परिवार स्वयं जमीन की लूट में शामिल है। नाम बदल, बदल कर लूटा है। कहा कि आम आदमी को घर बनाने केलिए बालू नही मिल रहा लेकिन दलाल, लुटेरे बालू को मुंबई,कोलकाता ,दिल्ली भेज रहे।

# लैंड फॉर जॉब्स केस में लालू-राबड़ी और तेजस्वी को जमानत

## बेल दी तो प्रभावित हो सकती है जांच; अब 16 अक्टूबर को सुनवाई

पटना। लैंड फॉर जॉब्स मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट से मामले में लालू, तेजस्वी, राबड़ी देवी को जमानत मिल गई है। 50 हजार के मुचलके पर सभी को नियमित जमानत दी गई है।

अब 16 अक्टूबर को इस मामले में सुनवाई होगी। इस दिन से मामले में सुनवाई शुरू की जाएगी।

सीबीआई ने जमानत का विरोध कर हुए कहा था कि सभी आरोपी बड़े पद पर हैं। ये केस को प्रभावित कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि हमें ऐसा कुछ नहीं लगता। लालू, राबड़ी और तेजस्वी के साथ मीसा भारती भी कोर्ट पहुंची थीं। इधर, दिल्ली पहुंचने पर लालू यादव ने कहा था कि सुनवाई होती रहती हैं...हमने कोई ऐसा काम नहीं किया है जिससे हमें डरना पड़े।



तेजस्वी यादव का भी बयान सामने आया है उन्होंने कहा कि मोदी जी के राज में जो सच बोलेगा उसके ऊपर तो कार्रवाई होती ही है...ये एजेंसियों और पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं।

दरअसल, 22 सितंबर को सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव समेत 17 आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया था। सभी को 4 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने को कहा था।

लैंड फॉर जॉब्स केस में कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ दायर चार्जशीट भी कोर्ट ने मंजूर कर ली है। उनके खिलाफ भी केस चलेगा। सीबीआई ने पहली बार बिहार के डिप्टी ष्टरू तेजस्वी यादव को आरोपी बनाया है।

### ये सब चलता रहेगा, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता है- तेजस्वी यादव

डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा है कि ये कोई पहला और आखिरी मामला नहीं है। ये सब चलता रहेगा। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। इन सब मामलों में कोई दम नहीं है।

सुशील मोदी ने कहा है कि लैंड फॉर जॉब्स केस में कोई बच नहीं पाएगा। ललन सिंह ने पुख्ता सबूत दिए हैं।

इससे पहले सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि तीन रेल अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने की इजाजत गृह मंत्रालय से मिल गई है।

## बदमाशों ने मकान में घुसकर 40 लाख की नकदी सहित सोने चांदी के जेवरात लूटे

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा शहर में भीमगंज थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक मकान से 40 लाख रुपये की नकदी सहित लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात लूट लिये। पुलिस के अनुसार, तेजाजी चौक क्षेत्र में रहने वाली मैमुना बानो 75 बुधवार दोपहर घर में अकेली थी। इस दौरान चार नकाबपोश बदमाश उसके मकान में घुस आये। इन बदमाशों ने मैमुना बानो का मुंह दबा दिया, ताकि वह शोर न मचाये। इसके बाद बदमाशों ने आलमारी खोलकर सार-संभाल की। बताया गया है कि ये लुटेरे आलमारी में रखे 40 लाख रुपये नकद, 6 किलो चांदी और 20 से 25 तोला सोना लूटकर फरार हो गये। बदमाशों के भागने के बाद महिला ने शोर मचाया। आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और महिला से जानकारी लेते हुये पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों को पकडऩे के लिए नाकाबंदी करवाई।

## पर्वतारोही मिलम ग्लेशियर तक बिना अनुमति पत्र के कर सकेंगे यात्रा

एजेंसी

**नैनीताल।** उत्तराखंड के मिलम ग्लेशियर की यात्रा पर जाने वाले पर्यटक और पर्वतारोहियों के लिये अच्छी खबर है। अब पर्वतारोही पिथौरागढ़ के मिलम ग्लेशियर तक बिना अनुमति पत्र के यात्रा कर सकेंगे। गृह मंत्रालय की ओर से इसकी अनुमति दी गयी है।

भारत तिब्बत सीमा पुलिस के 14वीं वाहिनी के उप सेनानी रोविन कुमार की ओर से पिथौरागढ़ की जिलाधिकारी रीना जोशी को लिखे गये पत्र में गृह मंत्रालय के शासनादेश का हवाला देते हुए कहा गया कि मिलम गांव और मिलम ग्लेशियर तक की यात्रा के लिये अनुमति पत्र की आवश्यकता नहीं है।

आगे कहा गया है कि इनर लाइन से आगे की यात्रा के लिये इनर लाइन परमिट की आवश्यकता होगी। पत्र में यह भी कहा गया है कि उक्त आदेश के अनुपालन के संबंध में भारत-चीन सीमा पर वाहिनी के एओआर में तैनात समवाय को जानकारी दे दी गयी है।



यहां बता दें कि इससे पहले पर्यटकों और पर्वतारोहियों को मिलम गांव और मिलम ग्लेशियर तक की यात्रा के लिये शासनादेश के विपरीत अनुमति पत्र के बिना यात्रा की अनुमति नहीं थी। मुनस्यारी के उप जिलाधिकारी की ओर ग्रामीणों के विरोध के बाद एक पत्र लिखा गया था। पत्र में कहा गया कि इससे उच्च हिमालयी क्षेत्र में पर्यटन प्रभावित हो रहा है।

मुनस्यारी के जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह मर्तोलिया ने इस आदेश पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे सीमांत पर्यटन को बढ़ावा मिल सकेगा।

## भाजपा ने बंगाल की आवाज को दबाने में सभी हदें पार की : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, अब केंद्र सरकार बंगाल की आवाज को दबाने के लिए सभी हदें पार कर चुकी है।

बनर्जी ने मंगलवार रात सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, आज लोकतंत्र के लिए एक काला, भयावह दिन है, एक ऐसा दिन जब भाजपा ने बंगाल के लोगों के प्रति अपने तिरस्कार, गरीबों के अधिकारों की उपेक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के पूर्ण परित्याग का खुलासा किया। उन्होंने कहा, सबसे पहले, निर्दयतापूर्वक बंगाल के गरीबों



के लिए महत्वपूर्ण धनराशि रोक दी और जब हमारा प्रतिनिधिमंडल शांतिपूर्वक विरोध करने और हमारे लोगों की दुर्दशा पर ध्यान आकर्षित करने के लिए दिल्ली पहुंचा, तो उनके साथ पहले राजघाट पर और फिर कृषि भवन में क्रूरता की गई।

## नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के जुर्म में दो किशोरों को मौत की सजा

**अगरतला।** उत्तरी त्रिपुरा में यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को उच्च माध्यमिक स्तर के दो छात्रों को दोषी ठहराया और जून 2019 में एक नाबालिग लड़की पर आपराधिक हमला करने तथा उसकी हत्या करने के लिए मौत की सजा सुनाई।

दोषी सौरव चंद्र नाथ बारहवीं कक्षा का छात्र था और उसका दोस्त दिबाकर दास पद्मपुर एचएस स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा में था जब उन्होंने अपराध को अंजाम दिया था।

घटना के दो दिन बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था और पूछताछ में दोनों ने कबूल किया था कि उन्होंने



लड़की की हत्या करने से पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था। विशेष न्यायाधीश अंगशुमन देव वर्मा की अदालत ने लंबी सुनवाई के बाद पुलिस द्वारा प्रस्तुत सबूतों और 41 गवाहों की गवाही दर्ज करने के आधार पर उन्हें मौत की सजा सुनाई। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए इस घटना को 'दुर्लभ से दुर्लभतम' अपराध करार दिया।

विवरण के अनुसार, 17 जून, 2019 की शाम को त्रिपुरा के उत्तरी शहर धर्मनगर के पद्मपुर से छह वर्षीय एक नाबालिग लड़की लापता हो गई थी। पीड़ित लड़की और उसकी मां सौरव के घर के बगल में रहती थीं। वह वहां अकेले रह रहे थे क्योंकि उनके शिक्षक पिता कंचनपुर में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहते थे।

पीड़िता की मां कैलाशहर के मुर्तिचेर्रा चाय बागान की रहने वाली है और घरेलू सहायिका के रूप में काम करती है।

वह उसे घर में अकेला छोड़कर काम पर चली गई। शाम को जब वह वापस लौटी तो अपनी बेटी को गायब पाया। आसपास की जगहों पर तलाश करने के बाद वह देर रात सौरव के साथ गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन गई।

अगली सुबह हाफलोंग चाय बागान के ग्रामीणों ने लड़की का शव नाले में पड़ा देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने शव बरामद किया और उसकी मां ने इसकी पहचान की। बाद में पुलिस ने सौरव पर शक करते हुए उसे उठाया और पूछताछ के दौरान उसने अपराध स्वीकार कर लिया और दिवाकर के नाम का भी खुलासा किया।

अदालत ने उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 376, 376डी और 302 के तहत दोषी ठहराया।

## ईडी ने अभिषेक को नौ अक्टूबर को तलब किया

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस (तृकां) के महासचिव अभिषेक बनर्जी से नौ अक्टूबर को उसके अधिकारियों के समक्ष पूछताछ के लिए तलब किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा, ''हमारे अधिकारी स्कूल भर्ती घोटाला मामले में नौ अक्टूबर को अभिषेक से और 11 अक्टूबर को उनकी पत्नी रुजिरा से पूछताछ करेंगे।

दोनों से यहां हमारे राष्ट्रीय राजधानी के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पूर्व ईडी ने तृणमूल कांग्रेस के नेता के माता-पिता अमित और लता



बनर्जी को इसी मामले में इस सप्ताह उसके अधिकारियों के समक्ष पेश होने के लिए तलब किया था।

बनर्जी को मंगलवार (03 अक्टूबर) को राष्ट्रीय राजधानी में ईडी के सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय में पेश होने के लिए बुलाया गया था, लेकिन डायमंड हार्बर के सांसद बनर्जी कथित तौर पर केंद्र सरकार द्वारा बंगाल के लिए 100 दिनों की नौकरी निधि और अन्य केंद्र सहायता प्राप्त योजनाओं को अवरुद्ध किये जाने के विरोध में नई दिल्ली में पार्टी के आंदोलन में भाग ले रहे थे और इस कारण वह कल उपस्थित नहीं हो पाये।

डायमंड हार्बर के सांसद के अधिवक्ता ने कल एकल पीठ के आदेश के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ का रुख किया, जिसमें ईडी से कहा गया था कि वह मंगलवार के समन को छोड़ने के लिए श्री बनर्जी के कथित बयान के मद्देनजर जांच में बाधा न डालें और वह 02 और 03 अक्टूबर को नई दिल्ली में ही रहेंगे। न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति उदय कुमार की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बनर्जी के अधिवक्ता किशोर दत्ता से पूछा था कि क्या उनके मुवक्किल (बनर्जी) ने ईडी को आधिकारिक तौर पर सूचित किया था कि क्या वह उपस्थित नहीं हो पाएंगे। अदालत के सूत्रों ने कहा कि यह समन उनके राजनीतिक कार्यक्रमों के कारण है।

## जिला मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक हुई

सिरसा। हरियाणा में सिरसा जिले के अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बुधवार को स्थानीय लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में मच्छर जनित रोगों को लेकर डिस्ट्रिक्ट लेवल मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों पुलिस, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, जिला सूचना अधिकारी, शिक्षा, महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन, जेल अधीक्षक, जिला कारागार के अधिकारियों ने भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को मच्छर जनित रोगों से बचाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कह कि सभी विभाग स्वास्थ्य विभाग से तालमेल करते हुए काम करें। इसके अलावा आमजन को अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने तथा जलभराव न होने देने के लिए प्रेरित करें।

## सहायक उप निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

चंडीगढ़। राज्य में भ्रष्टाचार को रोकने के मद्देनज़र किये जा रहे निरंतर प्रयासों के अंतर्गत पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने बुधवार को ज़िला मालेरकोटला के थाना सन्दौड़ में तैनात सहायक उप निरीक्षक (ए.एस.आई.) हरजिन्दर सिंह को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ़्तार किया।

सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि ए.एस.आई. हरजिन्दर की गिरफ़्तारी मलेरकोटला के गाँव झुनेर के निवासी सन्दीप सिंह सोनू द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी उपनिरीक्षक ने नशीले पदार्थ रखने के शक के अंतर्गत उसके घर की तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान हालाँकि कोई भी ग़ैर-कानूनी पदार्थ घर से बरामद नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद ए.एस.आई. ने शिकायतकर्ता को एन.डी.पी.एस. कानून का मामला दर्ज होने से बचने के लिए सात हजार रुपए रिश्वत के तौर पर देने के लिए ज़ोर डाला। धमकियों से डरते और मसले को निपटाने के इरादे से शिकायतकर्ता झिझकते हुये मजबूरन पांच हजार रुपए रिश्वत देने के लिए राज़ी हो गया।

शिकायत मिलने पर सतर्कता ब्यूरो रेंज लुधियाना की आर्थिक अपराध शाखा (ई. ओ. डब्ल्यू.) ने प्राथमिक जांच की और आरोपी एएसआई को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से पांच हजार रुपए रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## माउंट आबू में पर्यटक जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे

माउंट आबू। राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थल माउंट आबू में देश विदेशों से आने वाले सैलानी भी अब जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे।

वन पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री हेमाराम चौधरी ने माउंट आबू वन्यजीव अभ्यारण्य के ट्रेवर्सटेंक क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में वाइल्डलाइफ जीप सफारी का बुधवार को उदघाटन किया। वर्चुअल के जरिए कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री चौधरी ने कहा कि जंगल सफारी से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जिससे आने वाले समय में पर्यटकों की आवक में वृद्धि होने से नागरिकों को बहुत लाभ मिलेगा। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े हुए लोग भी सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। सांसद देवजी भाई पटेल ने कहा कि जंगल सफारी से पर्यटन को पंख लगेंगे।

## तेलंगाना : एसीबी ने सर्वेक्षक, दो अन्य को रिश्वत लेते पकड़ा

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक भूमि सर्वेक्षक और दो अन्य को करीब 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, एसीबी ने मंगलवार दोपहर करीब 13–16 बजे आरोपी अधिकारी (एओ-3) एम.बापू यादव को 10 लाख रुपये की कुल राशि में से लगभग 1.50 लाख रुपये की प्रारंभिक अग्रिम रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। यह अवैध कार्य हैदराबाद अंबरपेट के तहसीलदार के कार्यालय में विशेष राजस्व निरीक्षक पी. शोबा, एओ-1 डी. ललिता, सर्वेक्षक और एओ-2 के निर्देश पर रिश्वत ली गयी है।

एसीबी द्वारा आज जारी प्रेस बयान के अनुसार, शिकायतकर्ता, हैदराबाद के धादुवई वेंकटेश्वर राव ने अपनी मां के प्लॉट पंजीकरण दस्तावेजों की प्रोसेसिंग में तेजी लाने और अनुमोदन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को अग्रेषित करने के लिए रिश्वत का भुगतान किया था।

एओ-3 के कब्जे से 1.5 लाख रुपये की दागी रिश्वत राशि जब्त कर ली गई। इस बीच, एओ-1 फिलहाल फरार है और एसीबी अधिकारी सक्रिय रूप से उसके ठिकाने की तलाश कर रहे हैं।

उनकी गिरफ्तारी से पहले, एओ-1 और एओ-2 ने शिकायतकर्ता से उनकी मां के भूखंड से संबंधित दस्तावेजों को संसाधित करने के बदले में 10 लाख रुपये की मांग की थी। उन्होंने प्लॉट के पंजीकरण मूल्य को 80 लाख रुपये से घटाकर 60 लाख रुपये करने की पेशकश की या फिर फ़ाइल को उच्च पदस्थ अधिकारियों के पास न भेजने की धमकी दी। एओ-1 और एओ-2 दोनों ने अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए अपने कर्तव्यों का अनुचित और बेईमानी से पालन किया। एओ-2 और एओ-3 को गिरफ्तार कर लिया गया और हैदराबाद के नामपल्ली में विशेष प्रवर्तन और एसीबी मामलों के प्रधान विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया।

## हिमाचल : खालिस्तान समर्थक आतंकी सक्रिय, दो संदिग्धों की तलाश

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में शुरू होने वाले वर्ल्ड कप मैचों से पहले खालिस्तान समर्थक सक्रिय हो गए हैं।

खालिस्तान समर्थकों के धर्मशाला में एक सरकारी विभाग की दीवार पर स्प्रे पेंट से खालिस्तान समर्थन में नारे लिख डाले। वहीं पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाद में हालांकि, इस नारे को पुलिस के आला अफसरों की मौजूदगी में मिटा डाला गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जल शक्ति विभाग के कार्यालय की दीवार पर कुछ शरारती तत्वों ने खालिस्तान जिंदाबाद का नारा काले रंग के स्प्रे पेंट से लिख डाला। दीवार पर लिखे इस नारे की सूचना पुलिस को एक स्थानीय व्यक्ति ने दी। स्थानीय व्यक्ति की सूचना के बाद एसपी वीर बहादुर और एसपी हितेश लखनपाल और पुलिस थाना धर्मशाला की टीम भी मौके पर पहुंची।

दोनों अफसरों की मौजूदगी में दीवार पर लिखे नारे को मिटाया गया। इसके बाद उन्होंने जांच-पड़ताल शुरू कर दी। साथ ही विभागों में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगालना शुरू कर दिया। गौरतलब है कि इससे पहले भी कुछ शरारती तत्वों ने तपोवन स्थित विधानसभा परिसर की दीवार पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे थे और वहां पर झंडा लगा दिया था।

इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया था। वहीं अब वर्ल्ड कप के मैचों से पहले इस तरह की हरकत ने सुरक्षा एजेंसी को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है।

एसपी, कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## गैर अधिस्वीकृत पत्रकारों को मेडिकल डायरी की सुविधा के आदेश जारी

अजमेर। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ की अनुशंसा पर राज्य के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से अजमेर के गैर अधिस्वीकृत पत्रकारों को मेडिकल डायरी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये आदेश जारी कर दिये गये हैं। राजस्थान के सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के उपनिदेशक की ओर से आज अजमेर सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी को भेजे आदेश में आरटीडीसी अध्यक्ष राठौड़ के पत्र के हवाले से आदेश में कहा है कि गैर अधिस्वीकृत पत्रकारों को नियमानुसार मेडिकल डायरी सुविधा का लाभ देने में डायरी जारी की जाये।

## सूरजकुंड में लगेगा पहला दिपावली मेला, तैयारियां तेज

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार सूरजकुंड मेला परिसर में पहली बार तीन से दस नवम्बर तक दिपावली मेला का आयोजन किया जाएगा जिसके लिये राज्य पर्यटन विकास निगम इसे भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारियों में जुट गया है।

निगम के प्रबंध निदेशक नीरज कुमार ने बुधवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि अरावली की पहाड़ियों की मनोरम छठा के बीच मौजूद सूरजकुंड मेला परिसर अपने अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले को लेकर देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध है। फरवरी माह में लगने वाले अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में हर साल लाखों पर्यटक देश-विदेश की कला-संस्कृति, खान-पान, हैंडीक्राफ्ट का आनंद लेने और खरीदारी के लिए आते हैं। इस बार पर्यटकों की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस मेला परिसर में पहली बार दिपावली मेला आयोजित करने एलान किया है। उन्होंने बताया कि दिपावली मेले में करीब 300 स्टाल लगाए जाएंगे। इस मेले को दिपावली के सामान और त्यौहार से जुड़ी खरीददारी पर केंद्रित किया जाएगा।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
गुरुवार 05 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### कहानी प्रतियोगिता में अरुण नैथानी को मिलेगा प्रथम पुरस्कार



नई दिल्ली। वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार श्री अरुण नैथानी को साहित्यिक संस्था 'आधारशिला साहित्यम' द्वारा आयोजित कहानी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें यह पुरस्कार उनकी कहानी 'शेरू लौट आया' के लिए दिया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 3100 रुपये नकद, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। आधारशिला साहित्यिक संस्था की अध्यक्ष डा. अनिता 'सुरभि' ने बताया कि ये पुरस्कार संस्था की ओर से विशेष रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार वितरण समारोह 21 अक्तूबर को प्रात: 11 बजे पंजाब कला भवन, चंडीगढ़ में होगा और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक चंद्र त्रिखा होंगे। इस कहानी प्रतियोगिता में देशभर से अनेक कहानीकारों ने अपनी कहानी भेजी थी, जिनमें से द्वितीय पुरस्कार के लिए दिल्ली की अपूर्वा चौमाल, तृतीय पुरस्कार के लिए बीकानेर के इंद्रजीत कौशिक तथा सांत्वना पुरस्कारों के लिए करणीनगर, बीकानेर की आशा शर्मा तथा चंडीगढ़ की मनजीत शर्मा का चयन किया गया है। कहानी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में साहित्यकार सुधीर बवेजा, श्रीमती लीना दरियाल 'सत्यम', श्रीमती मुक्तावली बवेजा तथा श्रीमती चंचल शामिल रहे। विजेता रचनाकारों की कहानियां संस्था की पत्रिका के अक्तूबर अंक में प्रकाशित होंगी।

### बिल्डर ने 5 आवंटियों को लौटाए 62.11 लाख रुपए

नोएडा। उ.प्र. रेरा के आदेश के बाद दो प्रमोटर ने मिलकर पांच आवंटियों को 62 लाख 11 हजार रुपए की धनराशि वापस कराई। ये पैसा बिल्डर ने एक अन्य बिल्डर के साथ मिलकर किया। यूपी रेरा के अफसरों ने बताया कि बिल्डर का ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-10 में वन लीफ ट्राय् प्रोजेक्ट है। जो अब तक पूरा नहीं हो सका है। कब्जा नहीं मिलने पर खरीदारों ने यूपी रेरा में शिकायत की थी। इस पर यूपी रेरा की पीठ ने कब्जा देने या ब्याज समेत जमा धनराशि वापस लौटाने का आदेश दिया। बिल्डर ने आदेश का पालन नहीं किया। इस पर यूपी रेरा ने रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किया। अब बिल्डर ने यूपी रेरा की मदद से खरीदारों का पैसा वापस कर दिया है। यूपी रेरा ने बताया कि बिल्डर निवास प्रमोटर ने एक अन्य बिल्डर रिनाउंड बिल्डकटेक के सहयोग से पांचों आवंटियों का पैसा वापस किया। ऐसा पहली बार हुआ है। इसके तहत आवंटी दिनेश जोशी, केडी जोशी, नवरतन यादव, निरंजन कुमार व नितिन मोहन को किश्तों में क्रमश: 11.62 लाख, 10.12 लाख, 7.98 लाख, 18.64 लाख और 13.73 लाख रुपए वापस किए गए। रेरा सचिव प्रमोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि रेरा की ओर से लगातार आवंटियों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कई और मामले है जिनका समाधान किया जाना है। उन्होंने अपील की कि बिल्डर की ओर से दिए रेरा रजिस्ट्रेशन की जांच एक बार रेरा की साइट पर जाकर चेक करे ताकि किसी प्रकार की धोखाधड़ी से बचा जा सके।

### हिन्दू रक्षा दल अध्यक्ष पर लगा गुंडा एक्ट

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने हिन्दू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। उनके खिलाफ थाना साहिबाबाद में गुंडा एक्ट का नया मुकदमा दर्ज किया गया है। बीते दो दिन के अंदर उन पर ये तीसरा मुकदमा हुआ है। दरअसल, पिंकी चौधरी पर पुलिस का शिकंजा कसने की शुरुआत 23 सितंबर को शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में नाले में गोवंश के अवशेष मिलने से हुई। अवशेष मिलने की सूचना पर पिंकी चौधरी अपने समर्थकों सहित पहुंचे थे। यहां वे फेसबुक लाइव पर आए और हिन्दुओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने इस मामले में 2 अक्टूबर को पिंकी चौधरी पर एफआईआर दर्ज की। इसके बाद एक अक्टूबर को राजनगर एक्सटेंशन में पुलिस द्वारा जय माता दी स्टीकर लगे वाहन का चालान काटने पर हिन्दू रक्षा दल ने हंगामा किया और धरना दिया। यहां भी पिंकी चौधरी ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी से अभद्रता की, उसका मोबाइल छीनने का प्रयास किया था। इस मामले में हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार ने थाना नंदग्राम में भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया व 10-12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अब तीन अक्टूबर को साहिबाबाद पुलिस ने पिंकी चौधरी के खिलाफ गुंडा एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसमें पुराने चार मुकदमों का हवाला दिया है, जो अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। डीसीपी शुभम पटेल ने बताया, पिंकी चौधरी पर पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं।

### पूर्व विधायक पर जमीन कब्जाने की एफआईआर

गाजियाबाद। हापुड़ जिले की धौलाना विधानसभा सीट से पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के नेता असलम चौधरी समेत तीन लोगों पर जमीन कब्जाने की एफआईआर दर्ज हुई है। ये मुकदमा अदील यामीन उर्फ राजा दीवान ने गाजियाबाद के थाना मसूरी में दर्ज कराया है। इसमें पूर्व विधायक असलम चौधरी, उनके पुत्र शाहनवाज, उमरी सहित करीब 20-25 अज्ञात लोग बताए गए हैं। अदील यामीन के अनुसार, 6 जुलाई को शहनवाज कुछ लोगों के साथ उनकी पुश्तैनी जमीन में घुस आया और कब्जा करने लगा। सूचना पर अदील यामीन मौके पर पहुंचे। उन्होंने फोन करके पुलिस को बुलाया। पुलिस के आने पर शहनवाज अपने साथियों सहित वहां से भाग गया। अदील यामीन ने कहा, आरोपियों ने भागते वक्त उन्हें हत्या करके लाश नहर में फेंकने की धमकी भी दी थी। अदील ने पुलिस को इस घटना की सीसीटीवी भी उपलब्ध कराई। पीड़ित परिवार के अनुसार, पूर्व विधायक का परिवार जमीन पर कब्जा या उसके बदले दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांग रहा है। इस मामले में मसूरी थाना पुलिस ने तीन अक्टूबर की रात मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, पूरे मामले में पूर्व विधायक असलम चौधरी का कहना है कि मेरे बेटे ने आवासीय कॉलोनी बनाने के लिए ये जमीन अदील यामीन से खरीदी थी, लेकिन रजिस्ट्री के वक्त विक्रेता ने कुछ गड़बड़ी कर दी।

# अरविंद केजरीवाल ने ओखला लैंडफिल साइट का किया दौरा



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि कूड़ा हटाने के काम में तेज़ी लाने के लिए एक और एजेंसी हायर की जाएगी।

केजरीवाल ने आज ओखला लैंडफिल साइट का दौरा करने और कूड़े के निपटान की मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि ओखला लैंडफिल साइट पर कुल 45 लाख टन कूड़े का पहाड था। सात नवंबर 2022 से ओखला लैंडफिल साइट से कूड़े के पहाड़ को हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। लक्ष्य रखा गया था कि मई 2024 तक यहां से 30 लाख टन कूड़ा हटा लिया जाएगा लेकिन कूड़ा हटाने की कार्रवाई तय लक्ष्य से पीछे चल रही है। अभी तक ओखला लैंडफिल साइट से 18 लाख टन कूड़ा हटा लिया जाना चाहिए था, लेकिन अभी केवल 12 लाख टन कूडा ही हटाया जा सका है।

उन्होंने कहा, यहां से कूडा हटाने के लिए एक और एजेंसी हायर करने की कार्रवाई चल रही है। मौजूदा एजेंसी अकेली है और अपने टारगेट भी पूरा नहीं कर पा रही है। इसलिए एक और एजेंसी हायर करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। चूंकि दिल्ली नगर निगम में अभी तक स्टैंडिंग कमेटी नहीं बनी है।

इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में केस चल रहा है और आर्डर रिजर्व्ड है। स्टैंडिंग के बिना ये कंट्रैक्ट किसी दूसरी एजेंसी को नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद जैसे ही स्टैंडिंग कमेटी बनेगी, वैसे ही एक और एजेंसी को हायर कर लिया जाएगा। इसके बाद दोनों एजेंसी मिलकर काम करेंगी और हमें उम्मीद है कि माँ मई 2024 तक 30 लाख टन कूड़ा हटाने का टारगेट पूरा हो जाएगा।

दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली को कूड़ा मुक्त करने के लिए दिन-रात काम चल रहा है। कूड़े के पहाड़ों को अब कोई भी दिल्लीवासी देखे तो साफ कह सकते हैं कि अब हाइट काफी कम हो गई है। कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के लिए 24 घंटे लगातार काम चल रहा है। आम आदमी पार्टी की तरफ से दी गई दिल्ली को कूड़ा मुक्त करने की गारंटी जल्द पूरी होगी।

### हिरासत में लिए गए आप नेता

गाजियाबाद। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और यूपी प्रभारी संजय सिंह के सरकारी आवास पर ईडी छापेमारी का विरोध कर रहे आप के नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। गाजियाबाद से भी कार्यकर्ता और पदाधिकारी प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली गए थे। दिल्ली पुलिस विरोध प्रदर्शन कर रहे कई कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बसों में बिठाकर अपने साथ ले गई है। आप के गाजियाबाद मीडिया प्रभारी अधिवक्ता मनोज प्रकाश त्यागी ने बताया, दिल्ली में पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता तरुणिमा श्रीवास्तव, गाजियाबाद से पार्टी जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विजय कसाना को हिरासत में ले लिया गया है। उन्हें दिल्ली पुलिस एक बस में बैठाकर लेकर जा रही है। दरअसल, गाजियाबाद, मोदीनगर, मुरादनगर, साहिबाबाद, लोनी और अन्य क्षेत्रों से कार्यकर्ता बुधवार दोपहर दिल्ली रवाना हुए थे। वे दिल्ली में संजय सिंह के आवास पर ईडी छापेमारी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने गाजियाबाद के कुछ पदाधिकारियों को हिरासत में लिया है।

# रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया 2023 एक्स्पो हुआ शुभारंभ

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। भारत के प्रमुख प्रदर्शनी आयोजनकर्ता इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया ने एशिया के सबसे व्यापक रिन्यूएबल एनर्जी एक्स्पो, रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया 2023 के आगामी 16वें संस्करण का शुभारंभ ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में किया है। जिसके साथ-साथ 'द बैटरी शो इंडिया' के पहले संस्करण का आयोजन भी किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 4 से 6 अक्टूबर तक चलेगा। यह आयोजन देश के स्वच्छ उर्जा लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करेगा।

रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया 2023 में 700 से अधिक प्रदर्शक, 40,000 कारोबार आगंतुक, 250 प्रवक्ता हिस्सा लेंगे, इनमें नीति निर्माता, इन्फलुएंसर्स और विशेषज्ञ शामिल होंगे।

यह कार्यक्रम नवीरकणीय उर्जा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे आईपीपी, सोलर सैल, सोलर पीवी मोड्यूल, सोलर पैनल, बैटरी, ईवी चार्जर एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर, इन्वर्टर, कम्पोनेन्ट, डीलर/ डिस्ट्रीब्यूटर, सिस्टम इंटीग्रेटर, बायोमास एवं पवन उर्जा पर रोशनी डालेगा। इसके अलावा प्रदर्शनी में जर्मनी, इटली, मलेशिया, यूएसए एवं अन्य देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। ऐसे में यह स्थायी उर्जा इनोवेशन्स के लिए ग्लोबल हब की भूमिका निभाएगा।

#### इस साल के आयोजन में ये ले रहे हिस्सा

इस साल के आयोजन में जर्मन पैविलियन, इटली पैविलियन और इंडियन बायोगैस पैविलियन होंगे। जाने माने प्रदर्शक जैसे रिलायन्स इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू ग्रुप, अदानी सोलर, विक्रम सोलर, गोल्डी सोलर, सात्विक, हैवल्स, वारी, प्रीमियर एनर्जीज़, सनग्रो, एमवी, फोटोवोल्टिक पावर, एफआईएमईआर, रेनेसिस, आर्कलोर मित्तल निप्पोन स्टील, लोंगी सोलर, ग्रू एनर्जी, एनविज़न, नेस्ट्रैकर, डीएनवी, हीरो फ्यूचर एनर्जीज़, एनरपार्क एनर्जी, धाश पीवी टेक्नोलॉजीज आदि इसमें हिस्सा ले रहे है।

### दुहाई डिपो में बनेगा फार्मिंग डेमोंस्ट्रेशन सेंटर

**गाजियाबाद।** दिल्ली से मेरठ तक बन रहे रैपिड रेल कॉरिडोर के किनारे खेती करने वाले किसानों को एनसीआरटीसी खेतीबाड़ी के अत्याधुनिक तौर-तरीके सिखाएगा। गाजियाबाद के दुहाई डिपो में इसके लिए मॉर्डन फार्मिंग डेमोंस्ट्रेशन सेंटर की स्थापना होगी। हृएनसीआरटीसी ने सेंटर के निर्माण के लिए टेंडर आमंत्रित किए हैं। चयनित एजेंसी द्वारा दुहाई डिपो की जमीन पर मॉर्डन फ़ार्मिंग डेमोंस्ट्रेशन हेतु पोली हाउस बनाए जाएंगे। जिनमें हाइड्रोपोनिक्स तकनीक पर आधारित खेती की जानकारी प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य फसलों की गुणवत्ता को बेहतर करने के साथ किसानों की आय में बढ़ोतरी करना है। एनसीआरटीसी इसके अलावा किसानों का भविष्य की खेती तैया करने, क्षमता विकसित करने और कौशल बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चला रहा है। पहले चरण में गाजियाबाद और मेरठ जिले के भूड़ बराल, कादराबाद, नंगला मूसा, असालत नगर, काकरा, शाहपुर, सारा, कनौजा, सिकरिखुर्द आदि गांव में सैकड़ों किसानों को अब तक प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# आगामी चुनावों में हार की आशंका से बौखलाए मोदी : राय



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आने वाले चुनावों में हार मिलने वाली है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बौखलाहट में संजय सिंह के घर छापेमारी करवा रहे हैं।

गोपाल राय ने आज कहा कि संजय सिंह के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी इसलिए हो रही है कि इस देश के हर सर्वे में बताया जा रहा है कि आगामी चुनावों में भाजपा हार रही है। उन्होंने कहा कि मोदी इसी बौखलाहट में कार्रवाई करवा रहे है।

उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में इस मामले को लेकर एक हज़ार जगहों पर छापेमारी की गई। ईडी और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बहुत लोगों को गिरफ़्तार किया और उनको प्रताड़ित किया लेकिन आजतक किसी के पास से एक चवन्नी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि संजय सिंह के घर से भी कुछ नहीं मिलने वाला है।

आप नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी पर कहा कि यह ऐसा काल्पनिक घोटाला है जिसमें पिछले 15 महीने से छान-बीन चल रही है। कम से कम एक हज़ार जगहों पर ईडी और सीबीआई छापेमारी कर चुकी है लेकिन कहीं से भी एक रुपया बरामद नहीं हुआ। संजय सिंह के घर से भी कुछ नहीं मिलने वाला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ़ और सिर्फ़ चुनाव हार रही यह उसी की हताशा है। प्रधानमंत्री की कोशिश है कि किसी भी तरह फिर से प्रधानमंत्री बन जाये लेकिन आम आदमी पार्टी सवाल पूछती रहेगी।

ग़ौरतलब है कि दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी की टीम संजय सिंह के आवास पर सुबह पहुंची थी।

# जातीय जनगणना जाति मुक्त समाज बनाने और सामाजिक समरसता के लिए बड़ा खतरा : दयानंद वत्स भारतीय

**जाति ना पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान
मोल करो तलवार का पड़ी रहन दो म्यान**



नई दिल्ली। राष्ट्र हितैषी समाज बरवाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा जातीय जनगणना की मांग को सामाजिक समरसता के लिए खतरा बताया है। दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि जातियों में बंटे समाज को जाति मुक्त करने की जो मुहिम पिछले 77सालों से चल रही थी उसको जाति जनगणना की मांग से झटका लगा है। संत कबीर दास ने भी जाति व्यवस्था पर चोट करते हुए लिखा है जाति ना पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान, मोल करो तलवार का पड़ी रहन दो म्यान। चुनावी राजनीति के मद्देनजर राजनीतिक दलों की यह मांग समाज और राष्ट्र हित में नहीं है। ग़रीबी और अशिक्षा आज भी सबसे बड़ा अभिशाप है। सबसे पहला और सबसे जरूरी काम है गरीब के जीवन में बदलाव लाना। गरीब हर जाति में हैं। अगर देश में कोई जाति है तो वह हैं ग़रीबी।

इस बात को सबको समझने की आवश्यकता है। जाति की राजनीति करने वालों के भ्रम जाल में लोग ना फंसें। इसलिए निजी राजनीतिक स्वार्थ की राजनीति चलाने वाले दलों से लोग सावधान रहें और सामाजिक समरसता के लिए संगठित हों।

### ग्रैप नियमों की धज्जियां उड़ाई , 10 कंपनियों पर 50-50 हजार का जुर्माना

नोएडा। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ग्रेनो की टीम ने मंगलवार को ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के नियमों का पालन नहीं करने पर 10 कंपनियों पर कार्रवाई की है। सभी पर 50-50 हजार का जुर्माना लगाया गया है, साथ ही ग्रैप के नियमों का पालन करने का नोटिस जारी किया है। वहीं, ग्रेनो में वायु प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ने लगा है। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। एक अक्तूबर से ग्रैप लागू हो चुका है, लेकिन ग्रेनो में इसका उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही थी।

# राजपूत युवा संघ नारायणा गांव द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन




**नई दिल्ली।** राजपूत युवा संघ नारायणा गांव के तत्वावधान में आज नारायणा गांव में रिंग रोड पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन राजपूत युवा संघ और नारायणा व गुरु नानक देव चैरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा किया गया। जिसमें नारायणा क्षेत्रवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस रक्तदान शिविर को सफल बनाया रक्तदान शिविर सुबह 10: 00 बजे से शाम 6:30 बजे तक चला जिसमें लोगों द्वारा डेढ़ सौ यूनिट रक्त दान किया गया। शिविर में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। शिविर के आयोजन में आदित्य तंवर, देवेन्द्र तंवर, अमित तंवर और स्थानीय ग्रामीण युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### बकाया न देने वाले-प्राधिकरण के बड़े बकाएदारों पर होगी सख्त-कार्रवाई

गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की। मंत्री ने सभी बड़े बकायेदारों को आरसी जारी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि किसी भी अफसर या कर्मचारी को गलत करने की छूट नहीं है। अगर कोई गल्ती करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री की समीक्षा बैठक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सभागार में ढाई घण्टे तक चली। इसमें औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अनिल सागर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ पुलकित खरे, एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अमनदीप डुली, एसीईओ आशुतोष द्विवेदी और ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव समेत सभी विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे। मंत्री ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में हुए एमओयू को धरातल पर लाने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने निवेशकों के साथ जल्द ही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी करने की जानकारी दी।

# दिल्ली-एनसीआर में 200 पिस्टल सप्लाई : दो तस्कर महिलाएं गिरफ्तार



**नई दिल्ली** । दिल्ली-एनसीआर के बदमाशों को हथियार सप्लाई करने वाले महिलाओं के गैंग का स्पेशल सेल ने खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह की दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नाजिमपुरा, भूड़, बुलंदशहर, यूपी निवासी चंचल और गांव अनहेड़ा, अगौता, बुलंदशहर, निवासी विकांशा के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से 10 पिस्टल बरामद की गई हैं।

पूछताछ के दौरान दोनों महिलाओं ने बताया कि वह विकांशा के मामा सोनू चौधरी के आदेश पर मध्य प्रदेश के खारगोन से हथियार दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई कर रही थीं। पिछले दो सालों से वह 200 से अधिक पिस्टल यहां सप्लाई कर चुकी हैं। हर ट्रिप के बाद उनको अच्छी रकम मिल जाती थी। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। स्पेशल सेल के विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि उनकी टीम को लगातार सूचना मिली रही थी कि दिल्ली-एनसीआर के बदमाश मध्य प्रदेश के हथियार सप्लायरों से पिस्टल और तमंचे खरीद रहे हैं। सूचना मिलने के बाद इनकी जानकारी जुटाना शुरू की गई।

पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार, एसीपी अत्तर सिंह व इंस्पेक्टर शिवकुमार समेत अन्यों की टीम ने जांच शुरू की। इस दौरान एक अक्तूबर को टीम को सूचना मिली कि मध्य प्रदेश के खारगोन से हथियार लाकर सप्लाई करने वाली दो महिलाएं रात के समय एमबी रोड-सूरजकुंड के पास आने वाली हैं। फौरन महिला पुलिस कर्मियों के साथ एक टीम का गठन कर दिया। बाद में दोनों को दबोच लिया गया।

# मंत्री अतिशी ने संजय सिंह की गिरफ्तारी को बताया पूर्व नियोजित स्क्रिप्ट



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं मंत्री अतिशी ने प्रेस कांफ्रेस के दौरान कहा कि यह एक पूर्व नियोजित स्क्रिप्ट थी। पीएम भी जानते हैं कि चाहे चार राज्यों के आगामी चुनाव हों या 2024 के चुनाव, लोगों ने बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकने का फैसला कर लिया है। वहीं, अब कल इस कार्रवाई के विरोध में आम आदमी पार्टी व्यापक विरोध प्रदर्शन करेगी।

राज्यसभा सांसद संजय सिंह को दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी में हलचल मच गई है। पार्टी ने प्रेस कांफ्रेस शुरू की है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं मंत्री अतिशी ने प्रेस कांफ्रेस के दौरान कहा कि यह एक पूर्व नियोजित स्क्रिप्ट थी, कि वे उनके आवास पर जाएंगे और 8 घंटे तक वहां बैठेंगे और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लेंगे। यह बीजेपी की हताशा को दिखाता है। मंत्री अतिशी ने कहा कि पीएम भी जानते हैं कि चाहे चार राज्यों के आगामी चुनाव हों या 2024 के चुनाव, लोगों ने बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकने का फैसला कर लिया है। अतिशी ने कहा कि पिछले 15 महीने से भाजपा की केंद्र सरकार, उनकी सारी एजेंसी सिर्फ एक काम में लगी हुई हैं कि किसी तरह से इस तथाकथित शराब मामले में आप के खिलाफ सबूत मिल जाए। हमने कल देखा देश के जाने-माने पत्रकारों के घर पर छापेमारी हुई, उनके फोन और लैपटॉप ले लिए गए, कल शाम टीएमसी के सांसद को पुलिस ने कृषि भवन से घसीट-घसीट कर बाहर निकाला गया। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भारतीय संसद में लोगों की सबसे मजबूत आवाज संजय सिंह को जिस प्रकार से बिना किसी सबूत, बिना किसी ठोस कारण गिरफ्तार किया गया गया है, इससे साबित होता है कि प्रधानमंत्री जानते हैं कि वे चुनाव हार रहे हैं। निराशा है, हार का डर है और बौखलाहट है जिसमें इस प्रकार के ऊलजलूल काम केंद्र सरकार एजेंसियों से करा रही है।

# लोक एवमं जनजातीय संगीत प्रतियोगिता का उद्देश्य है विद्यार्थियों को लोक से जोड़ना

## डीयू संस्कृति परिषद एवं मिरांडा हाउस के संयुक्त तत्वाधान में 'लोक/जनजातीय वाद्य संगीत' प्रतियोगिता आयोजित





**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय की संस्कृति परिषद एवं मिरांडा हाउस कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में मिरांडा हाउस में लोक/ जनजातीय वाद्य संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों की कुल 11 टीमों ने भाग लिया। जिन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों के लोक एवं जनजातीय संगीत की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर दिल्ली वि.वि. संस्कृति परिषद के चेयर पर्सन एवं फॉक आर्केस्ट्रा के फाउंडर अनूप लाठर मुख्य अतिथि के रूप में और संस्कृति परिषद के डीन रवीन्द्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। अनूप लाठर ने अपने संबोधन में कहा कि लोक एवम जनजातीय संगीत प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य ही यह है कि विद्यार्थियों को लोक से भी जोड़ा जाए। अनूप लाठर ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय की संस्कृति परिषद विद्यार्थियों के मध्य संस्कृति के विकास और उसके मूल्यों को विकसित करने के लिए निरंतर कार्यरत है। यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और आपसी विचारों की सहभागिता का साझा मंच है। उन्होंने कहा कि संक्रमण के इस दौर में जब हम अपनी विरासत को भूल रहे हैं, ऐसे में लोक वाद्य यंत्रों के पुनरुद्धार के लिए एक कार्यक्रम के रूप में लोक आर्केस्ट्रा अपरिहार्य है।

प्रो. रवीन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि संगीत एक साधना है जो न केवल एक कला रूप है अपितु मनुष्य के व्यक्तित्व को भी समायोजित करती है। इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का निर्णय गीत के चयन, उसमें निहित आकांक्षा, भाव और विचार तथा उसकी प्रस्तुति के आधार पर किया गया। मिरांडा हाउस की प्राचार्या प्रो. बिजयलक्ष्मी नंदा ने कहा कि हमें इस बात का गर्व और खुशी है कि विरासत को पुन: अर्जित करने में हम भी भागीदारी कर रहे हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय संस्कृति परिषद ने हमें यह मौका दिया, इसके लिए हम उनके आभारी है। उन्होंने कहा कि मिरांडा हाउस अपनी परंपरा और कलाओं को संरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है और रहेगा।

विभिन्न लोक-संगीत रूपों में उत्तर-पश्चिम, पूर्वी, पंजाबी, नागा छठ, बिहारी, बंगाली और अवधी लोक गीत प्रस्तुत किए गए। रंग-बिरंगे लोक-परिधानों में सजे प्रतिभागियों को देखकर भारत की बहुधर्मी और बहुमुखी संस्कृति के दर्शन सहज ही हो रहे थे।

## संपादकीय

# नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा खोज का सम्मान

डीएनए के रहस्यों से परदा उठने के बाद मानव शरीर की सूक्ष्म संरचना में बदलाव करने के रास्ते खुलते गए हैं। यह विषाणु लगातार स्वरूप बदल और अधिक घातक रूप में सामने आ रहा था। तब यह स्पष्ट हो चुका था कि मानव शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा कर ही इसके प्रभाव को बेअसर किया जा सकता है। ऐसे समय में ऐसा टीका बनाना कठिन काम माना जा रहा था, जो मानव शरीर में प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सके। मगर कारिको और वीसमैन ने एमआरएनए की खोज कर इस चुनौती को आसान बना दिया था। यह विषाणु लगातार स्वरूप बदल और अधिक घातक रूप में सामने आ रहा था। तब यह स्पष्ट हो चुका था कि मानव शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा कर ही इसके प्रभाव को बेअसर किया जा सकता है। ऐसे समय में ऐसा टीका बनाना कठिन काम माना जा रहा था, जो मानव शरीर में प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सके। मगर कारिको और वीसमैन ने एमआरएनए की खोज कर इस चुनौती को आसान बना दिया था। इस बार चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार की घोषणा निश्चित रूप से एक ऐसी खोज का सम्मान है, जिससे महामारियों से पार पाने और मानव शरीर में प्रतिरोधी क्षमता विकसित करने का एक नया रास्ता खुला। यह सम्मान कोरोना से लड़ने के लिए एमआरएनए टीके विकसित करने वाले काटालिन कारिको और ड्र्यू वीसमैन को संयुक्त रूप से दिया जा रहा है। नोबेल सभा के अनुसार इन दोनों वैज्ञानिकों ने 'न्यूक्लियोसाइड' आधारों को संशोधित करने से जुड़ी महत्त्वपूर्ण खोजें की है, जिनकी वजह से कोविड-19 के एमआरएनए टीके विकसित कर पाना मुमकिन हो पाया। निश्चित रूप से इन टीकों के विकास की वजह से लाखों जिंदगियां बचाई जा सकीं। कोरोना महामारी के वक्त पूरी दुनिया में लोगों की जान बचाना चुनौती बना हुआ था, इसके विषाणु से लड़ने के लिए कोई भरोसेमंद दवाई उपलब्ध नहीं थी। यह विषाणु लगातार स्वरूप बदल और अधिक घातक रूप में सामने आ रहा था। तब यह स्पष्ट हो चुका था कि मानव शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा कर ही इसके प्रभाव को बेअसर किया जा सकता है। ऐसे समय में ऐसा टीका बनाना कठिन काम माना जा रहा था, जो मानव शरीर में प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सके। मगर कारिको और वीसमैन ने एमआरएनए की खोज कर इस चुनौती को आसान बना दिया था। कोरोना महामारी के दूसरे चरण में स्थिति यह थी कि हर दिन हजारों लोग मौत के मुंह में समा रहे थे, अस्पतालों में जगह कम पड़ गई थी, कोरोना मरीजों के लिए अलग से शिविर लगाने पड़े थे। ऐसे भयावह वक्त में टीके तैयार करना और फिर उनका परीक्षण करके सभी नागरिकों तक उपलब्ध कराना और भी मुश्किल काम था। मगर दुनिया भर के वैज्ञानिकों ने इस कठिन चुनौती को स्वीकार किया और कम समय में भरोसेमंद टीकों का निर्माण कर व्यापक पैमाने पर इसकी खुराक देना संभव बनाया था। इस कामयाबी के पीछे कारिको और वीसमैन की खोज ने बड़ी भूमिका निभाई थी। इन वैज्ञानिकों की ही खोज से पता चल सका था कि एमआरएनए हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली के साथ कैसे संपर्क करता और यह किस तरह शरीर में प्रोटीन का प्रवाह बढ़ा कर रोगों से लड़ने में मददगार साबित हो सकता है। हालांकि हर वैज्ञानिक खोज के पीछे कोई न कोई आधार खोज काम कर रही होती है। इस दृष्टि से कारिको और वीसमैन को निश्चित रूप से स्वीडिश वैज्ञानिक स्वांते पाबो की खोज से मदद मिली थी। पाबो ने निएंडरथाल डीएनए के रहस्यों को उजागर किया था, जिससे मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारियां सामने आई थीं। पाबो को पिछले साल चिकित्सा के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। जिस तरह बदलती जीवन-शैली, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण, कुपोषण आदि के चलते नए विषाणुओं के पनपने और खतरनाक रूप धारण करने के खतरे हर समय बने रहते हैं।

# जाति आधारित जनगणना को राजनीति का जरिया न बनाएं

जाति आधारित जनगणना के बाद राज्य में अलग-अलग जातियों और धर्मों के लोगों की संख्या के बारे में अब तस्वीर साफ हो गई है।

जाति के आधार पर जनगणना की मांग पुरानी है, मगर राष्ट्रीय स्तर पर इस मांग को लेकर अब तक कोई पहल नहीं हुई है। मगर बिहार में जनता दल (यू) और राष्ट्रीय जनता दल की मौजूदा सरकार ने इस काम को पूरा किया और सोमवार को इसके निष्कर्षों पर आधारित आंकड़े जारी कर दिए। इसके मुताबिक, बिहार में अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग की कुल आबादी तिरसठ फीसद है।

अनुसूचित जातियों की संख्या 19.65 फीसद और अनुसूचित जनजाति की 1.68 फीसद है। सामान्य वर्ग में आने वाली जातियों के लोगों की तादाद 15.52 फीसद है। धार्मिक आधार पर देखें तो कुल हिंदू आबादी 81.9 फीसद और मुसलिम 17.7 फीसद हैं। यानी जाति आधारित जनगणना के बाद राज्य में अलग-अलग जातियों और धर्मों के लोगों की संख्या के बारे में अब तस्वीर साफ हो गई है। इसे लेकर राज्य सरकार की दलील है कि इसके जरिए सभी जातियों की आर्थिक स्थिति की भी जानकारी मिली है और इसी के आधार पर अब सभी सामाजिक वर्गों के विकास और उत्थान के लिए काम किया जाएगा। जाहिर है, सरकार के दावे के आलोक में देखें तो जाति आधारित जनगणना के आंकड़े आने के बाद सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों में भागीदारी का सवाल हल करने और जरूरतमंद तबकों की स्थिति में सुधार के लिए नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। मगर यह देखने की बात होगी कि इसका उपयोग विकास और उत्थान में कितना होगा और कितना इसका इस्तेमाल राजनीतिक मुद्दे के तौर पर किया जाएगा।

दरअसल, यह सवाल अक्सर उठाया जाता रहा है कि सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को लक्षित सरकारी नीतियों में जिन तबकों की हिस्सेदारी तय की जाती है, उनके बीच के कुछ समर्थ समूह उसका लाभ उठा लेते हैं और एक बड़ा हिस्सा वंचित रह जाता है। खासकर पिछड़े वर्गों को हिस्सेदारी के संदर्भ में यह दावा किया जाता रहा है कि अब इस तबके की आबादी काफी ज्यादा हो गई है और इसके मुकाबले इन्हें मिलने वाला आरक्षण काफी कम है।

इसके अलावा, जाति और वर्ग के आधार पर बनाई गई मौजूदा योजनाओं और कार्यक्रमों में कुछ खास सामाजिक समुदायों को आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी नहीं मिल पाती है, क्योंकि उनकी संख्या से संबंधित कोई अद्यतन पुख्ता आंकड़े नहीं हैं।

सवाल है कि इस मसले पर अब तक चलने वाली जद्दोजहद का कारण क्या सिर्फ यही रहा है कि इसके जरिए सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों में सभी तबकों को न्यायपूर्ण भागीदारी दिलाई जा सके! हो सकता है कि जाति और वर्ग के आधार पर बनने वाली नीतियों पर इसका असर दिखे। हालांकि यह बिहार सरकार की इच्छाशक्ति पर निर्भर होगा कि वह आबादी के अनुपात में सबकी भागीदारी और इसके साथ-साथ न्यायपूर्ण तरीके से बिना भेदभाव किए वंचित वर्गों के हित कैसे सुनिश्चित कर पाती है।

बिहार में हुई इस कवायद का राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक असर यह पड़ सकता है कि देश भर में जाति आधारित जनगणना की मांग जोर पकड़े और यह एक चुनावी मुद्दा भी बने। यों सर्वोच्च न्यायालय ने पटना उच्च न्यायालय के इससे संबंधित फैसले के खिलाफ की गई अपील पर सुनवाई की स्वीकृति दे दी है। मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि वक्त के साथ जाति के आधार पर पूर्वाग्रह-दुराग्रहों को कमजोर करना राजनीतिकों का दायित्व होना चाहिए। इसलिए बिहार में हुई जाति आधारित जनगणना को राजनीति का जरिया न बना कर इसे वंचित तबकों के लिए न्याय मुहैया कराने का ही आधार बनाया जाए, अन्यथा इसका मकसद बेमानी हो जाएगा।

# महिला आरक्षण: किस करवट बैठेगा ऊंट



निर्मल रानी

केंद्र सरकार ने गत 18 से 22 सितंबर के बीच पांच दिनों के लिए 17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र विशेष बुलाया था। इन्हें विशेष सत्र के रूप में बुलाया गया था। किसी भी दल अथवा नेता को संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे की आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं थी। हाँ तरह तरह के क़यास ज़रूर लगाए जा रहे थे। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग, जी-20 के आयोजन और भारत के लक्ष्यों पर इस सत्र के दौरान व्यापक चर्चाओं की संभावना थी। यह भी उम्मीद थी कि शायद सरकार देश का नाम INDIA के बजाय केवल भारत रखने सम्बन्धी फ़ैसला ले सकती है। यह भी क़यास थे कि शायद यूनिफ़ॉर्म सिविल कोड पर कोई फ़ैसला हो, एक देश एक चुनाव पर कोई निर्णय हो या फिर पुराने संसद भवन को अलविदा कहने और नवनिर्मित संसद भवन में प्रवेश करने की औपचारिकता पूरी की जाये। इन सभी क़यासों में एक यह भी था कि विभिन्न राज्यों की चुनाव पूर्व की बेला में महिला आरक्षण विधेयक भी पारित करा दिया जाये। हालांकि इस सत्र के लिये 18 से 22 सितंबर के बीच की तिथि चुने जाने पर शिव सेना सहित कई दलों ने हैरानी जताई थी। क्योंकि इन्हीं दिनों में देश के बड़े हिस्से में गणेश चतुर्थी जैसा महत्वपूर्ण त्यौहार आयोजित किया जा रहा था। और अनेक राजनेता इस त्यौहार में व्यस्त रहा करते हैं। शिव सेना (उद्धव) ने तो इसके लिए चुनी गई तारीख़ों पर आश्चर्य जताते हुये यहां तक कह दिया था कि - गणेश चतुर्थी के त्योहार के समय ये विशेष सत्र बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और हिंदू भावनाओं के विरुद्ध है। परन्तु संसद का यह विशेष सत्र सत्र बुलाया तो ज़रूर गया परन्तु 22 सितंबर तक चलने वाला विशेष सत्र 21 सितंबर को ही समाप्त कर दिया गया। यानी अपनी निर्धारित समय सीमा से एक दिन पहले ही सत्रावसान कर दिया गया। इस बीच सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक देश एक चुनाव की संभावना तलाशने के लिए एक समिति गठित की। देश की संसद के कर्णधार नेताओं को याद करते हुये पुराने संसद भवन को अलविदा कहा गया और नये संसद भवन में सत्र चलाने की शुरुआत भी की गयी। और इसके साथ ही लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण पर भी विधेयक ला कर इसे पारित कराया गया। इसे लोकसभा व राज्यसभा में अभूतपूर्व समर्थन मिला। गोया पक्ष विपक्ष के सर्वसम्मति से इस विधेयक ने अधिनियम का रूप ले लिया। और सरकार ने इस विधेयक का लोकलुभावन नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा। अब इस अधिनियम को राज्य विधानसभाओं की मंज़ूरी की आवश्यकता होगी। तथा इसे नई जनगणना के आधार पर तथा लोकसभा व विधानसभा की सीटों के परिसीमन के बाद लागू किया जाने का प्रावधान है। सरकार के मुताबिक़ महिला आरक्षण विधेयक साल आगामी लोकसभा चुनाव तक लागू होने की संभावना नहीं है। इस अधिनियम के लागू होते ही प्र धानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में पार्टी महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसी समय यह तस्वीर साफ़ हो गयी थी कि आगामी चुनावों में महिला आरक्षण का यह मुद्दा मुख्य मुद्दा बनने जा रहा है। संसद में भी इस मुद्दे पर बोलते हुये विपक्ष ख़ासकर कांग्रेस ने इसे तत्काल लागू करने की मांग की थी। उससे भी यह ज़ाहिर हो गया था कि कांग्रेस भी महिला आरक्षण के मुद्दे का श्रेय लेने में पीछे रहने वाली नहीं है।



ग़ौरतलब है कि इसी वर्ष नवंबर-दिसंबर के मध्य मिज़ोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसके बाद अगले वर्ष मई-जून में लोकसभा चुनावों के साथ ही आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इसलिये महिला आरक्षण के मुद्दे के बहाने आधी आबादी के वोट बैंक पर झपटने की तैयारी में भाजपा व कांग्रेस यानी पक्ष विपक्ष दोनों ही पूरी तरह से कमर कस चुके हैं। कांग्रेस इसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के सपनों का विधेयक बता रही है।


कांग्रेस इसे तत्काल लागू न करने के लिये मोदी सरकार की मंशा पर सवाल उठा रही है। सरकार द्वारा जनगणना व परिसीमन के बाद महिला आरक्षण लागू किया जाने की शर्त को सरकार की बहानेबाज़ी बताते हुये सरकार की नीयत पर ही सवाल उठा रही है। गत 25 सितम्बर को कांग्रेस पार्टी की 21 प्रमुख महिला नेत्रियां द्वारा उत्तर प्रदेश के 21 शहरों में व देश की अधिकांश राजधानियों में महिला आरक्षण तत्काल लागू न करने के लिये सरकार को घेरने तथा इस इस विधेयक को कांग्रेस की देन बताने के लिये बाक़ायदा प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। और यह संकेत दे दिया गया कि भविष्य में होने वाले सभी विधानसभा चुनावों से लेकर लोकसभा चुनावों तक कांग्रेस इस विधेयक का श्रेय लेने और इसे फ़ौरन लागू न करने के लिये भाजपा को ज़िम्मेदार ठहराने में कोई कसर छोड़ने वाली नहीं है। ख़ास तौर पर विपक्षी गठबंधन INDIA के गठन के बाद तो कांग्रेस के हौसले और भी बुलंद हैं और पूरा विपक्ष भी यही कोशिश करेगा कि इस मुद्दे का श्रेय भाजपा किसी भी सूरत में न लेने पाये।

दूसरी तरफ़ भाजपा की ओर से स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम का श्रेय लेने और साथ ही इसमें तीन दशक का समय लगने के लिये कांग्रेस को ही ज़िम्मेदार बताने का आक्रामक अभियान छेड़ दिया है। पिछले दिनों चुनावी राज्य मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रधानमंत्री ने जन संघ के सह संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पार्टी कार्यकर्ता के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुछ इस अंदाज़ में अपनी बात कही - उन्होंने कहा कि- आज बड़ी संख्या में मेरी बहनें और बेटियां आई हैं । आपको जो मोदी ने गारंटी दी थी, वह भी पूरी हो गई थी। कुछ दिन पहले लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का क़ानून पारित हो गया। लंबे समय से देश इसका इंतज़ार कर रहा था। मोदी है, तो हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। मैं एमपी समेत पूरे देश की बहनों को सावधान करना चाहता हूं। कांग्रेस और उसके नए-नए घमंडियां गठबंधन ने मजबूरी में खट्टे मन से समर्थन किया है। बे मन से किया है। यह खट्टापन उनके बयानों में दिखाई देता है। यह उनके गठबंधन में जितने लोग हैं, यह वही लोग हैं, जिन्होंने 30 साल तक क़ानून पास नहीं होने दिया। संसद में हंगामा किया, और बिल फाड़ दिए। अब मजबूरी में बिल का समर्थन किया है। अब जब समझ गए कि, इनकी चाल चरित्र सबके सामने आ गया है, तो कहने लगे कि, यह क्यों नहीं किया, वह क्यों नहीं किया।

महिला आरक्षण को लेकर भाजपा व कांग्रेस दोनों की एक दूसरे के प्रति दिखाई जा रही इसतरह की आक्रामकता जहाँ आगामी चुनावों में यह साबित करेगी कि यह मुद्दा आधी आबादी को कितना प्रभावित करेगा वहीं इसके प्रति इसी आधी आबादी का रुख़ यह भी तय करेगा कि महिला आरक्षण का ऊंट किस करवट बैठेगा।

# पाकिस्तान के बाद अब कनाडा भी बना भारत की परेशानियों का सबब

स्वतंत्रता के बाद से ही चीन और पाकिस्तान भारत के लिए स्थाई सिरदर्द बने हुए हैंद्य पिछले दो दशक से अब कनाडा भी भारत के लिए परेशानी का सबक बन गया है। कनाडा शुरू से खालिस्तानी आतंकवादियों का केंद्र रहा है भारत में खालिस्तानी आतंकवाद को जन्म देने के लिए और भारत को अशांत करने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई,एस,आई उसे हर तरह की मदद ट्रेनिंग और आर्थिक मदद देता आ रहा है। खालिस्तान के आतंकवादियों को कनाडा के वीजा से पाकिस्तान गए पनाह देकर आतंकवादी गतिविधियों की ट्रेनिंग देता आया है इसके अलावा वह उन्हें फंडिंग भी करता है, कनाडा अपने राजनीतिक हित में आतंकवादियों और पाकिस्तान का अपने देश खुलकर साथ दे रहा है। यह तो कर विदित है कि चीन पाकिस्तान का भी वित्तपोषक है, और चीन से प्राप्त अरबों डॉलर की मदद का बड़ा हिस्सा अपनी सेना के बजट में शामिल करता है और पाकिस्तान आर्मी अपनी खुफिया एजेंसी की मदद से भारत में अन्य आतंकवादी संगठनों के साथ खालिस्तान आतंकवादियों को भी उकसाकर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देता है। भारत लगातार कनाडा तथा खालिस्तानी आतंकवादियों की गतिविधियों को उजागर कर संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में अपनी आवाज उठाता रहा है पर कनाडा पाकिस्तान और चीन के कान में जून तक नहीं रेंगती है। ड्रैगन एशिया की शांति के साथ वैश्विक शांति के लिए भी बहुत बड़ा खतरा बना हुआ है फिर चाहे दोस्ती का मामला हो या दुश्मनी का,चीन भारत का परंपरागत दुश्मन है ही और गाहे-बगाहे वह भारत की सीमा पर अतिक्रमण करता रहता है ।इसी तरह ड्रैगन अपने छोटे-छोटे मित्र राष्ट्रों को जिनकी वह मदद करता है उनके कई क्षेत्रों में कब्जा जमा चुका है, इसका सबसे बड़ा एवं ताजा उदाहरण श्रीलंका है। श्रीलंका चीन के कारण कंगाली के कगार पर पहुंच चुका था, अब पाकिस्तान की बारी है वह अब बाल्टीस्तान को पाकिस्तान से कई वर्षों के लिए अपनी दी गई उधारी के बदले लीज पर लेने वाला है वह भी पूरी तरह से कंगाल हो चुका है। पाकिस्तान की हैसियत अब चीन से लिए गए कर्जे को वापस करने की रह नहीं गई है कि इन परिस्थितियों में पाकिस्तानी सरकार ने चीन के सामने घुटने टेक दिए हैं, अब पाकिस्तान चीन की हर शर्त मानने को तैयार है। नेपाल तथा बांग्लादेश भी चीन की दादागिरी से त्रस्त हैंद्य चीन के लिए लद्दाख तथा हिमाचल प्रदेश में घुसपैठ का अनुकूल समय आने वाला है, वर्षा ऋतु तथा ठंड उसके लिए घुसपैठ का अनुकूल समय होता है ।भारत को सीमा पर चीन तथा पाकिस्तान से उसे सावधानी रखनी होगी तब जाकर देश की रक्षा हो सकेगी। अब ड्रैगन का एक ही सिद्धांत है विस्तार वाद और वह भी किसी भी कीमत पर,अब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक डिक्टेटर की तरह चीन के प्रशासन को हंटर से चला रहे है और विदेश नीति में वह अत्यंत लालची, विस्तार वादी हो गया है। चीन पिछले कई दशक से अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को बढ़ाने में लगा हुआ है। और इसी आर्थिक तथा युद्ध कला की शक्ति पर वह कई देशों को अपने कुत्सित इरादों के चलते खुलेआम धमकी भी देने लगा है। इजराइल फिलिस्तीन युद्ध के समय उसने फिलिस्तीन का साथ देते हुए इजरायल तथा अमेरिका को स्पष्ट तौर पर धमकाया था, कि युद्ध यदि आगे बढ़ा और अमेरिका ने इस युद्ध में दखल दिया तो अमेरिका बुरी तरह हार का मुंह देखेगा। चीन के प्रवक्ता ने यह भी कहा था कि इस युद्ध में अमेरिका की मुस्लिम देशों के प्रति उदारवादी मानव अधिकार की नीति कहां अचानक गायब हो गई,ऐसे में इसराइल तथा अमेरिका की चीन खुलेआम खिलाफत करता रहा है। चीन ने मूल रूप से चीन सागर तथा अरब सागर में अपने आप सामरिक बेड़े तथा समुद्री जहाजों को भेजकर वैश्विक स्तर पर अमेरिका फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान, मलेशिया, भारत,तथा अन्य पड़ोसी देशों में अशांति तथा भय का वातावरण बना दिया था ।




# आओ नोबेल पुरस्कार हासिल करने का बुलंद हौसला धारण करें



भारत के बढ़ते विकास और बौद्धिक क्षमता से भविष्य में नोबेल पुरस्कारों के छह क्षेत्रों में उपस्थिति दर्ज़ करने की संभावना का हौसला रखना ज़रूरी - एडवोकेट किशन भावनानीं गोंदिया

वैश्विक स्तरपर सबसे प्रतिष्ठित दुर्लभ पुरस्कारों की श्रेणी में नोबेल पुरस्कार आता है, जिसे पाने के लिए हर योग्य व्यक्ति ही नहीं बल्कि हर देश को लालसा होती है कि उन्हें या उनके नागरिकों को यह पुरस्कार मिले ।जिस तरह से भारत वर्तमान समय में हर क्षेत्र में सफलताओं के झंडे गाढ़ रहा है, उससे यह कयास लगाना लजमीं है कि आने वाले वर्षों में छह क्षेत्रों में भारत का नाम भी नोबेल पुरस्कार में शामिल होगा, इस बात को कुछ माह पूर्व नोबेल पुरस्कारों से जुड़े नार्वे के भारतीय मूल के सांसद हिमांशु गुलाटी ने भी कहा था कि जिस तेजी से भारत के नॉमिनेशन आ रहे हैं संभावना है कि,आने वाले वर्षों में इसका नतीजा सकारात्मक दिखे। वैसे तो नोबेल पुरस्कार संबंधी सर्वेक्षण टीम हर वर्ष भारत आती है जिसमें इस बार नार्वे भी शामिल था और हमारे माननीय पीएम का नमिनेशन नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सोशल मीडिया में भी नॉमिनेशन चला था। चूंकि अभी 2 से 9 अक्टूबर 2023 तक नोबेल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणाओं का क्रम शुरू है जिसमें दो अक्टूबर को चिकित्सा, तीन को भौतिकी और चार कोकेमिस्ट्री क्षेत्र में विजेताओं की घोषणा हो चुकी है,इसलिए आजहम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत के बढ़तेविकास और बौद्धिक क्षमता से भविष्य में नोबेल पुरस्कारों के छह क्षेत्रों में उपस्थिति दर्ज़ कराने कीसंभावना का हौसला रखना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम नोबेल पुरस्कारों के शेड्यूल और घोषणा शुरू होने की करें तो, नोबेल पुरस्कार 2023 का शेड्यूल जारी कर दिया गया है ।2023 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा 2 अक्टूबर 2023 से ज़ारी है। भारत में भी इसकी चर्चा खूब हो रही है,लेकिन इस बीच लोगों के मन में इससे जुड़े कई सवाल भी उठते हैं जिसकी जानकारीसबको नहीं होती। इस कड़ी में सबसे पहले वैज्ञानिक कैटेलिन कैरिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया है। इन दोनों वैज्ञानिकों को यह पुरस्कार कोविड-19 के प्रभावी टीकों से जुड़ी उनकी खोज के लिए दिया गया है। इसके बाद 3 अक्टूबर 2023 कोभौतिकी के नोबेल पुरस्कार का एलान किया गया है। इस श्रेणी के लिए 2023 का नोबेल प्राइज संयुक्त रूप से पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एल%हुलियर को दिया गया। इलेक्ट्रॉन्स पर अध्ययन के लिए यह सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उन प्रायोगिक तरीकों के लिए दिया गया, जिसमें पदार्थ में इलेक्ट्रॉन की गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न किए गए। एनी हुलियर फिजिक्स के इस क्षेत्र में नोबेल जीतने वाली पांचवीं महिला बनी हैं ।इसके बादबुद्धवार चार अक्टूबर 2023 को केमिस्ट्री के नोबेल विजेताओं की घोषणा की गई। वहीं साहित्य याने लिटरेचर के पुरस्कार की घोषणा 5 अक्टूबर को और नोबेल पीस प्राइज की घोषणा 6 अक्टूबर 2023 को होगी, जबकि 9 अक्टूबर 2023 को अर्थशास्त्र के नोबेल विजेताओं की घोषणा की जाएगी।

साथियों बात अगर हम नोबेल पुरस्कार वितरण की जटिल प्रक्रिया की करें तो, नोबेल पुरस्कारों की प्रस्तावना चयन और पाने के लिए संपूर्ण प्रक्रिया होती है, जिसकी कार्यवाही लगभग एक वर्ष पूर्व ही प्रारंभ कर दी जाती है। जिस वर्ष के लिए नोबेल पुरस्कार होता है, उसके पूर्व वर्ष के सितंबर माह में नोबेल पुरस्कार की प्रस्ताव के लिए प्रपत्र भेज दियाजाता है, जिसमें नाम प्रस्तावित करने होते हैं जो प्रस्तावित वर्ष के फरवरी माह में नाम के प्रस्ताव पर प्रस्तावित समिति से मांगे जाते हैं। मार्च से मई तक प्रत्येक विषय के लिए विशेषचयन समिति का गठन कर दिया जाता है, जो जून से अगस्त तक अपनी रिपोर्ट तैयार करते हैं, जो 5 से 6 पराग्राफ में होती है सितंबर माह में रिकॉर्ड रिपोर्ट अल्फ्रेड ट्रायल स्वीडिश विज्ञान अकादमी को सौंप दी जाती है। बता दें केवल जीवित व्यक्तियों को ही नोबेल पुरस्कार के लिए चुना जाता है परंतु चयन के बाद अगर चयनित प्रत्याशी की मृत्यु हो जाती है तो पुरस्कार दिया जा सकता है। नोबेल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा अक्टूबर माह में की जाती है जो मेडिसिन, भौतिक, केमिस्ट्री साइकोलॉजी, साहित्य, शांति और इकोनामिक साइंस के क्षेत्र में योग्य व्यक्तियों को दिया जाता है फिर पुरस्कारों के लिए प्रतिवर्ष सेल्फ ट्रेड नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को विजेताओं को पुरस्कार के रूप में एक स्वर्ण पदक एक प्रमाण पत्र और चार करोड़ से अधिक की धनराशि दी जाती है। नोबेल पुरस्कार विजेता एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों में नोबेल समिति के अतिथि होते हैं ।प्रस्ताव के नामों को पूर्णतया गुप्त रखा जाता हैं, ताकि कोई उन्हेंप्रभावित करने का प्रयास न कर सके ।प्रस्ताव में रॉयल स्वीडिश विज्ञान अकादमी के सदस्य, विषय के पूर्व नोबेल विजेता, स्वीडन, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड तथा नार्वे के विश्वविद्यालय व केरोस्का संस्थान स्टॉकहोल में नियुक्त स्थाई सहायक प्रोफेसर तथा स्वीडिश मिशन एकेडमी द्वारा स्वीकृत अन्य लोग सम्मिलित होते हैं, इसके अतिरिक्त कोई अन्यकिसी नाम का प्रस्ताव नहीं कर सकते प्रस्तावित नाम के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना 50 वर्षों तक किसी भी प्रकार से किसी को भी नहीं दी जा सकती। नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकन कोई भी वो व्यक्ति कर सकता है जो इसके नामांकन मानदंडों को पूरा करता है। नामांकन भरने के लिए निमंत्रण पत्र की जरूरत नहीं है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति नामांकन किए गए लोगों में से नोबेल शांति पुरस्कार विजेताओं का चयन करती है। 1 फरवरी से पहले नामांकन भेजा जा सकता है, इसके बाद समिती इन नामों पर चर्चा करती है और फरवरी से मार्च महीने के बीच एक लिस्ट तैयार की जाती है। चयन, समिति के सभी सदस्यों के वोटिंग के आधार पर होती है ।इसके बाद विजोताओं के नाम की घोषणा होती है। दिसंबर में उन्हें पुरस्कार दिया जाता है।

साथियों बात अगर हम नोबेल पुरस्कार को समझने की करें तो, यह एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो छह अलग-अलग क्षेत्रों में दिया जाता है। ये उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने पिछले वर्ष के दौरान मानव जाति को सबसे बड़ा लाभ पहुंचाया है। मूल रूप से यह पुरस्कार फिजिक्स, केमिस्ट्री, साइकॉलजी, मेडिसिन, साहित्य और शांति के क्षेत्र में दिया जाता है। इसमें शांति पुरस्कार की विशेषता यह है कि ये उस व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्रों के बीच फैलोशिप को आगे बढ़ाने, स्थायी सेनाओं को समाप्त करने या कम करने और शांति की स्थापना और प्रचार के लिए सबसे अधिक या सबसे अच्छा काम किया है। 1968 में इसमें सातवां पुरस्कार जोड़ा गया था जो आर्थिक विज्ञान के क्षेत्र में था। यह पुरस्कार आधिकारिक तौर पर नोबेल पुरस्कार नहीं है, लेकिन इसे अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में आर्थिक विज्ञान में स्वेरिजेस रिक्सबैंक पुरस्कार कहा जाता है ।इसकी स्थापना स्वेरिजेस रिक्सबैंक (स्वीडन का केंद्रीय बैंक) की ओर से की गई थी।

साथियों बात अगर हम नोबेल पुरस्कार पानें में भारत की स्थिति की करें तो, यहां अलग-अलग वर्ग में कुल 10 लोग नोबेल पुरस्कार जीत चुके हैं।

## शार्ट न्यूज

### राष्ट्रीय लोकदल नवंबर में निकालेगा चौधरी चरण सिंह संदेश रथयात्रा

बागपत। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) खेलकूद प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संजीव आर्य के अनुसार नवंबर माह में चौधरी चरण सिंह संदेश रथयात्रा का आयोजन करेगा। यह यात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 75 विधानसभा व 15 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यहां बड़ौत नगर में प्रेस वार्ता करते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेलकूद प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। यह किसान मजदूर नौजवानों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ने की यात्रा है। इस यात्रा की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा, रथयात्रा नवंबर के पहले सप्ताह में सहारनपुर से शुरू होगी। शामली, बड़ौत, बागपत, मोदीनगर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, गौतमबुद्धनगर होते हुए 23 दिसंबर को दिल्ली किसान घाट पर समाप्त होगी। इस रथ यात्रा के लिए रथ को सजाया जा रहा है। सरकार से अनुमति ली जा रही है। रूट मैप जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी से मिलकर तय होना बाकी है। जल्दी ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी से मिलकर पूरा रूट मैप तैयार कर लिया जाएगा।

### बहराइच में छह गो तस्कर गिरफ्तार

बहराइच। उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती ज़िले के सिरसिया क्षेत्र में मंगलवार और बुधवार की रात एक सशस्त्र मुठभेड़ में पुलिस ने छह गो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली से घायल पांच को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने शाहपुर शिवदीन गांव के पास नाकेबंदी कर वहां से गुजर रहे गो तस्करों को ललकारा जिस पर उन्होने पुलिस दल पर फायरिंग करते हुये भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पांच तस्कर घायल हो गये जबकि छठे को कुछ दूर पीछा करने के बाद धर दबोचा गया। इस दौरान तीन थानेदारों के बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी गोली लगी लेकिन वह बाल-बाल बच गए। उन्होने बताया कि गिरफ्तार सभी गो तस्कर आसपास के क्षेत्र के ही बताये जा रहे हैं। सर्च में आरोपियों के पास से मौके पर कई गोवंश बंधे मिले हैं। उन्हें छुड़ाकर चारा खिलाया गया। इसके बाद उन्हें गोशाला भिजवाया जा रहा है। आरोपियों के पास से पांच तमंचे और कारतूस बरामद किये गए हैं। इसके अलावा उनके पास से चाकू, बांका समेत गोकशी के कई औजार बरामद किए गए हैं। सभी आरोपियों की उम्र 35-40 वर्ष के बीच है। इनका क्रिमिनल रिकॉर्ड भी है। फिलहाल पांच को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक को जेल भेज दिया गया है।

### युवक की पिटाई मामले में जांच के आदेश

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजबाद जिले के थाना टूंडला क्षेत्र में पुलिसकर्मियों के एक व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई करने के मामले का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने संज्ञान लेते हुए बुधवार को आरोपी पुलिसकर्मियों और लाइन हाजिर कर दिया और मामले की जांच के आदेश दे दिये। मामले के संबंध में पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार मिश्रा ने जानकारी दी है कि पांच दिन पहले एक महिला की शिकायत पर पति के द्वारा मारपीट किए जाने पर नशे में धुत पति की बेरहमी से पीआरवी पुलिस सिपाहियों द्वारा किए जाने का वीडियो मंगलवार को वायरल हो गया। इस मामले में एसपी ने संज्ञान लेते हुए दोषी पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर करके जांच के आदेश दिए हैं। टूंडला क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद निवासी सतीश कुमार की पत्नी द्वारा शुक्रवार की रात में 112 पर फोन कर पुलिस से पति द्वारा मारपीट करने की शिकायत की गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने नशे में पति सतीश को कब्जे में करने के लिए अत्यधिक बल का प्रयोग किया गया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एसपी के निर्देश पर दोषी दो पुलिसकर्मी और एक होमगार्ड के खिलाफ लाइन हाजिर की कार्रवाई करते हुए संबंधित मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि पुलिस द्वारा की गई कार्यवाई से सतीश के गुप्तांगों पर भी चोट आई है।

### झांसी में ऑटो पलटने से वृद्ध किसान की मौत

झांसी। झांसी के भगवंतपुरा के पास ऑटो पलटने से वृद्ध किसान की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं समेत 5 सवारियां घायल हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर ऑटो लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।वृद्ध किसान अपनी सब्जी बेचने के लिए झांसी आ रहा था। हादसे के बाद परिजन रोते बिलखते हुए अस्पताल पहुंच गए। पुलिस पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गई है। बरुआसागर थाना क्षेत्र के फुटेरा गांव निवासी पूरन कुशवाहा (70) पुत्र देशराज कुशवाहा किसान थे। मंगलवार को वह अपनी सब्जी ऑटो में लोड करके बेचने के लिए झांसी ला रहे थे। ऑटो में अन्य सवारी भी बैठी हुई थी। ड्राइवर तेज गति में ऑटो चला रहा था। जब ऑटो भगवंतपुरा से आगे पहुंचा तो संतुलन बिगड़ गया। ऑटो सड़क किनारे जाकर पलट गया। हादसे में 6 सवारी घायल हो गई। ऑटो की नीचे दबने से पूरन के सिर में गंभीर चोट आई। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में एडमिट करवाया गया। जहां पर इलाज के दौरान बुधवार को पूरन कुशवाहा ने दम तोड़ दिया। हादसे में पूरन के पड़ोसी मानसिंह, उनकी पत्नी द्रौपदी, मां सुलियाबाई समेत 5 लोग घायल हो गए। मानसिंह ने बताया कि वह मां सुलियाबाई को जिला अस्पताल में दिखाने के लिए ला रहा था। ड्राइवर ऑटो को तेज गति में चला रहा था।

### बदायूं में मिली अलीगढ़ के युवक की लाश

बदायूं। बदायूं व संभल जिलों की सीमा पर युवक का शव पड़ा मिला। युवक अलीगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है। वहीं उसक् गले व पेट पर चोट के निशान देख मौके पर पहुंचे रिश्तेदारों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। ताकि मौत की वजह का पता लग सके। जरीफनगर थाना क्षेत्र में संभल की सीमा से सटे भीमपुर गांव के पास कलेथा चौराहे पर झाड़ियों में घास काट रहे किसानों को बुधवार दोपहर युवक की लाश पड़ी मिली। कुछ देर में ही पूरे गांव में इसकी सूचना पहुंच गई और देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव की तलाशी ली तो जींस की जेब में एक मोबाइल मिला। उस मोबाइल के जरिये जानकारी हुई कि युवक अलीगढ़ के थाना दादों इलाके के किस्तोली गांव का टिंकू (20) पुत्र रामजीलाल है। यह भी तथ्य उजागर हुआ कि कलेथा गांव में उसकी ननिहाल है। यहां रहने वाला दामोदर उसका मामा है। मामा दामोदर ने बताया कि मंगलवार दोपहर उसकी टिंकू से फोन पर बात हुई थी। वह सांकुरा में हो रहे रामलीला देखने जाने की बात कह रहा था। जबकि इसके बाद बुधवार को उसका शव मिला है। बताया जाता है कि युवक घर पर परिजनों से भी रामलीला देखने जाने की बात कहकर निकला था। सीओ सहसवान ने भी घटनास्थल का मुआयना कर पुलिस को जल्द खुलासे का निर्देश दिया है।

### एटा में दो हत्यारोपी गिरफ्तार

एटा। एटा के निधौली कलां पुलिस ने निधौली कलां क्षेत्रान्तर्गत युवक की हत्या के मामले में प्रकाश में आए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना क्रम के अनुसार 25 सितम्बर को वादी सोवरन सिंह पुत्र पोखपाल सिंह ग्राम नगला सीर थाना अवागढ जनपद एटा द्वारा थाना निधौलीकलॉ पर इस आशय की तहरीर दी थी कि वादी के बड़े बेटे चरनसिंह उम्र करीब 35 वर्ष की शादी कुशमा देवी पुत्री अमर सिंह निवासी कलकत्ती जनपद बुलन्दशहर से हुयी थी। वादी के बेटे व उसकी पत्नी में आपस में विवाद था। वादी की पुत्रवधु करीब 15 दिन पूर्व झगड़ा करके अपने मायके चली गयी थी। वादी का पुत्र चरनसिंह दिनांक 24 सितम्बर की सांय से घर से बिना बताये कहीं चला गया था। जिसका शव आज दिनांक 25 सितम्बर को निधौलीकलॉ क्षेत्र में गहराना के पास मिला था। उसके शरीर में काफी चोटें हैं। वादी ने शक व्यक्त किया था कि उसके बेटे को उसकी पुत्रवधू व उसके भाई क्रांती व पिता अमर सिंह तथा मौसा शेरा निवासी नगला मेवाती अवागढ व उसके प्रेमी द्वारा हत्या कर दी गयी है। इस सूचना पर थाना निधौलीकलॉ पर मुअसं 186/23 धारा 302 भादवि बनाम कुशमा, क्रांति, अमर सिंह, शेरा तथा कुशमा का प्रेमी नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

# आर्य समाज ने सबसे पहले घर वापसी से दिया था धर्मांतरण का जवाब : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्य समाज के स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया

बस्ती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में जब बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया जा रहा था, तो उस समय सबसे पहले आर्य समाज ने घर वापसी कराकर उसका जवाब दिया था। वहीं अंग्रेजों ने जब भारतीयों पर तुष्टीकरण की नीति को थोपा तब आर्य समाज ने देश में वैदिक आंदोलन की शुरुआत की। आर्य समाज भारत का जीवंत आंदोलन रहा है। एक समय था बस्ती से लेकर कराची तक आर्य समाज का बोलबाला था।

सीएम योगी ने बुधवार को होटल बालाजी में आर्य समाज बस्ती द्वारा आयोजित आर्य समाज के स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि



स्वदेशी और अछूतोद्धार के कार्यक्रम को आर्य समाज ने आगे बढ़ाया। आर्य समाज के आंदोलनों ने अनेक क्रांतिकारी दिए। काकोरी एक्शन के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल आर्य समाज की ही देन थे, जो एक प्रचारक के रूप में सांझापुर में कार्य करते थे। उस समय का हर क्रांतिकारी आर्य समाज के साथ जुड़कर गौरवान्वित महसूस करता था।

सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा को संस्कारों और आधुनिकता के साथ जोड़ने का कार्य आर्य समाज के संस्थापक महर्षी दयानंद सरस्वती ने किया था। उन्होंने कहा कि डीएवी को एक समय देश की सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में से एक माना जाता था, जहां पर वैदिक प्रार्थना और हवन यज्ञ के साथ दिन की शुरुआत होती थी। सीएम योगी ने कहा कि युग प्रणेता महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के साथ पूरा भारत जुड़ रहा है और उन्हें नमन कर रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ दिन पूर्व देश की राजधानी दिल्ली से महर्षि दयानंद सरस्वती जी के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। उन्होंने आर्य समाज के उस कार्यक्रम के माध्यम से देश और दुनिया में फैले लाखों आर्य वीरों को जागृत करने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से आर्य समाज की स्थापना का 150वां वर्ष प्रारंभ होने जा रहा है, जो देश और हमारे समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

# इटावा : दिल्ली जा रही मगध एक्सप्रेस में चला वन विभाग का रेस्क्यू ऑपरेशन

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर संचालित मगध एक्सप्रेस में सांप निकलने के बाद रेल यात्रियों में हड़कंप मच गया है। इसके बाद इटावा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर मगध एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नंबर दो पर रोक करके वन विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया लेकिन सांप को पकड़े जाने में कामयाबी नहीं मिल सकी है। फिलहाल मगध एक्सप्रेस को नई दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया है।

ऐसा माना जा रहा है कि अब सांप वाले कोच को अलग करके दिल्ली में सांप को बाहर निकालने की कवायद की जाएगी। इस्लामपुर से नई दिल्ली जा रही मगध एक्सप्रेस में उस समय हड़कंप मच गया जब एक सांप एसी कोच में देखा गया। रात करीब 01 बजे के आसपास कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन से मगध एक्सप्रेस के निकलने के बाद जैसे ही पनकी रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी आई वैसे ही सांप को देखे जाने के बाद रेल यात्रियों में हड़कंप मच गया। इटावा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर मगध एक्सप्रेस को रोक करके रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

वन विभाग के दरोगा सुरेश कुमार तिवारी की अगुवाई में वन विभाग की टीम ने वन्य जीव संस्थान स्कॉन के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया लेकिन सांप को पकड़ने में कामयाबी नहीं मिली। असल में ऐसा कहा गया है कि सांप रेल कोच की एक दराज में घुस गया है, इसके बाद फिलहाल उसको देखा जा पाना संभव नहीं है लेकिन सांप एसी कोच के भीतर ही घुसा हुआ है यह बात रेस्क्यू करने वाली टीम ने स्पष्ट कर दी है। राजकीय रेलवे पुलिस को आज सुबह 04 बजकर 32 मिनट पर रेलवे कंट्रोलर के जरिए इस बात की सूचना कि 20801 इस्लामपुर से नई दिल्ली जा रही मगध एक्सप्रेस के बी वन एसी कोच की सीट नंबर 57,58 ओर 59 पर कोई सांप है।

# अयोध्या में बस और ट्रक की भीषण टक्कर, 2 की मौत

**अयोध्या।** अयोध्या में बुधवार को तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे खड़ी डबल डेकर बस में टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नौ लोग घायल हो गए। वहीं घटना के बाद एनएच-27 पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने जाम को खुलवाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना कोतवाली नगर के नाका ओवर ब्रिज के पास का है।

पुलिस के मुताबिक, बस हरियाणा गुरुग्राम से बिहार के मधुबनी जा रही थी। अयोध्या नाका हाईवे पर बस का फाइन बेल्ट खराब हो गया। बस ड्राइवर गाड़ी को साइड में लगाया। बस में करीब 80 यात्री सवार थे। बस रुकने के बाद कुछ यात्री नीचे उतरे तो कुछ बस में ही सवार रहे।

करीब 5 बजे लखनऊ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बस को पीछे से टक्कर मार दी। बस में सवार दो लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। सभी मृतक और घायल बिहार के मथुबनी के रहने वाले है। घायलों को घायलों को दर्शन नगर मेडिकल



कॉलेज ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

गुरुग्राम से बिहार जा रही संगीता और कृष्ण कुमार ने बताया कि अयोध्या पहुंचने पर बस का बेल्ट टूट गया था। जिसके कारण बस हाईवे किनारे खड़ा था। तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे यह हादसा हो गया। पुलिस ने मृतकों की पहचान मोहम्मद ईसयेल नदाफ और रोहित कुमार के रूप में की है। जबकि घायलों की पहचान रामभजन (30) संतोष (25) गगन कुमार (24) देवनारायण शाहू (49) बच्चा माधव (2.5) धीरेंद्र पासवान ( 30) प्रियंका शर्मा (23) के रूप में हुई है। जबकि घायल इंद्रजीत और मुकुंद कुमार को ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है।

## सीतापुर : पुलिस के साथ मुठभेड़ में शातिर बदमाश गिरफ्तार

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के थाना महोली अंतर्गत बुधवार की सुबह लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय मार्ग के निकट कैम मोड पर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्रा ने इस संबंध में बताया कि आज सुबह एक सूचना के आधार पर महोली थाना अंतर्गत कैम मोड पर एसओजी टीम एवं थाना महोली की पुलिस की टीम के साथ वाहनों की चेकिंग के समय इनामी बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गई। इसने पुलिस पर फायरिंग कर दी पुलिस ने जवाबी फायरिंग में की जिसमें इसके पैर में गोली लगने से यह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने इसके पास से एक मोटरसाइकिल और एक तमंचा दो धोखे एक दो कारतूस बरामद किए। गिरफ्तार बदमाश 25000 का इनामिया बदमाश था यह अभी हाल ही में छूट कर आया था और अपराध करने लगा था। यह लगभग एक दर्जन मुकदमे में वांछित चल रहा था। पुलिस ने घायल अभियुक्त को अस्पताल उपचार हेतु भेज दिया है पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# सोनभद्र में जहरीली गैस से तीन की मौत

## मोटर निकालने के लिए कुएं में उतरे थे, एक को बचाने में दो की गई जान

**सोनभद्र।** सोनभद्र में बुधवार सुबह कुएं में लगे पंप को निकालने के लिए नीचे उतरे तीन लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। एक व्यक्ति को बचाने के लिए कुएं में उतरे दो अन्य लोग भी जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। ग्रामीणों ने तीन घंटे बाद किसी तरह कुएं में लोहे का कटिया डाल कर एक-एक करके तीनों को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें सीएचसी ले गए।

जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रास्ते में तीनों युवकों की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दिया। अधिकारियों ने किसी तरह उन्हें समझाकर जाम खुलवाया।

बिजवार गांव का रहने वाला 31 साल के सूर्य प्रकाश बुधवार की सुबह साढ़े छह बजे अपने घर के पास के कुंए में लगे मोनोब्लाक पंप को निकालने के लिए कुंए में उतर रहे थे। जब वह कुएं में नीचे पहुंचे तो बेहोश होकर पानी में गिर गए।

यह देख मौके पर मौजूद उसका बड़ा भाई दीपक (35) उसे बचाने के लिए कुएं में तुरंत उतर गया। इस दौरान वो



भी जहरीली गैस की चपेट में आ गया। दोनों भाई जब कुछ देर बाद भी कुएं से बाहर नहीं निकले तो पड़ोस में रहने वाले 40 वर्षीय बलवन्त भी दोनों को बचाने के लिए कुएं में उतरे, लेकिन दोनों भाइयों की तरह वह भी जहरीली गैस की चपेट में आ गए। बाद में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में तीनों युवकों की मौत हो गई।

डॉक्टरों द्वारा तीनों की मौत की पुष्टि के बाद परिजन और ग्रामीण आग बबूला हो गए और शव को लेकर गांव चले गए।

गांव जाते ही सड़क जाम कर पुलिस और अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। वहीं शव को सड़क पर रखकर जाम की सूचना पर मौके पर सदर एसडीएम और सीओ सदर फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। घण्टों समझाने के बाद परिजन और ग्रामीण माने, तब जाकर जाम हटा।

वहीं एडिशनल एसपी कालू सिंह ने बताया कि जिन लोगों की मौत हुई है, उसमें एक ही परिवार के दो व्यक्ति और एक पड़ोसी था। कुएं से मोटर पंप निकालने के दौरान ये हादसा हुआ। कुएं में पहले छोटा भाई सूर्यप्रकाश गया था, छोटा भाई जब कुएं से बाहर नहीं निकाला तो दूसरा बड़ा भाई दीपक कुएं में उतरा जब वो भी नहीं निकला तो लोगों ने शोर मचाया। जिसके बाद उसका पड़ोसी बलवंत कुएं में उतर गया। शायद ज़हरीली गैस की वजह से तीनों अचेत हो गए और कुएं से नहीं निकल पाए।

लोगों में इस बात का आक्रोश है कि पीएचसी अस्पताल पर जो सुविधा होनी चाहिए वह नहीं है। उसी को लेकर लोगों में गुस्सा था, जिसके बाद उन्होंने जाम लगा दिया। उन्हें समझाकर जाम खुलवाया गया। इसके बाद तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पीएचसी में डॉक्टरों और अन्य सुविधाओं की बाबत समाधान जल्द ही निकाला जाएगा।

# देवरिया : एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या मामले में चार और गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर लेहड़ा में जमीनी विवाद में एक ही परिवार के पांच लोग सहित छह लोगों की हत्या के बाद पुलिस की कार्रवाई जारी है और बुधवार को इस मामले में पुलिस ने चार और आरोपियों की गिरफ्तारी की।

पुलिस प्रवक्ता ने यहां बताया कि इस मामले में पुलिस ने मंगलवार को 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है तथा आज चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक ही परिवार के पांच सदस्यों के हत्या के आरोप में अब तक बीस लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।

प्रवक्ता ने बताया आज गिरफ्तार



लोगों में रमायन पाल, रघुवीर पाल, सुदामा पाल और सुप्रीम पाल हैं, जो ग्राम फतेहपुर टोला लेहड़ा के निवासी हैं। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस फोर्स तैनात है।

उधर इस वीभत्स हत्याकांड का आज यहां जायजा लेने आये पूर्व आईपीएस और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा अपराध रोकने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि जो हत्याकांड के असली आरोपी हों, उसी पर कार्रवाई हो और इस मामले में किसी भी निर्दोष की गिरफ्तारी ना हो।

उन्होंने कहा कि जांच कर पुलिस तह तक जाये। फतेहपुर के लेहड़ा टोले पर नरसंहार का जायजा लेने आये पूर्व आईपीएस ठाकुर को घटना स्थल पर जाने की कोशिश की तो वहां तैनात पुलिस ने क्राइम जोन स्थल पर जाने से रोक दिया। जिसके बाद पूर्व आईपीएस ने घटना स्थल के टोले पर स्थित अन्य घरों के लोगों से जानकारी ली। अमिताभ ठाकुर वर्ष 1998 में देवरिया के पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं।

## सड़क हादसे में असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सोरांव क्षेत्र के कुरगांव के पास हंडिया-कोखराज-हाईवे पर हुए सड़क हादसे में बुधवार की सुबह असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रोफेसर हंडिया थाना क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी डॉ. लक्ष्मीकांत मिश्र (40) कौशाम्बी जिले के भरवारी में स्थित भवंत मेहता डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर थे। वह सुबह बाइक से कालेज जा रहे थे। हंड़िया-कोखराज हाईवे पर कुरगांव के पास खड़े डंपर से उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल टकरा गई जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जेब से मिले कागज और मोबाइल आदि के माध्यम से उनकी पहचान डॉ. लक्ष्मीकांत मिश्र के रूप में किया।

# कैसरगंज में प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

एजेंसी

बहराइच। बहराइच के कैसरगंज कस्बे में बढ़ रहे अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाने के लिए बुधवार को प्रशासन एवं नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिससे व्यापारियों में हड़कंप है। अधिकारियों के साथ चल रहे बुलडोजर ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो अफरा तफरी मच गई।

एसडीएम पंकज दीक्षित व अधिशासी अधिकारी शिवम द्विवेदी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में तहसील गेट के सामने से लेकर रामलीला मैदान तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया और नाले को अतिक्रमण से मुक्त कराया। अतिक्रमण हटाने प्रक्रिया को लेकर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रमेन्द्र देव सिंह व पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी ने व्यापारियों के साथ जाकर एसडीएम से मुलाकात की और दो दिन की मोहलत मांगी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने अतिक्रमण को हटाने के लिए दो दिन का समय मांगा।एसडीएम ने व्यापारियों को 36 घंटे की मोहलत दी है।

एसडीएम पंकज दीक्षित ने बताया कि कैसरगंज कस्बे को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। व्यापार मंडल ने समय मांगा है। अगर 36 घंटे के अंदर व्यापारियों ने स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया तो प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। जिसकी जिम्मेदारी व्यापारियों की होगी।

# बरेली में 5 हजार की रिश्वत लेते अमीन अरेस्ट

बरेली। 5 हजार की रिश्वत लेते एंटी करप्शन की टीम ने बरेली में अमीन को अरेस्ट किया है। पीड़ित से बिजली की आरसी की तारीख बढ़ाने पर यह घूस ली गई है। इसकी शिकायत पीड़ित ने एंटी करप्शन के अधिकारियों से की थी।

कल एंटी करप्शन की टीम ने अमीन को रंगेहाथ पकड़ लिया। जिसके बाद टीम, अमीन को अरेस्ट करके कोतवाली थाने लेकर पहुंची। जहां बंद कमरे में पूछताछ की। उसके बाद अमीन के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज कराया जा रहा है।

### आरसी के नाम पर ली गई घूस

बरेली में किला थाना क्षेत्र के पंजाबपुरा मोहल्ले के वाले मोहम्मद याकूब पर बिजली का बिल बकाया है। बिजली विभाग ने आरसी जारी कर दी। इस पर पीड़ित याकूब बिजली विभाग के चक्कर काट रहा था। तहसील में तैनात



अमीन रामजी शरण लगातार दबाव बनाने लगा की आरसी कट गई है, इसमें जेल भी जाना पड़ सकता है। जिसमें पहले अमीन ने 20 हजार रुपए मांगे, बाद में 10 हजार रुपए में समझौता हुआ। आज पीड़ित याकूब 5 हजार रुपए लेकर पहुंचा था। जैसे ही अमीन ने पांच हजार रुपए घूस के लिए तभी एंटी करप्शन की टीम ने अमीन को दबोच लिया। जिसके बाद टीम आरोपी को अरेस्ट करके थाने लेकर पहुंची। इस दौरान तहसील के कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। एंटी करप्शन बरेली यूनिट के प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवीण सान्याल ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## नेपाल में बवाल के बाद सड़कों पर सन्नाटा

बहराइच। नेपाल में मंगलवार को हुए बवाल के बाद से सन्नाटा पसरा है। पुलिस का सायरन बजने पर लोग घरों की छतों से सड़कों को देख रहे हैं। लोगों के गुस्से को काबू करने के लिए अनिश्चित कालीन कर्फ्यू लगा हुआ है। भारत की सीमा के अंदर शांतिपूर्ण माहौल बना रहे, इसके लिए डीएम व एसपी ने बॉर्डर का जायजा लिया और लोगों से शान्ति बनाए रखने की अपील की। पड़ोसी देश नेपाल के सीमा से सटे नेपालगंज में मंगलवार को हुए दंगे का असर दूसरे दिन बुधवार को भी देखने को मिल रहा है। बुधवार को सड़कों पर सिर्फ ईंट और पत्थर दिख रहे हैं। जो मंगलवार को हुई पत्थर बाजी का असर है। बुधवार की सुबह से कर्फ्यू के चलते सभी बाजारों में सन्नाटा पसरा है और सिर्फ सुरक्षा कर्मी नजर आ रहे हैं। वहीं लोग घरों में कैद होकर पल पल की खबर ले रहे है। सूत्रों की माने तो नेपालगंज में अभी भी भारी तनाव बरकरार है और लोग डर के साए में है।

# मुजफ्फरनगर में पुल निर्माण के लिए भाकियू का धरना-प्रदर्शन

## कुटेसरा से देवबंद जाने वाला गंगनहर का पुल 28 अगस्त को हुआ था क्षतिग्रस्त, किसान परेशान

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में गंगनहर पर खुरकट वाली झाल का पुल 28 अगस्त को क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके चलते किसान अभी तक परेशान हैं। पुल निर्माण की मांग करते हुए भारतीय किसान यूनियन ने मौके पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा के नेतृत्व में हजारों किसानों ने धरना शुरू कर दिया। पुल टूटने से मुजफ्फरनगर के कुटेसरा से सहारनपुर के देवबंद सहित कई गांवों का रास्ता बंद हो गया। कुटेसरा के किसानों को नहर पार कर खेतों में जाने में समस्या बढ़ गई है। पशुओं का चारा भी नहीं लाया जा सका।

मुजफ्फरनगर में देवबंद की तरफ से चरथावल की ओर गंगनहर आती है।



कुटेसरा के निकट खुरकट वाली झाल का पुल 28 अगस्त को क्षतिग्रस्त हो गया था। पुल के नीचे की मिट्टी दरकने से देवबंद की तरफ जाने का रास्ता बंद हो गया। कुटेसरा के किसानों के खेत पुल पार होने के कारण पशुओं के लिए चारा लाने में लंबी दूर तय करनी पड़ रही है। पुल से गुजरकर ग्रामीण सहारनपुर के गांव इमलिया, गुनारसी, रणखंडी और देवबंद शुगर मिल पर निकलते हैं। ग्राम प्रधान नय्यूम ने पुल दरकने की सूचना सिंचाई विभाग के शीशपाल को दी थी। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा ने पुल निर्माण की मांग उठाई थी। किसान नेता विकास शर्मा ने कहा कि सिंचाई विभाग की लापरवाही और हटधर्मिता के कारण 10 हजार बीघा खेत सिंचाई से वंचित है। आने-जाने का रास्ता भी बाधित है। ग्राम कुटेसरा में नहर का पुल जो कि करीब 80 साल पुराना था वह टूट गया है। उसी को लेकर आज धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। विकास शर्मा ने कहा कि जब तक पुल का निर्माण नहीं होगा तब तक धरना जारी रहेगा। मौके पर ठाकुर बृजपाल राणा, ताजिम त्यागी, सरफराज त्यागी, मुंतरीज त्यागी मौजूद रहे।

## शार्ट न्यूज

### 60 करोड़ डॉलर का भारत-जापान फंड लांच

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना फंड (एनआईआईएफ) ने 60 करोड़ डॉलर का भारत-जापान फंड (आईजेएफ) लांच करने के लिए जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ साझीदारी की है जिसमें जेबीआईसी और भारत सरकार एंकर निवेशकों के रूप में रहेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह संयुक्त पहल ऐसे साझा प्राथमिकता वाले क्षेत्र अर्थात जलवायु और पर्यावरण में दोनों देशों के बीच सहयोग के एक प्रमुख आयाम का संकेत देती है। भारत-जापान फंड भारत में जापान के निवेश को बढ़ाने के अतिरिक्त पर्यावरणगत स्थिरता और निम्न कार्बन उत्सर्जन कार्यनीतियों में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह घोषणा एनआईआईएफ के पहले द्विपक्षीय फंड को चिन्हित करती है जिसमें भारत सरकार लक्षित कोष में 49 प्रतिशत का योगदान देगी और शेष 51 प्रतिशत का योगदान जेबीआईसी द्वारा दिया जाएगा। इस फंड का प्रबंधन एनआईआईएफ लिमिटेड द्वारा किया जाएगा और जेबीआईसी आईजी एनआईआईएफएल को भारत में जापान के निवेश के बढ़ाने में सहायता करेगी। भारत-जापान फंड पर्यावरणगत स्थिरता और निम्न कार्बन उत्सर्जन कार्यनीतियों में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगा और इसका लक्ष्य भारत में जापान के निवेश में और वृद्धि करने के लिए 'पसंद का भागीदार बनने की भूमिका का निर्वाह करना है।

### लूम सोलर ने सौर समाधानों का संग्रह किया पेश

ग्रेटर नोएडा। सौर टेक स्टार्ट-अप लूम सोलर ने आज से शुरू हुये आरईआई एक्सपो 2023 में अपने मिशन-जीरो एमिशन अभियान के अंतर्गत इनोवेटिव सौर समाधान पेश किए। कंपनी ने कहा कि इनमें डिज़ाइन एस्थेटिक की ज़रूरत वाले डीआईवाई प्रोजेक्ट और सरकार के लिए कस्टमाइज़ेबल छोटे सौर पैनल्स के साथ भारत के सर्वाधिक क्षमता के सौर मॉड्यूल शार्क 575 -700 डब्ल्यू टॉपकॉन बाईफेशियल 16 बस बार, आईओटी बेस्ड एनर्जी स्टोरेज सॉल्यूशन अटलांटा 5 केडब्ल्यूएस से 45 केडब्ल्यूएच , हाई फ्रीक्वेंसी सौर इन्वर्टर फ्यूजन 3केडब्ल्यू से 100 केडब्ल्यू शामिल हैं। इस अवसर पर लूम सोलर के विपणन प्रमुख निशी चंद्रा ने कहा, भारत आज ऐसे ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशंस का विकास और वितरण कर रहा है, जिनमें कार्बन फुटप्रिंट और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने की क्षमता है। अपने मिशन ङ्क जीरो उत्सर्जन की मदद से हम घरों और ऑफिसों में कार्बन फुटप्रिंट कम करने के देश के लक्ष्य में अपना योगदान देना चाहते हैं। इसी उद्देश्य के साथ आज हमने अपने सौर समाधान लॉन्च किए हैं, जो भविष्य के अनुरूप हैं, और हमारे ग्राहकों की बढ़ती हुई बिजली की जरूरत को पूरा करने में समर्थ हैं। उन्होंने कहा कि ये सॉल्यूशन आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, कृषि एवं अन्ययोगों के लिए उद्योग के सर्वश्रेष्ठ सौर समाधान प्रदान करने के लूम सोलर के उद्देश्य के अनुरूप हैं।

### ओपेक के महासचिव से मिले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, की ये अपील

नई दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के महासचिव से मुलाकात की और ओपेक की ओर से कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती और वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र पर उनके प्रभाव के बारे में बताया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ओपेक से मौजूदा आर्थिक स्थिति की गंभीरता को समझने का आग्रह किया और महासचिव से तेल बाजारों में व्यावहारिकता, संतुलन और सामर्थ्य की भावना पैदा करने को कहा। तीन अक्टूबर 2023 को वार्षिक अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन (एडीआईपीईसी) 2023 के मौके पर, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने ओपेक के महासचिव, हैथम अल-घैस के साथ द्विपक्षीय चर्चा की। बयान में कहा गया है, वैश्विक हित में, मंत्री ने यह सुनिश्चित करके वैश्विक ऊर्जा बाजारों को संतुलित करने की वकालत की कि कच्चे तेल की कीमतें उपभोक्ता देशों की भुगतान क्षमता से अधिक न हों। संचयी रूप से, ओपेक और ओपेक + ने 2023 के बाद से बाजार से तेल की उपलब्धता को 4.96 एमबी/डी तक कम कर दिया है, जिससे ब्रेंट की कीमतें जून में लगभग 2022 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर सितंबर 2023 में लगभग 97 डॉलर प्रति बैरल हो गई हैं।

### मेटा में फिर छंटनी की तैयारी

नई दिल्ली। वॉट्सऐप और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा में फिर छंटनी की तैयारी चल रही है। कंपनी रियलमी लैब्स डिवीजन में नौकरियों में कटौती करने की तैयारी कर रही है। यह टीम कंपनी के लिए कस्टम चिपसेट बनाती है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, कर्मचारियों को कंपनी के पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से पहले ही छंटनी के बारे में सूचित किया जा चुका है। रिपोर्ट में कहा गया है कि छंटनी बुधवार को हो सकती जब प्रभावित कर्मचारियों को उनकी स्थिति के बारे में सूचित किया जाएगा। मेटा ने छंटनी के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। हालांकि, रिपोर्ट से पता चलता है कि कटौती फेसबुक एजाइल सिलिकॉन टीम या एफएएसटी के रूप में जानी जाने वाली टीम में होगी। इन छंटनी के संभावित महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है, क्योंकि वे मुख्य कार्यकारी मार्क जुकरबर्ग की संवर्धित और आर्टफिशियल उत्पादों को बनाने की महत्वाकांक्षी परियोजना को प्रभावित कर सकते हैं जो मेटावर्स के रूप में जानी जाने वाली इमर्सिव आभासी दुनिया तक पहुंच प्रदान करते हैं। इसमें एआर चश्मे का विकास भी शामिल है जिसके बारे में जुकरबर्ग का मानना है कि यह प्रौद्योगिकी के साथ हमारी बातचीत में क्रांति लाएगा।

### बिग बिलियन डेज के विज्ञापन को लेकर विवाद

नई दिल्ली। महानायक अभिताभ बच्चन एक बार सुर्खियों में छा गए हैं। व्यापारियों के संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया (कैट) ने ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट और मेगास्टार अमिताभ बच्चन के खिलाफ उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में शिकायत दर्ज कराई है। कैट ने फ्लिपकार्ट के आगामी बिग बिलियन डे सेल को लेकर जारी विज्ञापन को भ्रामक बताया है, जिसमें बच्चन ने काम किया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) में दर्ज शिकायत में कैट ने विज्ञापन को देश के छोटे व्यापारियों के खिलाफ बताया है और विज्ञापन को वापस लेने की मांग की है। संगठन ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत गलत या भ्रामक विज्ञापन के लिए फ्लिपकार्ट पर अर्थदंड और बच्चन पर 10 लाख का जुर्माना लगाने की भी मांग की है। फ्लिपकार्ट ने इस मामले में जवाब के लिए भेजे गए मेल पर उत्तर नहीं दिया, जबकि बच्चन से संपर्क नहीं हो सका। शिकायत में कहा गया है कि विज्ञापन में एक जगह बच्चन उपभोक्ताओं से कह रहे हैं कि बिग बिलियन डे सेल में मोबाइल पर जो डील ऑनलाइन मिल रही है, वह रिटेल स्टोर्स पर ऑफलाइन उपलब्ध नहीं होगी।

### विकास को अब टियर दो और तीन शहरों से मिल रही गति :निर्मला सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि कार्पोरेट गर्वनेंस लाने में कंपनी सचिवों की महत्ती भूमिका का उल्लेख करते हुये कहा कि अब देश के विकास को टियर दो और टियर तीन शहरों से गति मिल रही है। सीतारमण ने यहां भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि पिछले तीन वर्षों में भारत में 230 अबर डॉलर का निवेश आया है। इसके मद्देजनर कंपनी सचिवों की कार्पोरेट गर्वनेंस लाने के क्षेत्र में बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि ऐसे गैर जरूरी 39 हजार कानून और नियम समाप्त किये गये हैं जो अनुपयोगी हो चुके हैं। इसके माध्यम से कारोबारी सुगमता पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि दुनिया में वैश्विक क्षमता केन्द्रों में भारत की भागीदारी अभी 45 प्रतिशत है और इन वैश्विक केन्द्रों में सात हजार स्टार्टअप काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन वैश्विक क्षमता निर्माण केन्द्रों की स्थापना में आईसीएसआई की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# आवासीय मांग छह साल के उच्चतम स्तर पर : नाइट फ्रैंक इंडिया

**मुंबई।** भू-सम्पत्ति बाजार पर अध्ययन एवं परामर्श सेवाएं देने वाली प्रमुख कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया ने बुधवार को अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि देश के आठ प्रमुख शहरों में आवासीय मांग इस समय छह साल के उच्च स्तर पर है जिसमें एक करोड़ रुपये या उससे ऊपर के घरों की मांग में तेजी का बड़ा योगदान है।

नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट 'इंडिया रियल एस्टेट- तीसरी तिमाही, 2023' में कहा गया है कि जुलाई-सितंबर 2023 के दौरान, इन बाजारों में 82,612 आवासीय इकाइयों की बिक्री दर्ज की गयी जो सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

रिपोर्ट के अनुसार देश में आवासीय अचल संपत्ति बाजार में गतिशील मांग में सुधार का संकेत है और तीसरी तिमाही में बिक्री का झुकाव मुख्य रूप से मध्य और प्रीमियम मूल्य वाली इकाइयों की ओर था। इस दौरान किफायदी श्रेणी के मकानों की बिक्री गिरी और यह खंड संभत: ब्याज दरों के बढ़ने से प्रभावित हुआ है।

नाइट फ्रैंक का कहना है संख्या के हिसाब से 2023 की तीसरी तिमाही में तिमाही की बिक्री छह साल का उच्चतम रिकार्ड है।

रिपोर्ट के अनुसार कोलकाता में साल-दर-साल 105 प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि देखी गई, जिसका मुख्य कारण 2022 की तीसरी तिमाही के दौरान रियल एस्टेट विनिमयन अधिनियम (रेरा) के चलते स्थानीय बाजार के वातावरण में परिवर्तन के कारण बिक्री कम रही थी। निम्न तुलनात्मक आधार का असर इस बार के कांकड़ों पर झलकता है। इसी तरह इन आठ बड़े बाजारों में दिल्ली एनसीआर में बिक्री में सालाना आघार पर 27 प्रतिशत तथा पुणे में 20 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि दिखी।

शेष बाजारों में तीसरी तिमाही के दौरान वृद्धि का प्रतिशत दस प्रतिशत से नीचे रहा।

रिपोर्ट के अनुसार 2023 की तीसरी तिमाही के दौरान 23 प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ, 85,549 इकाइयों की आपूर्ति का स्तर काफी बढ़ गया था क्यों कि डेवलपर कंपनियां मजबूत मांग का फ़ायदा उठाने की कोशिश कर रही थीं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आलोच्य अवधि में एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों की बिक्री एक साल पहले की इसी अवधि से 39 प्रतिशत ऊंची रही। इस दौरान 50 लाख से एक करोड़ रुपये के मध्यम खंड के मकानों का की बिक्री में सालाना आधार पर 14 की वृद्धि रही ।

तीसरी इस तिमाही में एक करोड़ रुपये से अधिक की कीमत वाले कुल 28,642 फ्लैट बिके जबकि 50 लाख ङ्क एक करोड़ रुपये की लागत वाले घरों की बिक्री 29,827 इकाई रही ।

रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान किफायती घर की श्रेणी (50 लाख रुपये से कम कीमत वाले मकान) की बिक्री में एक साल पहले से 10 प्रतिशत की गिरावट दिखी। इस खंड में 24,143 मकान बिके।

प्रीमियम संपत्तियों की ओर बढ़ते रुझान के कारण, देश भर में सभी बाजारों में कीमतों का स्तर मांग के अनुरूप बढ़ा, जिसमें हैदराबाद में मकान की दरों में साल-दर-साल 11 प्रतिशत की सबसे महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे समय जबकि रिजर्व बैंक ने नीतिगत ब्याज दर में पिछले साल से इस वर्ष के शुरू के महीनों के दौरान प्रतिशत 2.50 अंक की वृद्धि कर रेपो को 6.5 तक कर दिया है । उसके बावजूद बाजार मजबूत है। ब्याज दर का प्रभाव किफायती श्रेणी की बिक्री पर दिखता है।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा,आवासीय बिक्री में तेजी जारी है और यह कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। मजबूत मांग के बीच आपूर्ति के लिए डेवलपर्स द्वारा परियोजनाएं शुरू करने की वजह से मकानों की इन्वेंट्री स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, लेकिन कुल मिलाकर बाजार की सेहत में सुधार हो रहा है। बढ़ी हुई ब्याज दरों और कीमतों का उच्च कीमत के घर खरीदारों पर बहुत कम प्रभाव पड़ा है, लेकिन किफायती श्रेणी गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। इस श्रेणी में मांग को प्रोत्साहित करने और विकास व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए और हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी, निर्यात पांच गुना करने का लक्ष्य

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को अधिसूचित किया। सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड देश में हल्दी और हल्दी उत्पादों के विकास और वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करेगा।



ठाकुर ने कहा कि इससे हल्दी उत्पादक तेलंगाना और अन्य राज्यों में किसानों को फायदा होगा तथा हल्दी का निर्यात एक अरब डालर ( 8500 करोड़ रुपये) तक जा सकता है जो अभी 1600 करोड़ रुपये के बराबर है। उन्होंने कहा कि इस समय हल्दी उत्पादक राज्यों में कुल 3.34 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती होती है। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खास कर तेलंगाना के हल्दी किसानों की चिर लंबित मांग पूरी की है। उन्होंने कहा, 'हमारे किसानों ने तय किया था कि जब तक हल्दी बोर्ड नहीं बनेगा वे पांव में चप्पल नहीं डालेंगे। अब हमारी पार्टी (भाजपा) ने तेलंगाना के हल्दी किसानों को जगह जगह चप्पल भेंट करने का कार्यक्रम आयोजित किया है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी इसी सप्ताह हल्दी बोर्ड के गठन की घोषणा की थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड इससे संबंधित मामलों में नेतृत्व प्रदान करेगा, प्रयासों को मजबूत बनाएगा तथा हल्दी क्षेत्र के विकास और वृद्धि में मसाला बोर्ड और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ अधिक समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा।

सरकार का कहना है कि हल्दी के स्वास्थ्य और कल्याण लाभों पर विश्व भर में महत्वपूर्ण संभावनाएं और रुचि है, जिसका लाभ बोर्ड जागरूकता और खपत बढ़ाने, निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करने, नए उत्पादों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने तथा मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए हमारे पारंपरिक ज्ञान के विकास का काम करेगा। यह विशेष रूप से मूल्य संवर्धन से अधिक लाभ पाने के लिए हल्दी उत्पादकों की क्षमता निर्माण और कौशल विकास पर फोकस करेगा। बोर्ड गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों और ऐसे मानकों के पालन को भी प्रोत्साहित करेगा। बोर्ड मानवता के लिए हल्दी की पूरी क्षमता की सुरक्षा और उपयोगी दोहन के लिए भी कदम उठाएगा।

बोर्ड की गतिविधियां हल्दी उत्पादकों के क्षेत्र पर केंद्रित और समर्पित फोकस तथा खेतों के निकट बड़े मूल्यवर्धन के माध्यम से हल्दी उत्पादकों की बेहतर भलाई और समृद्धि में योगदान देंगी, जिससे उत्पादकों को उनकी उपज के लिए बेहतर कीमत मिलेगी। अनुसंधान, बाजार विकास, बढ़ती खपत और मूल्य संवर्धन में बोर्ड की गतिविधियां यह भी सुनिश्चित करेंगी कि हमारे उत्पादक और प्रोसेसर उच्च गुणवत्ता वाले हल्दी और हल्दी उत्पादों के निर्यातकों के रूप में वैश्विक बाजारों में अपनी प्रमुख स्थिति बनाए रखना जारी रखेंगे।

विज्ञप्ति के अनुसार हल्दी बोर्ड में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष, आयुष मंत्रालय, केंद्र सरकार के फार्मास्यूटिकल्स, कृषि और किसान कल्याण, वाणिज्य और उद्योग विभाग, तीन राज्यों के वरिष्ठ राज्य सरकार के प्रतिनिधि (रोटेशन के आधार पर), अनुसंधान में शामिल राष्ट्रीय/राज्य संस्थानों, चुनिंदा हल्दी किसानों और निर्यातकों के प्रतिनिधि होंगे, बोर्ड के सचिव की नियुक्ति वाणिज्य विभाग द्वारा की जाएगी।

भारत विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है। वर्ष 2022-23 में 11.61 लाख टन (वैश्विक हल्दी उत्पादन का 75 प्रतिशत से अधिक) के उत्पादन के साथ भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई थी। भारत में हल्दी की 30 से अधिक किस्में उगाई जाती हैं और यह देश के 20 से अधिक राज्यों में उगाई जाती है। हल्दी के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु हैं।

हल्दी के विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत से अधिक है। 2022-23 के दौरान, 380 से अधिक निर्यातकों द्वारा 20.74 करोड़ डालर मूल्य के 1.534 लाख टन हल्दी और हल्दी उत्पादों का निर्यात किया गया था।

भारतीय हल्दी के लिए प्रमुख निर्यात बाजार बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और मलेशिया हैं। बोर्ड की केंद्रित गतिविधियों से यह उम्मीद की जाती है कि 2030 तक हल्दी निर्यात अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

# नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म 'खुल के' लॉन्च

नयी दिल्ली। स्वदेशी नेटवर्किंग ऐप 'खुल के' को लाँच करने की आज घोषणा की गयी जिसका उद्देश्य भारतीयों को खुलकर अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना है।

'खुल के' के संस्थापक एवं सीईओ पीयूष कुलश्रेष्ठ ने यह घोषणा करते हुये कहा कि ऐप भारतीयों को एक-दूसरे से जुड़ने, घुलने-मिलने और सामूहिक लोकतंत्र में भागीदारी करने के तरीके में बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार है। यह ऐप ऑडियो-विजुअल कंटेट तक पहुंच प्रदान करने के साथ सामुदायिक निर्माण की गतिविधियों में शामिल है। इस ऐप से समान विचार रखने वाले और उन्हें शेयर करने वाले लोगों से बातचीत कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि टेस्टिंग के दौरान ही इस ऐप ने महीने दर महीने 10 से 15 प्रतिशत की दर से विकास किया है। इससे व्यापक नज़रिए के साथ सार्थक बातचीत को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐप देश के सामने ज्वलंत मुद्दों पर भारत के पद्म पुरस्कार विजेताओं के साथ शुरू की गई बातचीत और सभी की सार्थक भागीदारी से संपूर्ण इकोसिस्टम बनाने के मुद्दे पर अपनी रोशनी बिखेरने के लिए तैयार है। पद्म पुरस्कार विजेता असल जिंदगी में सच्चे अर्थों में लोगों को प्रभावित करते हैं। उन्हें इस ऐप के माध्यम से महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार पेश करने के लिए सोशल मीडिया का आदर्श मंच प्रदान किया जा रहा है। उन्हें लिविंग लीजेंड और प्रेरणा देने वाले रोल मॉडल के रूप में सम्मान प्राप्त है। उनकी शोहरत और प्रतिष्ठा उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के इतिहास का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि अनोखे और शानदार इंटरव्यू के अनुभव को संजोने की अटूट प्रतिबद्धता के साथ ऐप इन प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेताओं के असाधारण अनुभवों, उपलब्धियों और योगदान को समाज के सामने लाने का प्रयास करता है।

यह ऐप यूजरों को पद्म पुरस्कार विजेताओं के उल्लेखनीय जीवन और समाज पर उनके अमिट प्रभाव के शानदार सफर का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता है। यह ऐप पद्म पुरस्कार विजेताओं और महात्मा गांधी के सिद्धांतो की उत्कृष्टता और समाजसेवा के उनके कार्यों का एक जीता-जागता प्रमाण है।

यह ऐप हम सभी को अपने देश के गुमनाम नायकों की पहचान करने और उनके कार्यों की सराहना करने के लिए प्रेरित करता है।

## संसाधनों के प्रबंधन में कॉर्पोरेट जगत की भूमिका ट्रस्टी की होनी चाहिए : मुर्मु



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कहा कि संसाधनों के प्रबंधन में कॉर्पोरेट जगत की भूमिका ट्रस्टी की होनी चाहिए।

राष्ट्रपति ने आज यहां भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के 55वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि परिवर्तन ही प्रकृति का नियम है। अगर हम परिवर्तन के साथ सहज नहीं हैं, या अगर हम समय के साथ अपने नज़रिए, पद्धति और काम करने के तरीके को नहीं बदलते हैं तो सुशासन की हमारी आकांक्षा पूरी नहीं होगी। चाहे वह एआई जैसे नए तकनीकी आविष्कार हों, या नियामक माहौल में बदलाव हो, इन सभी बदलावों के साथ हमें भी बदलना होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आर्थिक हो या सामाजिक विकास, हम अग्रणी राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हैं। ऐसे में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे पेशेवर न केवल योग्य और सक्षम हों, बल्कि साहसी तथा रचनात्मक भी हों। उन्होंने कहा कि भारत के कॉर्पोरेट प्रशासन का भविष्य कंपनी सचिवों की इच्छाशक्ति और कार्यों पर निर्भर करता है। वे भारत को 'गुड कॉरपोरेट गवर्नेंस' के साथ-साथ 'गुड गवर्नेंस' का रोल मॉडल भी बना सकते हैं।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट रही जारी

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर धातु, पावर, रियल्टी, ऑटो और बैंकिंग समेत 17 समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में आज लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही।



बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 286.06 अंक का गोता लगाकर 65226.04 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 92.65 अंक लुढ़ककर 19436.10 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.52 प्रतिशत टूटकर 31,877.06 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत गिरकर 37,428.66 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3795 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2387 में बिकवाली जबकि 1295 में लिवाली हुई वहीं 113 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियां गिरावट जबकि 11 तेजी पर रही वहीं दो के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 17 समूह लाल निशान पर रहे। इस दौरान कमोडिटीज 1.00, सीडी 1.01, ऊर्जा 0.73, वित्तीय सेवाएं 0.91, हेल्थकेयर 1.47, इंडस्ट्रियल्स 1.22, दूरसंचार 1.45, यूटिलिटीज 1.42, ऑटो 1.09, बैंकिंग 1.33, कैपिटल गुड्स 1.33, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.64, धातु 1.98, तेल एवं गैस 0.87, पावर 1.53, रियल्टी 1.83 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.02 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.13, जर्मनी का डैक्स 0.16 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान का निक्केई 2.28 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.78 प्रतिशत गिर गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 181 अंक की गिरावट लेकर 65,330.65 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 64,878.77 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 65,332.52 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा लेकिन बिकवाली हावी रहने से अंत में यह पिछले दिवस के 65,512.10 अंक के मुकाबले 0.44 प्रतिशत टूटकर 65,226.04 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 82 अंक उतरकर 19,446.30 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,333.60 अंक के निचले जबकि 19,457.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,528.75 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत गिरकर 19,436.10 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स गिरावट पर रही 22 कंपनियों में एक्सिस बैंक ने सबसे अधिक 4.38 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही एसबीआई 2.82, एनटीपीसी 2.55, इंडसइंड बैंक 2.38, अल्ट्रासिमको 2.22, टाटा स्टील 2.11, बजाज फिनसर्व 2.03, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.93, मारुति 1.90, सन फार्मा 1.77, एलटी 1.52, टाटा मोटर्स 1.10, टेक महिंद्रा 0.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.91, आईटीसी 0.85, आईसीआईसीआई बैंक 0.69, रिलायंस 0.17, पावरग्रिड 0.15 और विप्रो के शेयर भी 0.14 प्रतिशत टूटे। वहीं, नेस्ले इंडिया 2.91, एचडीएफसी बैंक 1.52, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.51, इंफोसिस 0.81, टीसीएस 0.61, एचसीएल टेक 0.25, भारती एयरटेल 0.08 और एशियन पेंट ने 0.04 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## दुबई की कंपनी का अतिरिक्त निवेश हमारे कारोबार की वैश्विक पहचान को मजबूत करने वाला : अदाणी समूह

एजेंसी

अहमदाबाद। अरबपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी समूह ने अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) में अपने निवेश को बढ़ाने के दुबई की कंपनी आईएचसी के फैसले पर खुशी जताते हुए मंगलवार को कहा कि यह निवेश नए-नए कारोबारों , विशेष कर टिकाऊ बुनियादी ढांचे के विकास जैसे क्षेत्र में अदाणी समूह की विश्व स्तर पर अग्रणी भूमिका की बढ़ती पहचान को दर्शाता है।

समूह के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां कहा कि एईएल में हिस्सा बढ़ाने का एचसीएल का कदम 'नए व्यवसायों को बढ़ावा देने, विशेष रूप से टिकाऊ बुनियादी ढांचे, वैश्विक विमानन बुनियादी ढांचे के विकास और स्वच्छ ऊर्जा की ओर न्यायसंगत संक्रमण की दिशा में वैश्विक स्तर पर एईएल की अगुवाई की स्थिति की पहचान को और अधिक मजबूत करता है।'

प्रवक्ता ने कहा,हम आईएचसी की बढ़ी हुई हिस्सेदारी को हमारी मजबूत पूंजीगत व्यय योजनाओं, प्रशासन और पारदर्शिता के जोरदार समर्थन के रूप में देखते हैं।

आईएचसी के साथ यह अंतर-पीढ़ीगत संबंध भारत की गतिशील विकास क्षमता को अच्छी तरह से दर्शाता है और हमारे हितधारकों को पर्याप्त रिटर्न प्रदान करता है।

गौरतलब है कि अबू धाबी स्थित आईएचसी कैपिटल होल्डिंग एलएलसी ने एंटरप्राइजेज लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 5 प्रतिशत से ऊपर कर ली है। आईएचसी शाखा ग्रीन विटैलिटी आरएससी लिमिटेड ने अपनी सहायक कंपनियों ग्रीन एंटरप्राइजेज इन्वेस्टमेंट होल्डिंग आरएससी लिमिटेड और ग्रीन एनर्जी इन्वेस्टमेंट होल्डिंग आरएससी लिमिटेड के साथ भारतीय कम्पनी में और 0.06 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की, जिससे अहमदाबाद मुख्यालय वाली कंपनी, एईएल में उनकी संयुक्त हिस्सेदारी 5.04 प्रतिशत हो गई है।

### डॉ. धनंजय दातार 'आइकॉन ऑफ दुबई अवॉर्ड' से सम्मानित

पुणे। मसाला किंग एवं आदिल ग्रुप ऑफ सुपरमार्केट के संस्थापक डॉ. धनंजय दातार को खुदरा उद्योग में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए इंडिया टुडे ग्रुप ने प्रतिष्ठित आइकॉन ऑफ दुबई पुरस्कार से सम्मानित किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारतीय राजनयिक एवं राजनेता डॉ. शशि थरूर ने डॉ. दातार को यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर राजदीप सरदेसाई, नबीला जमील, ओम कश्यप और श्वेता सिंह के अलावा कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति थे। डॉ.दातार ने 50 से अधिक खुदरा सुपरमार्केट, आटा मिलों और मसाला कारखानों के साथ, सस्ती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने में अभिन्न भूमिका निभाई है।

## पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने पेंगुइन क्लासिक्स स्टोर लॉन्च किया

कोलकाता। देश के अग्रणी प्रकाशन गृह पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने इस माह में दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और कोलकाता में पेंगुइन क्लासिक्स स्टोर के लॉन्च के साथ राष्ट्रीय पुस्तक माह की शुरुआत की है।

मीडिया के एक बयान के अनुसार, साल भर चलने वाली इस पहल का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय क्लासिक्स की सबसे व्यापक और सबसे अधिक मांग वाली रेंज को एक किताब की दुकान की छत के नीचे लाना है। यह पहल पाठकों को एक अद्वितीय साहित्यिक अनुभव प्रदान करेगी, जो उन्हें अज्ञात लेखकों का पता लगाने और शुरू से अंत तक उन लेखों की खोज करने की अनुमति देती है। पेंगुइन ने दिल्ली में एक पुरानी बुकस्टोर श्रृंखला, बहरीसंस के पांच स्टोरों के साथ साझेदारी की है तथा मुंबई में किताब खाना के साथ हाथ मिलाया है, जो एक और विरासती किताबों की दुकान है।

बैंगलोर में, पेंगुइन एक प्रिय स्वतंत्र किताबों की दुकान ब्लॉसम्स के साथ सहयोग कर रहा है, जो दशकों से पुस्तक प्रेमियों के लिए एक केंद्र रहा है। कोलकाता में, साझेदारी का नेतृत्व स्टारमार्क द्वारा किया जाएगा, जो कोलकाता में बड़े प्रारूप वाली पुस्तक खुदरा बिक्री के अग्रदूतों में से एक है। प्रत्येक बुकस्टोर पर पेंगुइन क्लासिक्स स्टोर रोमांचक माल और रोमांस, विचित्र साहित्य, रहस्य, थ्रिलर और विज्ञान सहित विभिन्न शैलियों के तहत सिफारिशों का एक सावधानीपूर्वक क्यूरेटेड चयन प्रदान करेगा।

## शार्ट न्यूज

### एशियन गेम्स में डोपिंग के दो मामले मिले

हांगझोउ। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने मौजूदा एशियाई खेलों में दो डोपिंग मामले मिलने की पुष्टि की है। ओसीए ने मंगलवार को कहा कि सऊदी अरब के लंबी दूरी के धावक मोहम्मद यूसुफ अल-असीरी को उनके 26 सितंबर के परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ डार्बेपोएटिन (डीईपीओ) के लिए सकारात्मक परिणाम आने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। पहला मामला पिछले गुरुवार को सामने आया था जब अफगानिस्तान के मुक्केबाज मोहम्मद खैबर नूरिस्तानी प्रतिबंधित पदार्थों नॉरएंड्रोस्टेरोन और क्लोस्टेबोल मेटाबोलाइट 4-क्लोरो-3ए-हाइड्रॉक्सी-एंड्रोस्ट-4-एन-17-वन के लिए परीक्षण में पाजिटिव पाये गये थे। ओसीए के अनुसार, दोनों एथलीटों को बी नमूने के विश्लेषण का अनुरोध करने का अधिकार है।

### मान ने भारतीय हॉकी टीम को एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचने पर दी बधाई

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को चीन के हांगझोउ में चल रहे एशियाई खेलों के फाइनल में प्रवेश करने के लिए भारतीय हॉकी टीम को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने भारतीय हॉकी टीम की जीत की सराहना करते हुए कहा कि यह देश के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हॉकी टीम ने शानदार सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को (5-3) से हराकर एशियाई खेलों के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। इस खुशी के पल को साझा करते हुए श्री मान ने कहा कि पूरी टीम ने इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए प्रत्येक देशवासी को गौरवान्वित किया है। हॉकी के उज्ज्वल भविष्य पर विश्वास करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि वह दिन दूर नहीं जब हमारा राष्ट्रीय खेल-हॉकी जल्द ही अपना प्राचीन गौरव हासिल कर लेगा। मान ने उम्मीद जताई कि हॉकी टीम की यह दुर्लभ उपलब्धि उन लाखों युवाओं को प्रेरित करेगी जो खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। मुख्यमंत्री ने टीम के उज्ज्वल भविष्य और सफलता की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि टीम खिताबी मुकाबला जीतकर देश का नाम और रोशन करेगी।

### सुनील कुमार ने भारत को दिलाया कांस्य पदक

हांगझोउ। सुनील कुमार ने बुधवार को ग्रीको-रोमन 87 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर एशियन गेम्स 2023 कुश्ती में भारत के लिए पहला पदक जीता। हांगझोउ के लिनन स्पोर्ट्स कल्चर एंड एग्जीबिशन सेंटर में भारतीय पहलवान ने किर्गिस्तान के अताबेक अज़ीसबेकोव को 2-1 से हराया। सुनील पहले राउंड के बाद पिछड़ रहे थे और चोटिल लग रहे थे मगर उन्होंने सिर पर पट्टी बांधकर मैट पर वापसी की और अंतिम दौर में स्कोर के अंतर को कम करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। सुनील कुमार के द्वारा जीता गया यह कांस्य पदक, 13 साल पहले चीन के गुआंगझोऊ में रविंदर सिंह और सुनील कुमार राणा के कांस्य पदक जीतने के बाद ग्रीको-रोमन कुश्ती में भारत का पहला पदक था। सुनील कुमार ने, भारत के 27 साल के इंतज़ार को ख़त्म करते हुए 2020 एशियाई चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था। भारतीय पहलवान ने एशियन गेम्स 2023 में राउंड ऑफ 16 से अपने अभियान की शुरुआत की थी जहां उन्होंने चीन के फ़ेई पेंग को 4-3 से हराया था। इसके बाद उन्होंने ताजिकिस्तान के सुखरोब अब्दुलखेव पर 9-1 की बड़ी जीत दर्ज की। हालांकि, मौजूदा एशियाई चैंपियन को ईरान के नासेर अलीज़ादेह के ख़िलाफ़ 5-1 से हार का सामना करना पड़ा।

### अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम धर्मशाला पहुंची

धर्मशाला। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में सात अक्तूबर को होने वाले विश्व कप के मैच के लिए अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम धर्मशाला पहुंच गई है। अपराह्न करीब पौन तीन बजे स्पाइस जेट के विमान में अफगानिस्तान की टीम गगल हवाई अड्डे पर लैंड की। जहां पर एचपीसीए के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। गगल हवाई अड्डे से सबसे पहले आफगानिस्तान टीम के स्टार गेंदबाज राशिद खान बाहर आए। इसके बाद बारी-बारी अन्य खिलाड़ी बाहर निकले और योल के पास ताज होटल के लिए रवाना हो गए। इस दौरान अफगानिस्तान टीम के मैंटो अजय जडेजा भी धर्मशाला पहुंचे हैं। आईसीसी वनडे विश्व कप में अफगानिस्तान टीम का पहला मुकाबला सात अक्टूबर को बंगलादेश के साथ धर्मशाला स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के लिएबंगलादेश और अफगानिस्तान की टीमों के कप्तान छह अक्तूबर को धर्मशाला पहुंचेगे। अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम में हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान, नवीन उल हक शामिल हैं। धर्मशाला में होने वाले पहले तीन मैचों की ऑफलाइन टिकटें स्टेडियम में वीरवार से काउंटर पर मिलना शुरू हो जाएंगी।

### 37वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिये गोवा तैयार

गोवा। आगामी 25 अक्टूबर से नौ नवंबर के बीच प्रस्तावित 37वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने के लिये गोवा खेल प्राधिकरण ने कमर कस ली है। खेल महाकुंभ मेंमल्लखंब, कलारीपयट्टू, गतका समेत 43 खेल विधाएं शामिल हैं जिनमें आठ हजार से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति (एनजीओसी) और गोवा खेल प्राधिकरण इस भव्य प्रदर्शन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। तैयारी के तहत तीन हजार से अधिक नवनियुक्त स्वयंसेवक गोवा प्रीमियर स्पोर्टिंग इवेंट में इतिहास बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति (एनजीओसी) सक्रिय रूप से स्वयंसेवकों को भर्ती कर रही है। गोवा के उत्साही युवाओं से चुने गए ये व्यक्ति न केवल राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे, बल्कि एक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में गोवा की प्रतिष्ठा में भी योगदान देंगे। इन स्वयंसेवकों की भूमिका अपरिहार्य है, क्योंकि वे राष्ट्रीय खेलों की रीढ़ बनकर इसके सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेंगे। पहले ही हासिल किए गए कई मील के पत्थर के साथ, एनजीओसी अब स्वयंसेवकों के लिए एक ऑनलाइन आवेदन पत्र लॉन्च कर रहा है। यह डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म उन लोगों को अपनी जानकारी सत्यापित करने और अपडेट करने की अनुमति देगा, जिन्होंने पहले ऑफ़लाइन पंजीकरण किया था, जिससे किसी भी संभावित गुमनामी की समस्या समाप्त हो जाएगी।

### भारत, दक्षिण कोरिया को हराकर फाइनल में पहुंचा

हांगझोउ। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को एशियाई खेल 2023 में पुरुष हॉकी स्पर्धा के सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 5-3 से हरा दिया है। भारत ने आज जीत की लय बरक़रार रखते हुए आक्रमक अंदाज में पहले क्वार्टर में 3-0 गोल किए। मजबूत डिफेंस के साथ भारत ने कोरिया को गोल करने करने मौके नहीं दिया। खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद हार्दिक सिंह ने फील्ड गोल कर अपनी टीम का खाता खोला। इसके बाद मनदीप सिंह ने 11वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। पहले क्वार्टर के आखिरी समय में ललित उपाध्याय ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। दूसरे क्वार्टर में भारत को गोल के ज्यादा मौके नहीं मिले। भारत के लिए चौथा गोल अमित रोहदास ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए किया। इस क्वार्टर में कोरिया ने दो गोल दागे। दोनों गोल मंजे जंग ने किए, जिसमें पहला गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए दूसरा गोल था। पहले हाफ की समाप्ति तक मैच में भारत ने 4-2 से अपनी बढ़त को बनाए रखा। भारत की ओर से हार्दिक सिंह (5वें मिनट), मनदीप सिंह (11वें मिनट), ललित उपाध्याय (15वें मिनट), अमित रोहतास (24वें मिनट) और अभिषेक (54वें मिनट) ने गोल किए। वहीं, कोरिया की तरफ से मंजे जंग ने 17वें, 20वें, 42वें मिनट में गोल दागे। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में दक्षिण कोरिया ने भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया। भारतीय टीम ने मजबूत डिफेंस दिखाया और गोल के कई मौके बनाए।

# भारत, ऑस्ट्रेलिया की टीमें पहुंची चेन्नई, आठ अक्टूबर को पहली भिड़ंत

चेन्नई। भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें विश्व कप में आठ अक्टूबर को अपना पहला मैच खेलने के लिये बुधवार को चेन्नई पहुंचीं।

दोनों टीमों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उनके होटल तक पहुंचाया गया। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप का यह मुकाबला रविवार को ऐतिहासिक एम.ए.चिदंबरम में खेला जाएगा। दोनो टीमो के आज ही अभ्यास करने की उम्मीद थी।

भारत ने हाल ही में खेली गयी द्विपक्षीय तीन मैचों की सीरीज में आस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया था जिसके बाद भारतीयों के हौसले बुलंद है। टीम में विराट कोहली, जसप्रित बुमाह, हार्दिक पंड्या शामिल थे जबकि रविचंद्रन अश्विन को अंतिम समय में टीम में बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के चोटिल होने के बाद शामिल किया गया।

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर, चेन्नई के दामाद ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस को भी एयरपोर्ट पर देखा गया। चेपॉक में 22 गज की पट्टी आमतौर पर स्पिनरों को मदद करती है, लेकिन यह अभी भी पहेली बनी हुई है। चेन्नई ने पहले भी कुछ हाई स्कोरिंग वनडे मैच देखे हैं। उम्मीद है कि दोनों टीमें अच्छे से विचार करने के



बाद अपने अंतिम एकादश की घोषणा करेंगी। 35 हजार से अधिक दर्शक क्षमता वाले स्टेडियम में मैच की टिकटें पहले ही बिक चुकी है जिससे रविवार को हाई वोल्टेज मुकाबले में स्टेडियम के खचाखच भरे रहने की उम्मीद है। इस साल मार्च में पवेलियन स्टैंड और मद्रास क्रिकेट क्लब (एमसीसी) स्टैंड को ध्वस्त कर दिया गया था। लगभग 90 करोड़ रुपये की लागत से इसका पुनर्निर्माण किया गया और इनका उद्घाटन मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने किया।

दो नए स्टैंड और नवीनीकृत आई, जे एंड के स्टैंड के उद्घाटन के साथ, जो कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था। कई वर्षों तक चली कानूनी उलझनों के बाद दो साल बाद फिर से खोला गया। ऐतिहासिक स्टेडियम अब भव्य दिखता है। क्रिकेट के शौकीन स्टालिन ने स्टेडियम में एक गैलरी का नाम तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम.करुणानिधि के नाम पर रखा है।

टीमें इस प्रकार हैं

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, आर.अश्विन, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव।

आस्ट्रेलिया : पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, सीन एबॉट, कैमरून ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा, मिशेल स्टार्क।

# नीरज चोपड़ा ने जीता स्वर्ण, जेना की चांदी

हांगझोउ। एशियाई खेलों में बुधवार को जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण और किशोर कुमार जेना ने रजत पदक जीता। ओलंपिक स्पोर्ट्स पार्क मेन स्टेडियम में आयोजित इवेंट स्थल पर तकनीकी समस्याओं के कारण नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो रद्द कर दिया गया था। उसके बाद उन्होंने अपना पहला थ्रो दोबारा फेंका। नीरज चोपड़ा ने अपने चौथे प्रयास के साथ सीजन का सर्वश्रेष्ठ 88.88 मीटर थ्रो करते हुए एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी ने जकार्ता 2018 में स्वर्ण पदक जीता था और महाद्वीपीय प्रतियोगिता में यह भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी का दूसरा स्वर्ण पदक था। वहीं, किशोर कुमार जेना ने न केवल हांगझोऊ में अपना पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय पदक जीता, बल्कि उसी दिन वह एक बार नहीं बल्कि दो बार अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। जेना भाला फेंक स्टैंडिंग में कुछ समय के लिए नीरज से आगे थे। किशोर अपने तीसरे थ्रो के साथ (86.77 मीटर) इस साल की शुरुआत में बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ (84.77 मीटर) थ्रो को पार कर लिया।



वहीं, अपने चौथे थ्रो में उन्होंने और सुधार करते हुए 87.54 मीटर का थ्रो फेंका। इसके साथ ही उन्होंने एशियन गेम्स 2023 में रजत पदक जीता।

इसके अलावा जापान के रोडरिक जेनकी डीन ने 82.68 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता, जिसे उन्होंने अपने पांचवें थ्रो में हासिल किया।

## रोमांचक मुकाबले में बंगलादेश दो रन से जीता

हांगझोउ। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को बंगलादेश बनाम मलेशिया के चौथे क्रिकेट क्वार्टर फाइनल में बंगलादेश ने गेंदबाजों के अंतिम ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रोमांचक मुकाबले में दो रन से जीत हासिल की है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 2.5 ओवर में तीन रन पर तीन विकेट गंवा दिये। उसके दोनों ओपनर परवेज़ हुसैन इमॉन और महमुदुल हसन जॉय अपना खाता भी नहीं को खोल सके। परवेज़ हुसैन इमॉन को विजय उन्नी ने पगबाध और महमुदुल हसन जॉय को पवनदीप सिंह ने रन आउट किया। उसके बाद ज़ाकिर हसन को पवनदीप सिंह ने अनवर रहमान के हाथों कैच आउट कराकर तीसरा विकेट ढहा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान सैफ हसन 52गेंदों में 50 रनों की नाबाद पारी, अफ़िफ़ हुसैन ध्रुबो के 14 गेंदों पर 23 रन की पारी का अंति पवनदीप सिंह ने जुबैदी जुल्फिकली के हाथों कैच कराकर किया।

# दबाव झेलने के लिये तैयार हूं : रोहित

अहमदाबाद। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि यह कहना गलत होगा कि विश्व कप को लेकर टीम पर दवाब नहीं है मगर टीम का हर सदस्य इस दवाब से उबर कर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखता है हालांकि टीम विश्व कप का परिणाम तय करने के बजाय एक समय पर एक मैच पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की रणनीति पर मेहनत करेगी।

यह पहला मौका है जब भारत इकलौते दम पर विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। पिछले तीन मौकों 1987, 1996 और 2011 में सह-मेजबान रहे हैं। भारत की कोशिश होगी कि 1983 और 2011 का कारनामा अपनी सरजमीं पर दोहराये और विश्व कप अपनी झोली में डाले। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को अच्छी तरह पता है कि उनकी टीम पर घरेलू धरती पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव है मगर उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम आगे बढ़ सकती है। बुधवार को आईसीसी कैप्टन्स कॉल पर बोलते हुए रोहित ने कहा मै विश्व कप में टीम का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं। मुझे पता है कि आयोजन से पहले दबाव होगा, लेकिन मुद्दा इससे उबरने का है। टीम के सभी सदस्य उस दबाव से गुज़रने के आदी हैं, चाहे वे भारत में खेल रहे हों या बाहर। दबाव एक ऐसी चीज़ है जो किसी खिलाड़ी को नहीं छोड़ती है। जब तक आप खेल खेलते हैं, दबाव हमेशा रहेगा। इसलिए इसे एक तरफ रखें, काम पर ध्यान केंद्रित करें। यह कहना बहुत आसान है, लेकिन यह कठिन होगा मगर मुझे यकीन है कि हमने वास्तव में अच्छी तैयारी की है और जब तक आप वास्तव में अच्छी तैयारी करते हैं, इससे आपको किसी



भी खेल में काफी आत्मविश्वास मिलता है। 1983 में कपिल देव के नेतृत्व में पहला विश्व कप जीतने के बाद 1987 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारतीय टीम इंग्लैंड से हार गयी थी जबकि 1996 में श्रीलंका ने भारतीयो का सफर सेमीफाइनल में ही खत्म कर दिया था। भारत ने 2011 संस्करण में अपने सितारे जमाए और इतिहास में दूसरी बार विश्व कप जीता। क्रिकेट विश्व कप के पिछले तीन संस्करणों में मेजबान देशों भारत (2011), ऑस्ट्रेलिया (2015) और इंग्लैंड (2019) ने विश्व कप अपने नाम किया है। खिलाड़ियों की शानदार फार्म और घरेलू मैदान के चलते मौजूदा विश्व कप में भारत के जीतने की संभावना प्रबल हो गयी है मगर भारतीय कप्तान इस संयोग से इत्तिफाक नहीं रखते हैं। रोहित ने कहा इसके बारे में ज़्यादा नहीं सोच रहा हूँ। ईमानदारी से कहूं तो, जब विश्व कप के पिछले तीन संस्करणों में ऐसा हुआ है, लेकिन मैं बस इतना कह सकता हूं कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे, अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और टूर्नामेंट का आनंद लेंगे।

# परमाणु पनडुब्बी में 55 सैनिकों की मौत

## ऑक्जीजन सिस्टम फेल होने से दम घुटा; अभी तक न्यूक्लियर लीकेज की खबर नहीं

चीन की एक परमाणु पनडुब्बी में हुए हादसे में उसके 55 सैनिकों के मारे जाने की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना 21 अगस्त की है। चीनी पनडुब्बी पीले सागर में एक बैरियर से टकरा गई, जिसकी वजह से उसका ऑक्सीजन सिस्टम फेल हो गया। इसके बाद दम घुटने से सैनिकों के मारे जाने की खबर आई।

यूके की एक सीक्रेट रिपोर्ट के मुताबिक ऑक्सीजन सिस्टम फेल होने के बाद इसे ठीक करने में 6 घंटे लग गए। इस दौरान पनडुब्बी में ऑक्सीजन कम हो गई और दम घुटने से सभी लोगों की मौत हो गई। हालांकि अब तक पनडुब्बी से रेडियोएक्टिव रिसाव की खबर नहीं है।

खबर यह भी है कि चीन ने चेन और एंकर से बना यह बैरियर ब्रिटिश और अमेरिकी पनडुब्बियों को फंसाने के लिए लगाया था, लेकिन उसकी ही



सबमरीन इसमें फंस गई। हादसे में चीनी नेवी के कैप्टन कर्नल जू योंग-पेंग और 21 अधिकारियों की मौत होने की खबर है। हालांकि चीनी अधिकारियों ने किसी भी हादसे से इनकार किया है।

### 21 अगस्त को यलो सी में ऑपरेशन के दौरान हुआ हादसा

डेली मेल के मुताबिक, ये हादसा 21 अगस्त को रात करीब : बजे हुआ था। तब न्यूक्लियर सबमरीन किसी मिशन के लिए यलो सी में मौजूद थी। जिन लोगों की मौत हुई हैं उनमें चीन की PLA नेवी के ऑफिसर कैडेट, छोटे पद पर मौजूद अधिकारी और कई दूसरे सैनिक थे।

### न्यूक्लियर पनडुब्बी 351 फीट लंबी, टॉरपीडो से लैस

चीन की टाइप 093 पनडुब्बियां पिछले 15 सालों से नौसेना का हिस्सा हैं। यह 351 फीट लंबी और टॉरपीडो से लैस हैं।

टाइप 093 चीन की एडवांस्ड पनडुब्बियों में से एक है और इसमें शोर न के बराबर होता है। इससे पहले सीएनएन ने अगस्त में रिपोर्ट दी थी कि चीन की नौसेना ने दुनिया का सबसे बड़ा डेवलपमेंट किया है। इसमें 340 से ज्यादा युद्धपोत हैं।

### साल 2000 में हुआ अब तक का सबसे बड़ा सबमरीन हादसा

इससे पहले अगस्त 2000 में रूस की एक न्यूक्लियर सबमरीन में विस्फोट हो गया था। इस हादसे में 118 रूसी नौसेनिकों की मौत हो गई थी। क्रेमलिन ने शुरुआत में इन खबरों से इनकार करते हुए ब्रिटेन-नॉर्वे की तरफ से दिए गए मदद के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। रूस की इस लापरवाही की वजह से सबमरीन में शुरुआत में जो लोग जिंदा थे, उन्हें भी बचाया नहीं जा सका था। ये दुनिया में सबमरीन से जुड़ा अब तक का सबसे बड़ा हादसा था, जो बैरेंट्स सी में उस वक्त हुआ, जब टेस्ट लॉन्च के वक्त एक टॉरपीडो में विस्फोट हो गया। ब्लास्ट की वजह से सबमरीन में मौजूद दूसरे टॉरपीडो भी डेटोनेट हो गए थे, जिससे सबमरीन समुद्र के तल पर पहुंच गई थी।

## तीन वैज्ञानिक 2023 का नोबेल रसायन पुरस्कार करेंगे साझा

स्टॉकहोम। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के तीन वैज्ञानिकों मोंगी जी बावेंडी, लुईस ई ब्रूस और एलेक्सी आई एकिमोव ने 'क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए' रसायन विज्ञान में 2023 का नोबेल पुरस्कार जीता। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को यह घोषणा की। संस्था की ओर से जारी बयान में कहा गया, नैनोटेक्नोलॉजी के ये सबसे छोटे घटक अब टेलीविजन और एलईडी लैंप से अपनी रोशनी फैलाते हैं तथा कई अन्य चीजों के अलावा ट्यूमर ऊतक को हटाते समय सर्जनों का मार्गदर्शन भी कर सकते हैं। इस साल यह सम्मान संयुक्त रूप से मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मौंगी जी. बावेंडी, कोलंबिया विश्वविद्यालय से लुईस ई. ब्रूस और नैनोक्रिस्टल टेक्नोलॉजी में काम करने वाले एलेक्सी आई. एकिमोव को दिया गया है। पुरस्कार 'क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण' के लिए के लिए दिया गया है। रसायन विज्ञान का अध्ययन करने वाला प्रत्येक व्यक्ति यह सीखता है कि किसी तत्व के गुण इस बात से नियंत्रित होते हैं कि उसमें कितने इलेक्ट्रॉन हैं। हालांकि, जब पदार्थ नैनो-डायमेंशन में सिकुड़ जाता है तो क्वांटम फेनोमेना पैदा होता हैं। ये पदार्थ के आकार से नियंत्रित होते हैं। रसायन विज्ञान 2023 में नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने इतने छोटे कण बनाने में सफलता हासिल की है कि उनके गुण क्वांटम घटना से निर्धारित होते हैं। कण, जिन्हें क्वांटम डॉट्स कहा जाता है, अब नैनोटेक्नोलॉजी में बहुत महत्व रखते हैं।

## वकील ने इमरान, कुरैशी की बंद कमरे में सुनवाई को 'असंवैधानिक' बताया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के वकील बैरिस्टर सलमान सफदर ने बुधवार को सिफर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी की बंद कमरे में सुनवाई को 'असंवैधानिक' करार दिया। समाचारपत्र 'डॉन' के मुताबिक सफदर ने अदियाला जेल के बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की, जहां विशेष अदालत ने सिफर मामले की सुनवाई की अध्यक्षता की। सिफर मामला एक राजनयिक दस्तावेज़ से संबंधित है जो कथित तौर पर खान के पास से गायब हो गया था। पीटीआई का आरोप है कि इसमें पार्टी अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से धमकी दी गई थी। तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में एक अदालत द्वारा तीन साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद, खान को पांच अगस्त, 2023 को अटक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था। सजा के निलंबन के बाद यह सामने आया कि वह सिफर मामले में न्यायिक रिमांड पर थे। गत 26 सितंबर को, दोनों पीटीआई नेताओं की न्यायिक हिरासत 10 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई और इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के आदेश के अनुसार, पीटीआई प्रमुख को अटक जिला जेल से रावलपिंडी की अडियाला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## बाल्टीमोर में विश्वविद्यालय परिसर के पास गोलीबारी में चार घायल

न्यूयॉर्क। अमेरिका में मॉर्गन स्टेट यूनिवर्सिटी के पास हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोग घायल हो गए है। बाल्टीमोर पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनबीसी न्यूज ने बाल्टीमोर पुलिस प्रवक्ता के हवाले से कहा, आज रात कम से कम चार लोगों को गोली मार दी गई। प्रवक्ता ने कहा कि चोटों को जानलेवा नहीं माना जा रहा है। बाल्टीमोर पुलिस ने एक्स पर कहा कि इस घटना को अब सक्रिय शूटर की स्थिति नहीं माना जाता है। यूनिवर्सिटी ने एक्स पर लिखा, यूनिवर्सिटी कैंपस में शेल्टर-इन-प्लेस आदेश हटा दिया गया है। गन वायलेंस आर्काइव ने कहा कि अमेरिका में पिछले वर्षों की तुलना में 2023 में बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। पिछले एक दशक में चार या अधिक लोगों के मारे जाने या घायल होने वाली सामूहिक गोलीबारी के मामलों की संख्या लगभग तीन गुना हो गई है। 2014 में अमेरिका में ऐसे 272 मामले दर्ज किए गए। गोलीबारी के मामलों की संख्या 2020 में 610 हो गई और तब से यह बढ़ रही है।

# अमेरिकी संसद के स्पीकर को हटाया गया

## विपक्षी सांसद को पहली बार सत्ताधारी पार्टी का साथ मिला; 11 अक्टूबर को नया स्पीकर चुना जाएगा

अमेरिका में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर केविन मैक्कार्थी को उनके पद से हटा गिया गया है। मंगलवार को हुई वोटिंग में रूलिंग पार्टी डेमोक्रेटिक के 208 सांसदों ने मैक्कार्थी को पद से हटाने के लिए वोट दिया। रिपब्लिकन पार्टी के 8 सांसदों ने भी स्पीकर के खिलाफ वोट दिया।

इससे मैक्कार्थी के विरोध में कुल 216 वोट पड़े। वहीं रिपब्लिकन पार्टी के बाकी 210 सांसदों ने मैक्कार्थी के पक्ष में वोट दिया। अमेरिका के इतिहास में ये पहली बार हुआ है जब सत्ता में मौजूद पार्टी ने हाउस स्पीकर के खिलाफ वोट डालकर उन्हें पद से हटाया है। इसके बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मैक्कार्थी ने कहा कि वो दोबारा पद के लिए खड़े नहीं होंगे।

### मैक्कार्थी के करीबी मैकहेनरी बने अंतरिम स्पीकर

अमेरिका का हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स



के स्पीकर का पद करीब 1 हफ्ते तक खाली रहेगा। रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने बताया कि वो 10 अक्टूबर को मिलकर नए स्पीकर पर चर्चा करेंगे। इसके बाद 11 अक्टूबर को वोटिंग होगी। नए स्पीकर के चुनाव तक नॉर्थ कैरोलिना के पैट्रिक मैकहेनरी को अंतरिम स्पीकर चुना गया है। वे मैक्कार्थी के काफी करीबी माने जाते हैं।

### मैक्कार्थी को हटाने की पहल क्यों हुई

दरअसल, अमेरिका में शटडाउन को टालने के लिए फंडिंग बिल लाया गया था। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से इसे पास कराने में मैक्कार्थी ने अहम भूमिका निभाई थी। इस वजह से मैट गेट्ज सहित कुछ रिपब्लिकन सांसद उनसे नाराज थे। ऐसे में उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेता के खिलाफ प्रस्ताव लाने का फैसला किया।

मैक्कार्थी रिपब्लिकन पार्टी के नेता हैं। ऐसे में रूलिंग पार्टी ने उन्हें पद से हटाने का अच्छा मौका देखते हुए मैक्कार्थी के खिलाफ वोट किया। इसी के साथ मैक्कार्थी 269 दिन अमेरिका के हाउस स्पीकर रहे। उन्होंने 7 जनवरी को ये पद संभाला था।

### 17 नवंबर शटडाउन रोकने की आखिरी तारीख

स्पीकर का पद खाली होने से अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में लैजिस्लेटिव कामकाज रुक गया है। दूसरी तरफ, अगर अमेरिकी कांग्रेस ने फंडिंग को नहीं बढ़ाया तो 17 नवंबर को एक और सरकारी शटडाउन की समय सीमा समाप्त हो जाएगी।

## तुर्की ने 37 पीकेके संदिग्धों को हिरासत में लिया, अन्य दो अन्य को किया ढेर

**अंकारा।** तुर्की सुरक्षा बलों ने बुधवार को प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) से गैरकानूनी संबंधों के मद्देनजर कम से कम 37 लोगों को हिरासत में लिया और आतंकवाद विरोधी अभियानों के तहत अन्य दो संदिग्धों को ढेर कर दिया। एक कैबिनेट मंत्री ने यह जानकारी दी। तुर्की सरकार ने रविवार को राजधानी अंकारा में आत्मघाती हमले के बाद देश भर में बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया है और उत्तरी इराक में पीकेके के ठिकानों पर दो हवाई हमले किए हैं। दो हमलावरों ने तुर्की के गृह मंत्रालय की इमारत के सामने बम हमले का प्रयास किया, जिसमें दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा कि हमलावरों में से एक की पहचान पीकेके के सदस्य के रूप में की गई है, जिसे तुर्की द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली

गुरुवार 05 अक्टूबर 2023

Www.gauravshalibharat.com


## शार्ट न्यूज

### सिक्किम की स्थिति की समीक्षा की

नयी दिल्ली। कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति ने बुधवार शाम एक बैठक में बाढ़ग्रस्त सिक्किम में स्थिति की समीक्षा की। सिक्किम के मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया और समिति को राज्य की ताजा स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने समिति को राज्य सरकार के राहत और बचाव उपायों से संबंधित प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी। केन्द्रीय गृह सचिव ने बताया कि केंद्र सरकार स्थिति पर चौबीस घंटे नजर रख रही है। साथ ही गृह मंत्रालय के दोनों नियंत्रण कक्ष भी स्थिति पर नजर रख रहे हैं और हर संभव मदद दी जा रही है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की तीन टीमें तैनात कर दी गई हैं और अतिरिक्त टीमें गुवाहाटी और पटना में तैयार हैं। बचाव कार्यों और सुविधाओं को बहाल करने के प्रयासों में राज्य की सहायता के लिए सेना और वायु सेना की पर्याप्त संख्या में टीमें तैनात की जा रही है। केंद्रीय एजेंसियों और सिक्किम सरकार के राहत और बचाव उपायों की समीक्षा करते हुए कैबिनेट सचिव श्री गौबा ने इस बात पर जोर दिया कि चुंगथांग बांध की सुरंग में फंसे लोगों और पर्यटकों को निकालने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की अतिरिक्त टीमों को तैनात किया जाना चाहिए और सड़क, दूरसंचार और बिजली आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल की जानी चाहिए।

### राजनाथ ने रक्षा क्षेत्र के लिए पांचवीं स्वदेशीकरण सूची जारी की

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढावा देने की दिशा में आज एक और बड़ा कदम उठाते हुए 98 रक्षा साजो सामान की पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची जारी की। सूची में शामिल सामान का अब आयात नहीं किया जायेगा और इन्हें निश्चित समय सीमा में देश में ही बनाया जायेगा। सिंह ने बुधवार को यहां रक्षा और नवाचार के क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देने के लिए, नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन के दो दिवसीय सेमिनार 'स्वावलंबन' के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए यह सूची जारी की। इस सूची में अत्यधिक जटिल सिस्टम, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद जैसे सामानों को शामिल किया गया है। इन सभी वस्तुओं को रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 में के प्रावधानों के अनुसार अलग-अलग समय-सीमा में स्वदेशी स्रोतों से खरीदा जाएगा। रक्षा मंत्री ने इस मौके पर दसवीं रक्षा भारत स्टार्ट-अप चुनौतियां और रक्षा उद्योग के लिए 76 चुनौतियों के कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। उन्होंने भारतीय नौसेना का अद्यतन स्वदेशीकरण रोडमैप स्वावलंबन 2.0 भी जारी किया। सेमिनार के दूसरे दिन रोडमैप की बारीकियों को समझाने के लिए उद्योग के लिए एक विशेष इंटरैक्टिव सत्र की योजना बनाई गई है।

### तेजस रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की भारत की यात्रा का प्रतीक : अजय भट्ट

नयी दिल्ली/बेंगलुरु। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा है कि हल्का लड़ाकू विमान तेजस रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तेजस का विनिर्माण कार्यक्रम विदेशी विमानों पर देश की निर्भरता को कम करने की प्रतिबद्धता का शानदार उदाहरण रहा है, और यह आत्मनिर्भर भारत के लिए आशा की किरण के रूप में काम करता है। भट्ट बुधवार को बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा वायु सेना को तेजस ट्विन सीटर विमान सौंपने के मौके पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि तेजस कार्यक्रम निरंतर समर्पण और नवाचार की एक प्रेरक गाथा रही है। इस विमान की शुरुआत भारतीय वायु सेना को ए विश्व स्तरीय स्वदेशी लड़ाकू विमान से लैस करने के सपने में निहित थी। शुरुआत में कई लोगों का मानना था कि यह बहुत महत्वाकांक्षी सपना था, लेकिन हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए), डीआरडीओ प्रयोगशाला, सीईएमआईएलएसी, डीजीएक्यूए, पीएसयू, वायु सेना और अनगिनत अन्य संस्थानों के कर्मचारियों तथा इस कार्यक्रम में योगदान देने वाले व्यक्तियों ने साबित कर दिया कि जब देश का हित पहले आता है, तो कुछ भी असंभव नहीं है और सभी संस्थान इस महत्वपूर्ण उद्देश्य को पूरा करने के लिए एक साथ आए।

### हरियाणा पुलिस में 441 उप निरीक्षकों की भर्ती, पुलिसकर्मियों के भत्तों में वृद्धि

करनाल। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को कहा कि पुलिस सेवा केवल रोजगार नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और देश के प्रति सेवा का सम्मान है तथा उन्हें सदैव अपनी वर्दी का सम्मान रखते हुए जन सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करना चाहिए। खट्टर ने यहां मधुबन में हरियाणा पुलिस अकादमी में आयोजित प्रोबेशनर उप निरीक्षकों की दीक्षांत परेड का निरीक्षण करने के बाद अपने सम्बोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए कि पुलिस बल का सम्मान बना रहे। इस समारोह में बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री ने प्रोबेशनर उप निरीक्षक बैच संख्या-20 में प्रथम रहे उप निरीक्षक सचिन कुमार, द्वितीय स्थान पर रहे मंजीत और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीना को प्रशंसा पत्र और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आज के दीक्षांत समारोह में कुल 441 प्रोबेशनर उप निरीक्षक ने कर्तव्य परायणता की शपथ ली और जन सेवा के लिए स्वयं को समर्पित किया। इनमें 380 पुरुष तथा 61 महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पुलिस अधिकारियों की पदोन्नति होती है और वर्दी पर स्टार बढ़ते जाते हैं, उसी प्रकार पुलिस थानों की भी स्टार रैंकिंग होनी चाहिए।

### रेड क्रॉस सोसाइटी को 68 यूनिट रक्त दान

गांधीनगर। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) ने रेड क्रॉस सोसाइटी को 68 यूनिट रक्त दान किया और थैलेसीमिया मुफ्त स्क्रीनिंग परीक्षण भी आयोजित किया गया है। आरआरयू की ओर से बुधवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आरआरयू और रेड क्रॉस सोसाइटी ने रक्तदान शिविर और थैलेसीमिया मुफ्त स्क्रीनिंग परीक्षण आयोजित करने के लिए हाथ मिलाया है। यह कार्यक्रम आरआरयू के तीसरे स्थापना दिवस की स्मृति में आयोजित किया गया था, जो हाल ही में हुआ था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और थैलेसीमिया से प्रभावित व्यक्तियों को सहायता प्रदान करना था। रक्तदान शिविर और थैलेसीमिया स्क्रीनिंग टेस्ट एक ऐसी पहल थी जिसका उद्देश्य दाताओं के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करते हुए रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने के महान उद्देश्य को बढ़ावा देना था। रक्तदान के इस कार्यक्रम ने छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों को इस मानवीय प्रयास में योगदान करने का अवसर प्रदान किया। शिविर के दौरान, रेड क्रॉस सोसाइटी, अहमदाबाद के प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवरों ने इच्छुक प्रतिभागियों से रक्तदान एकत्र किया। दान किए गए रक्त को उनके उपयुक्तता सुनिश्चित करने के लिए थैलेसीमिया-मुक्त स्क्रीनिंग परीक्षण से गुजरना पड़ा।

### मेडिकल कॉलेज बन जाने से प्रदेश के चिकित्सालय में पूर्ति होगी: तोमर

मुरैना। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि मुरैना मेडिकल कॉलेज बन जाने से बड़ी संख्या में एमबीबीएस डॉक्टर निकलेंगे। इन डॉक्टरों की पूर्ति प्रदेश के सभी चिकित्सालयों में की जायेगी। तोमर बुधवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण मुरैना में आयोजित मेडीकल कॉलेज के भूमिपूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुरैना में 30वें मेडीकल कॉलेज की स्थापना हो रही है। कार्यक्रम का वर्चुअल संबोधन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट जिले से किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्षा आरती गुर्जर, अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना, पूर्व मंत्री रूस्तम सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, वरिष्ठ नेता नागेन्द्र सिंह तिवारी, हमीर सिंह पटेल, वल्लभ सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। तोमर ने कहा कि आज मुरैना में मेडीकल कॉलेज का शिलान्यास होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003-2004 में जब हमारी सरकार आई थी उस समय पूरे मध्यप्रदेश में चार मेडीकल कॉलेज थे। अब सभी के आशीर्वाद से 30वें मेडीकल कॉलेज का शिलान्यास मुरैना में होने जा रहा है।

# जन आंदोलन उत्पन्न करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा 'स्वच्छता ही सेवा अभियान'



अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल नालंदा स्थित रासबिहारी इंटर स्तरीय विद्यालय नालंदा एवं आचार्य शीलभद्र की भूमि सिलाव श्री गांधी +2 इंटर स्तरीय विद्यालय सिलाव, नालंदा में भारतीय स्वच्छता लीग एवं स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत अपने नगर पंचायत को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए नगर पंचायत नालंदा, सिलाव, पावापुरी एवं राजगीर के ब्रांड एंबेसडर लोक गायक भैया अजीत ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का गूढ मंत्र देते हुए कहा कि अपने नगर पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए बुद्धिजीवी, समाजसेवी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं को आगे आना होगा। सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जन आंदोलन उत्पन्न करने के उद्देश्य से इस वर्ष 15 सितंबर से 2अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत, कचरा मुक्त भारत बनाना है , जिसका फोकस दृश्य स्वच्छता और सफाई मित्रों के कल्याण पर है। पिछले वर्षों की तरह स्वच्छता गतिविधियों की भावना स्वैच्छिकता/श्रमदान है। इन स्वच्छता अभियानों का ध्यान बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पर्यटक स्थलों, ऐतिहासिक स्मारकों, विरासत स्थलों पर स्वच्छता कायम करना है भैया अजीत ने रासबिहारी इंटर स्कूल नालंदा के 821 छात्र-छात्रा एवं श्री गांधी +2 इंटर स्तरीय विद्यालय सिलाव के 431 छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का शपथ दिलाया द्य भैया अजीत ने स्वच्छता के साथ-साथ खाने पीने के सामानों को ढक कर एवं गंदगी से होने वाले बीमारियों के बारे में गीत के माध्यम से बताया।

गीत –

1. चलो समझावे के, सब के बतावे के
तनी ध्यान दिह हो –2
चलाल बस साफ सफाई अभियान तनी
ध्यान दिह हो –2 ...........
2. साफ सफाई के, मंत्र बताएं, सुन ये
भैया सब, ध्यान लगाई
अपन दोस्त के दिह बताइ
पहले जरूरी बा साफ सफाई
ना त बीमारी हम सबके सताई
हले जरूरी बा ..................

आदि गीतों के माध्यम से खूब झुमाया भैया अजीत ने कहा कि कल दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को नालंदा रेलवे स्टेशन, नालंदा मोड, नालंदा खंडहर के पास श्रमदान किया जाएगा एवं 2 अक्टूबर 2023 को नालंदा स्थित बड़गांव तालाब के पास सभी सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम मेंवार्ड पार्षद प्रतिनिधि लाल बहादुर प्रसाद, नगर पंचायत नालंदा से कुंदन कुमार, मो.अरमान, रासबिहारी विद्यालय के प्रभारी अनिरुद्ध प्रसाद, डॉ पद्मावती पूनम, लेफ्टिनेंट राकेश रंजन पांडे, मुकेश चंद्र पांडे, रविंद्र कुमार यादव, मोहम्मद खालिद हुसैन, नीलम कुमारी, शैलेंद्र प्रसाद, श्री गांधी +2 इंटर स्तरीय विद्यालय सिलाव के प्रधानाध्यापिका रेणु कुमारी,विजय कुमार द्विवेदी,अश्विनी कुमार उपाध्याय,सरिता सिन्हा, अंजू कुमारी, संगीता कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# यूनिसेफ की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर ने योगी से की मुलाकात



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदियनाथ से बुधवार को संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर कैथरीन रसल ने मुलाकात की। यूनिसेफ की पांच सदस्यीय दल के साथ रसल ने मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश में बाल अधिकारों को प्रोत्साहित एवं संरक्षित करने से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

इस दौरान यूनिसेफ ग्लोबल की चीफ ऑफ स्टाफ और निदेशक किर्सी मैंडी, भारत में यूनिसेफ की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्रे, यूनिसेफ यूपी के प्रमुख जकारी एडम और यूनिसेफ यूपी के प्रोग्राम मैनेजर अमित मल्होत्रा भी मौजूद रहे।

इसके अलावा इस अवसर पर प्रदेश सरकार की ओर से सचिव बाल विकास पुष्टाहार भी मौजूद रहे। बता दें कि यूनिसेफ दुनिया के 190 से अधिक देशों में कठिन स्थानों में रह रहे जरूरतमंद बच्चों और युवाओं के लिए कार्य करती है। यूनिसेफ बाल अधिकारों को प्रोत्साहित करने और उनके संरक्षण के लिए विभिन्न सरकारों के साथ मिलकर कार्य करती है।

# धनखड़ ने लोक सेवकों से प्रेरक, परिवर्तन के केंद्र बनने को कहा



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवा लोक सेवकों से विनम्रता, सद्गुण और खुलापन अपनाने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि उन्हें प्रेरक तथा परिवर्तन का केंद्र बनना चाहिए। धनखड़ ने उप राष्ट्रपति निवास पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2021 बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे ऐसे समय में सार्वजनिक सेवा में प्रवेश कर रहे हैं जब देश में परिवर्तनकारी परिवर्तन हो रहे हैं। राष्ट्रीय प्रगति के लिए महत्वपूर्ण मानव संसाधन के रूप में लोक सेवकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि अमृत काल में उनका योगदान 'गेम-चेंजर' साबित होगा।

उप राष्ट्रपति ने लोक सेवकों से 'प्रेरक और परिवर्तन का केंद्र' बनने का आग्रह किया क्योंकि नागरिक उन्हें आदर्श के रूप में देखेंगे।

उन्होंने कहा कि इस वर्तमान परिदृश्य में प्रत्येक युवा व्यक्ति अपने सपनों और आकांक्षाओं को साकार कर सकता है। उन्होंने देश की हालिया उपलब्धियों का उल्लेख किया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि शासन चलाने और निर्णय लेने में भाग लेकर तथा बड़े वैश्विक कल्याण के लिए अपनी मातृभूमि की सेवा करेंगे।

धनखड़ ने कहा कि आज अधिकारियों के पास एक ऐसा तंत्र है जहां कानून का शासन, जवाबदेही और पारदर्शिता मार्गदर्शक सिद्धांत हैं, जो उन्हें व्यापक सार्वजनिक हित के लिए प्रभावी ढंग से काम करने में सक्षम बनाएगा।

## मुद्दा कनहर सिंचाई परियोजना के विस्थापितों का

# जिलाधिकारी ने अधिकारियों व विस्थापितों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

सोनभद्र । जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में कनहर सिंचाई परियोजना अमवार के विस्थापितों की समस्याओं के निस्तारण हेतु कनहर परियोजना के अधिकारियों व विस्थापित क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। डीएम ने कनहर परियोजना के अधिकारियों और विस्थापित क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न समस्याओं पर बिन्दुवार जानकारी ली जिसके दौरान विस्थापित क्षेत्र के प्रतिनिधि ने अपने मुद्दे और माँग मुखरित किये। विस्थापित क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था हेतु विद्यालय संचालन की उठी बात पर जिलाधिकारी ने बताया कि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है जिसके संचालन की प्रक्रिया को प्रारंभ करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जायेगा। कनहर विस्थापित क्षेत्र में सरकारी सस्ते



गल्ले की दुकान के संचालन हेतु स्थान चिन्हित कर मॉडल राशन की दुकान के निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ करने के सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किये डीएम ने और कनहर विस्थापित क्षेत्र में बिजली खंभों पर स्ट्रीट लाईटें लगाये जाने के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी दुद्धी को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिशासी अभियन्ता विद्युत से समन्वय स्थापित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

विस्थापित क्षेत्र में लोगो को अन्त्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी दुद्धी को निर्देशित करते हुए कहा डीएम ने कि क्षेत्र में अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों की पात्रता की जॉच अभियान चलाकर करायी जाय तथा इस दौरान यदि अपात्र अन्त्योदय के राशन कार्ड धारक पाये जाते हैं तो उनके राशन कार्ड को निरस्त करते हुए विस्थापित क्षेत्र के लोगों को अन्त्योदय कार्ड से लाभान्वित किया जाय। विस्थापित क्षेत्र में नियमानुसार एवं आवश्यकता के अनुरूप सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य कराया जाये, जिससे विस्थापित क्षेत्र के लोगों को शौचालय की समस्याओं का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कनहर परियोजना क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कनहर विस्थापित क्षेत्र से सम्बन्धित जो भी समस्याएं हैं, उसका निराकरण सम्बन्धित अधिकारीगण ससमय सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुभाष चन्द्र यादव, उप जिलाधिकारी दुद्धी सुरेश राय, अधिशासी अभियन्ता कनहर सिंचाई परियोजना बिनोद कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# मांगे नहीं मानी तो 12 अक्टूबर को देशव्यापी आंदोलन होगा : गुर्जर समाज

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय युवा गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह भाटी ने बुधवार को ऐलान किया कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गयी तो 12 अक्टूबर को देशव्यापी आंदोलन और जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

भाटी यहां प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि मध्यप्रदेश के ग्वालियर स्थित फूलबाग मैदान में गत 25 सितंबर को प्रशासनिक अधिकारी द्वारा गुर्जरों पर किए गए तानाशाही रवैये, जातिवादी मानसिकता और पुलिसिया उत्पीड़न (आंसू गैस के गोले, रबड़ की गोलिया, लाठी डंडो से बुजुर्गों पर हमला आदि) के खिलाफ और अपनी मांगों को लेकर गुर्जर समाज 12 अक्टूबर को जेल भरो आंदोलन शुरू करेगा। अगर इस दौरान कोई अनहोनी घटित होती हैं तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मध्य प्रदेश सरकार व प्रशासन की होगी।

एडवोकेट दिवाकर बिधूडी गुर्जर,अध्यक्ष गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस



प्रशासन का तानाशाही रवैया का स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि बहन बेटियों की गिरफ्तारी कर उन्हें थानों में बेइज्जत किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन बेकसूर लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज कर उनसे अवैध वसूली कर रहा है। युवाओं के खिलाफ मामले दर्ज कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

अंतराम तँवर ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार इस तानाशाही रवैया को तुरंत बंद करे। हम अपनी मां बहनों और अपने समाज की बेज्जती बर्दास्त नही करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक गुंडागर्दी और तानाशाही चरम पर है। समाज के शांतिपूर्ण अंहिसात्मक आंदोलन को अंग्रेजी शासन की भांति निहत्थे युवाओं पर बंदूक ताने खड़े पुलिसकर्मियों को वायरल वीडियो फुटेज में साफ देखा जा सकता है।

प्रशासन द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न की बात सरगम लोहिया जी ने रखी। उन्होंने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक गुर्जरों का शोषण चरम पर है ऐसे में राष्ट्रीय युवा गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति ग्वालियर के गुर्जर समाज के साथ खड़ी है। यदि जल्द ही ग्वालियर प्रशासन और मध्यप्रदेश सरकार ने बेगुनाह लोगो के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमें खत्म नहीं किये, अवैध उगाही और उत्पीड़न के लिए की जा रही छापे मारी बंद नहीं की और गिरफ्तार लोगों को रिहा नहीं किया तो 12 अक्टूबर को देश के विभिन्न प्रांतों से आये हजारों गुर्जरों द्वारा ग्वालियर में लाखों की संख्या में जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। यहीं नहीं अगर उनकी मांगे नहीं मानी गई तो यह आंदोलन देशव्यापी भी होगा।

## ओबीसी कोटा को खतरे में डाले बिना मराठों को आरक्षण दें

मुंबई। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) (अजित पवार गुट) के अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे ने स्पष्ट किया कि मराठा समुदाय के लिए आरक्षण पर उनकी पार्टी की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को खतरे में डाले बिना मराठों को आरक्षण दिया जाना चाहिए। तटकरे ने कहा कि वह सरकार से बिहार की तर्ज पर जातिवार जनगणना कराने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि मराठा समुदाय के सदस्य केवल आज ही आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। वास्तव में, आज सभी समुदाय आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज एक अलग स्थिति में महाराष्ट्र में आरक्षण को लेकर एक तरह के असंतोष की तस्वीर बन रही है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कुल मिलाकर माहौल यह है कि उन्हें आरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन किसी और के हिस्से से नहीं।

# सिसोदिया की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछे सवाल

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से गुरुवार तक यह बताने को कहा कि जिस राजनीतिक दल को दिल्ली शराब नीति घोटाले में लाभार्थी बताया जा रहा है, उसे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोपी क्यों नहीं बनाया गया?

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वी एन भट्टी की पीठ ने ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से पूछा कि पूरा मामला यह है कि पैसा एक राजनीतिक दल को गया और वह राजनीतिक दल अभी भी आरोपी नहीं है।

पीठ ने राजू से पूछा,आपके अनुसार, यदि पार्टी घोटाले की लाभार्थी है तो उसे आरोपी क्यों नहीं बनाया गया।

शीर्ष अदालत ने यह सवाल आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल से पूछा।

पीठ ने आगे कहा कि जहां तक नीतिगत फैसले का सवाल है, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तभी लागू होगा जब रिश्वतखोरी या बदले की भावना का कोई तत्व हो।

पीठ के समक्ष श्री सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी ने जमानत देने की गुहार लगाते हुए दलील कि उनके मुवक्किल के खिलाफ एक भी पैसे का लेन-देन नहीं पाया गया है और मौजूदा विधायक होने के नाते उनके भागने का खतरा भी नहीं है।

उन्होंने कहा,बाकी सभी (आरोपियों) को जमानत मिल गई है। दुर्भाग्य से उन्हें (सिसोदिया) जमानत नहीं मिली।

इस मामले में ईडी ने श्री सिसोदिया को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति बनाने और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के लिए धन शोधन और भ्रष्टाचार का आरोपी बनाकर 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था, तब से वह तिहाड़ जेल में बंद हैं।

# पंजाब में खालिस्तान बनेगा या ईसाईस्तान ? : ठाकुर दलीप सिंह जी

वर्तमान परिस्थितियों में खालिस्तान संबंधी अपने विचार व्यक्त करते हुए नामधारी ठाकुर दलीप सिंह जी ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो जी के बयान के कारण खालिस्तान का मुद्दा इस समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में है। पंजाब में खालिस्तान बनाने की मांग करने वाले खालसा जी! पंजाब तो ईसाईस्तान बनता जा रहा है। यदि सिखी प्रचार को बढ़ाकर, ईसाईअत को रोका नहीं गया; तो 2047 तक वर्तमान पंजाब पूर्ण रूप से 'ईसाई' बन जाएगा। इस समय पंजाब में हजारों की गिनती में गिर्जा (चर्च) बन चुके हैं। ईसाइयों की अधिक गिनती होने के कारण, उन्होंने पंजाब में अपना एक राजनीतिक दल 'यूनाइटेड पंजाब पार्टी' भी बना लिया है। पाकिस्तान की सीमा से लगे गुरदासपुर जैसे कई जिले तो पूर्ण रूप से ईसाई बन चले हैं। क्या फिर आप, ईसाई बहु-गिनती वाले क्षेत्र को 'खालिस्तान' कहेंगे? पंजाब में ईसाइयों के बड़े समागम में जितनी गिनती होती है, खालसा जी के पाँच बड़े समागमों को मिलाकर भी उतनी बड़ी गिनती कभी नहीं होती।

आज, पंजाब का बहुत बड़ा भाग ईसाई हो चुका है और पंजाब में ईसाईयत दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। खालसा जी के मुख्य अस्थान श्री अकाल तख्त साहिब, हरिमंदिर साहिब तथा शिरोमणि कमेटी के मुख्य अस्थान वाले पवित्र शहर: श्री अमृतसर साहिब में भी इसाइयत छा चुकी है तथा दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यदि इसी तीव्र गति से खालसे, ईसाई बनते रहे; तो कुछ समय तक, पंजाब में खालसा तो गोता लगाकर ढूँढने पर भी नहीं मिलेंगे। ईसाई बनने वाले सभी लोग- कभी खालसे थे; जो अब ईसाई बन चुके हैं। क्योंकि, हम खालसा ने, उन ईसाई बनने वाले अपने लोगों को संभाला नहीं और न ही खालसा पंथ का प्रचार किया। जितनी शक्ति व पैसा- हम खालसा ने, खालिस्तान बनाने के आंदोलन में निवेश किया है; यदि कहीं उतनी शक्ति व पैसा, 'खालसे' के प्रचार-प्रसार में लगाया गया होता; तो वह लोग ईसाई बनते ही न। या, ईसाई बन चुके लोग भी, आज तक वापिस खालसे बन चुके होते। खालिस्तान की मांग को लेकर, जो 25000 के करीब कीमती जीवन गए, वह भी न जाते।

ठाकुर दलीप सिंह जी ने टिप्पणी करते हुए कहा कि खालसा पंथ के आगू, खालिस्तान के बड़े आगू और खालसा पंथ की सभी बड़ी संस्थाएं- कभी भी ईसाइयों का विरोध नहीं करते। परन्तु, जिस भारत देश में, सिख गुरु साहिबान तथा खालसा पंथ प्रगट हुए; उस भारत देश का विरोध अवश्य करते हैं। यहाँ तक कि, जिन हिन्दू परिवारों में हमारे गुरु जी प्रगट हुए तथा जिन हिन्दुओं में से खालसा पंथ बना; उन हिंदुओं का सदैव विरोध ही करते हैं। खालिस्तान की लहर चलाकर, भारत सरकार से टक्कर लेने की बात तो अवश्य करते हैं; परंतु, पाकिस्तान से टक्कर लेकर, उनसे ननकाना साहिब आदि क्षेत्र लेने की बात नहीं करते। यही खालसे वीर, ईसाइयत को रोकने और सिख पंथ का प्रचार बढ़ाने के लिए भी कुछ नहीं करते हैं। यदि खालसे ने अपना प्रचार बढ़िया ढंग से किया होता; तो पंजाब में ईसाईयत प्रवेश कर ही नहीं सकती थी।

पंजाब के लोगों को पुन: खालसा बनाने के लिए सुझाव देते हुए ठाकुर जी ने कहा खालसा जी! खालिस्तान बनाने से पहले, पंजाब को ईसाईस्तान बनने से रोकिए। पंजाब के सभी लोगों को पहले 'खालसे' बनाओ। खालसे का इसाइयत में धर्म परिवर्तन रोकने के लिए, ईसाइयों का विरोध करने की बजाय; सिखी का प्रचार पूरी तीव्रता से, ईसाइयों की तरह बढ़िया ढंग अपनाकर ही होना चाहिए। क्योंकि, विरोध करने से हिंसा तथा घृणा फैलती है। पंथ घृणा से नहीं; प्रेम, प्रचार तथा सेवा से बढ़ेगा। प्रचार तथा प्रेम से ही, लोगों को पुन: खालसा बनाया जा सकता है।

ठाकुर जी ने यह भी कहा कि भारत से, खालिस्तान के लिए जमीन का एक टुकड़ा निकालने से पहले खालिस्तानी वीरों को; खालिस्तान बनाने के लिए पाकिस्तान में से ननकाना साहिब, पंजा साहिब आदि क्षेत्र भी ले लेने चाहिए। ताकि, खालसे के सभी मुख्य गुरुद्वारे खालिस्तान में आ सकें।

CMYK CMYK CMYK CMYK